seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

खुद पर विश्वास करो, क्योंकि यही सफलता की पहली सीढ़ी है।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 316 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 20 नवम्बर, 2026



दूसरा टेस्ट; श्रीलंका टीम मुश्किल में 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

सीईटी 12वीं स्तर के 26 नवंबर को जारी होंगे एडमिट कार्ड

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने समान पात्रता परीक्षा सीनियर सेकेंडरी (12वीं स्तर) 2026 का विस्तृत कार्यक्रम और प्रवेश-पत्र जारी करने की तिथि घोषित कर दी है। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, अभ्यर्थियों के प्रोविजनल ई-एडमिट कार्ड 26 नवंबर को जारी किए जाएंगे, जबकि परीक्षा सिटी स्लिप 21 नवंबर को उपलब्ध होगी। सीईटी 12वीं स्तर की परीक्षा 1, 2 और 3 दिसंबर को प्रतिदिन दो पारियों (सुबह 10:00 से 12:30 बजे और दोपहर 3:00 से 5:30 बजे) में ऑफलाइन आयोजित होगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश-पत्र डाक से नहीं भेजे जाएंगे। अभ्यर्थी sso.rajasthan.gov.in या एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर गेट एडमिट कार्ड विकल्प के माध्यम से आवेदन संख्या, जन्मतिथि या पासवर्ड दर्ज कर अपना हॉल टिकट डाउनलोड कर सकेंगे।

पीसीएस के परिणाम पर रोक

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने भर्ती अनियमितताओं के आरोपों पर सुनवाई करते हुए पंजाब सिविल सेवा परीक्षा (पीपीएससी) की मुख्य परीक्षा के परिणाम पर 16 दिसंबर तक रोक लगा दी है। साथ ही साक्षात्कार प्रक्रिया भी स्थगित कर दी गई है। अदालत ने भर्ती से जुड़े रिकॉर्ड तलब किए हैं। याचिकाकर्ताओं ने चयन प्रक्रिया, परीक्षा सुरक्षा और एक ही केंद्र से अधिक चयन पर सवाल उठाए हैं। आयोग ने आरोपों को निराधार बताया है।

ऑनलाइन ड्रग नेटवर्क का खुलासा

अहमदाबाद। साइबर क्राइम पुलिस ने 24 डार्क वेब वेबसाइटों और पांच टेलीग्राम ग्रुपों के जरिए चल रहे ऑनलाइन ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इन प्लेटफॉर्म पर कोकीन, हेरोइन, फेंटानिल, एमडीएमए, केटामाइन और कैनबिस जैसे मादक पदार्थों की बिक्री की जा रही थी। पुलिस ने एनडीपीएस और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। नेटवर्क में भुगतान के लिए यूपीआई, गिफ्ट कार्ड और क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल किया जा रहा था। संचालकों की पहचान के लिए जांच जारी है।

पत्नी ने करवाई थी हत्या, गिरफ्तार

बहरोड़। सदर थाना क्षेत्र के बडोंद में हुई ब्लाइंड मर्डर की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी सतवीर सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी ने प्रेमी राजेश उर्फ राजू मिस्त्री और शमशेर उर्फ शिवा के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों ने वारदात को सड़क हादसे का रूप देकर बीमा क्लेम लेने की योजना बनाई थी। पुलिस मामले में आगे जांच कर रही है।

चेन्नई में 71 किलो हेरोइन जब्त

चेन्नई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने चेन्नई में 71 किलोग्राम हेरोइन जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। डीआरआई के मुताबिक ये 2026 की सबसे बड़ी जब्ती है। यह मादक पदार्थ समुद्री मार्ग से श्रीलंका ले जाने का प्रयास किया जा रहा था।

पुलिस ने बच्ची को सकुशल ढूंढ़ा

जयपुर। सिंधी कैंप बस स्टैंड पर अनजान व्यक्ति पर भरोसा करना एक पिता को भारी पड़ गया। हाथरस जा रहे मनोज कुमार जाटव ने साथ बैठे पप्पू जाटव के पास अपनी ढाई साल की बेटी छोड़कर सामान लेने गया, लेकिन लौटने पर बच्ची और पप्पू दोनों गायब मिले। सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और जांच के आधार पर आरोपी को मुरलीपुरा स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया।

राजस्थान की 30 से 32 जिला परिषदों में प्रमुख और 300 से अधिक पंचायत समितियों में प्रधान बनाने का लक्ष्य, निर्दलीयों पर भी निगाह

राजनीति; जिला प्रमुख-प्रधान की कुर्सियों पर भाजपा की नजर, शुरू हुआ 'मैनेजमेंट' अभियान

जयपुर।

निकाय चुनाव के बाद अब राजस्थान भाजपा ने पंचायत चुनाव में सत्ता के समीकरण साधने की कवायद तेज कर दी है। पार्टी की नजर जिला प्रमुख और पंचायत समिति प्रधान की कुर्सियों पर है। आंतरिक आकलन के अनुसार भाजपा ने 41 जिला परिषदों में से 30 से 32 में जिला प्रमुख बनाने तथा 457 पंचायत समितियों में करीब 300 से 315 स्थानों पर प्रधान बनाने का लक्ष्य तय किया है। हालांकि वास्तविक स्थिति 20 नवंबर को होने वाली मतगणना के बाद स्पष्ट होगी। यह अलग बात है कि श्रीगंगानगर सहित अनेक जिलों में मतगणना अगले माह की जाएगी।

चुनौतीपूर्ण जिलों में वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी

भाजपा के आकलन में करीब एक दर्जन जिलों को चुनौतीपूर्ण माना गया है। इन क्षेत्रों में संभाग और जिला प्रभारियों के साथ वरिष्ठ नेताओं को सक्रिय किया गया है। उनकी जिम्मेदारी स्थानीय समीकरणों पर नजर रखने और निर्वाचित सदस्यों से लगातार संपर्क बनाए रखने की है। जहां स्पष्ट बहुमत की संभावना कम है, वहां निर्दलीय सदस्यों का समर्थन जुटाने की रणनीति भी तैयार की जा रही है।



निर्दलीयों और बागियों पर संगठन की नजर

भाजपा ऐसे निर्दलीय प्रत्याशियों और पार्टी से नाराज होकर चुनाव लड़ने वाले नेताओं पर भी नजर रख रही है, जिनका स्थानीय प्रभाव मजबूत है। संगठन की कोशिश है कि बहुमत के समीकरण कमजोर होने वाले जिलों में समर्थन जुटाया जा सके और निर्वाचित सदस्यों को एकजुट रखा जाए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि निर्दलीय स्वतंत्र होते हैं और वे अपनी इच्छा से मतदान करते हैं। पार्टी दबाव की राजनीति में विश्वास नहीं करती, लेकिन विचारधारा से जुड़े निर्दलीय सदस्य भाजपा के साथ जुड़ सकते हैं।

21 से भाजपा की जिलेवार बैठकों का आयोजन

मतगणना के बाद 21 नवंबर से भाजपा प्रदेश मुख्यालय में जिलेवार बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इनमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन महामंत्री अजेय कुमार और प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया समेत वरिष्ठ नेता चुनावी रिपोर्ट पर चर्चा करेंगे। जिला प्रमुख का चुनाव 25 नवंबर और पंचायत समिति प्रधान का चुनाव 27 नवंबर को होना है। भाजपा नेताओं का कहना है कि चयन निर्वाचित सदस्यों की रायशुमारी और सामूहिक सहमति से किया जाएगा। पार्टी ने दावा किया है कि पंचायत चुनाव में भी उसे व्यापक जनसमर्थन मिलने की उम्मीद है।

मैंने 12 लाख तक आयकर राहत दी, आपने क्या किया : प्रधानमंत्री मोदी

फिक्की के शताब्दी अधिवेशन में कॉरपोरेट जगत को प्रधानमंत्री की फटकार

नई दिल्ली।

फिक्की के 100वें वार्षिक अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग जगत को उसकी जिम्मेदारियों का अहसास कराते हुए कई तीखे सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स में कटौती की, आम करदाताओं को राहत दी, लेकिन क्या इसका लाभ कर्मचारियों और देश की अर्थव्यवस्था तक पहुंचा? पीएम मोदी ने उद्योगपतियों से पूछा कि टैक्स में राहत मिलने के बाद क्या कंपनियों ने कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाई और नई नौकरियां पैदा कीं? प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में बेसिक कॉरपोरेट टैक्स दर 30 प्रतिशत थी, जिसे सरकार ने घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया। वहीं, अब 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं है। उन्होंने उद्योग जगत से सवाल किया, मैंने तो 12 लाख रुपये तक इनकम टैक्स माफ कर दिया, क्या आपने अपने कर्मचारियों की तनख्वाह बढ़ाई? क्या आपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई? उन्होंने कहा कि सरकार कदम उठाती रहे और उद्योग जगत केवल इसका इंतजार करता रहे, यह स्थिति नहीं चल सकती। उन्होंने हल्के अंदाज में फटकार लगाते हुए कहा, 'मोदी जी आप करो, हम देख लेंगे, क्या ऐसा ही चलेगा?'



आत्मनिर्भर भारत व कृषि निवेश पर भी घेरा

पीएम मोदी ने उद्योग जगत से आत्मनिर्भर भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि देश में फार्मा और इस्पात जैसे कई क्षेत्रों में उत्पादन क्षमता होने के बावजूद आयात पर निर्भरता बनी हुई है। उन्होंने सवाल किया कि जब भारत गेहूं का निर्यात कर सकता है तो ब्रेड का आयात क्यों करना पड़ता है? उन्होंने कहा कि उद्योग जगत कृषि क्षेत्र में निवेश से बचता रहा है, जबकि भारत का वैश्विक कृषि व्यापार में हिस्सा अभी भी सीमित है। प्रधानमंत्री ने कंपनियों से अगले 20 वर्षों के निवेश फैसलों में 'इंडिया फर्स्ट' की सोच अपनाने का आह्वान किया।

सुधार चाहिए तो खुलकर बताएं

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार उद्योग जगत के सुझावों के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि बिना किसी संकोच के लिखकर बताएं कि किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार और उद्योग के बीच भरोसे का रिश्ता होना चाहिए।

50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आने का दावा

पीएम मोदी ने भारत की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 12-13 वर्षों में करीब 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है और वस्तु निर्यात भी रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि उद्योग जगत, किसानों, उद्यमियों और हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा : सड़कों पर नहीं बनने चाहिए ब्लैक स्पॉट

देश में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देख कर आँखों में आँसू आ जाते हैं : गडकरी

हैदराबाद। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की उपलब्धियों की सराहना करते हुए सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताई। हैदराबाद के एचआईसीसी में आयोजित 'इंडियन रोड्स कांग्रेस' सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि देश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को देखकर मेरी आंखों में आंसू आ जाते हैं। ये शब्द कहना थोड़ा असहज है, लेकिन यह एक ऐसी कड़वी सच्चाई है जिसे कहना जरूरी है। हर साल लाखों लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें सबसे अधिक संख्या युवाओं की होती है। गडकरी ने खराब सड़क इंजीनियरिंग पर नाराजगी जताते हुए कहा कि परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर दुर्घटनाओं के कारण बनने वाले 'ब्लैक स्पॉट' को खत्म करना हर इंजीनियर की जिम्मेदारी है। 'कनेक्टिंग रोड्स क्रिएटिंग टुमॉरो' थीम पर आयोजित इस सम्मेलन में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी और पोन्नम प्रभाकर भी मौजूद रहे। गडकरी ने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से निवेश को बढ़ावा मिलेगा और आधुनिक तकनीक से निर्माण की गुणवत्ता सुधारी जा रही है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि वर्ष 2047 तक तेलंगाना को तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। 22 दिसंबर तक चलने वाले इस सम्मेलन में देशभर के करीब 3500 विशेषज्ञ और इंजीनियर भाग ले रहे हैं।



बीएस-6 वाहनों के पीयूसी नियम बदले, उम्र के आधार पर तय होगी वैधता

नई दिल्ली। सरकार ने बीएस-6 वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) की वैधता के नियमों में बदलाव किया है। अब पीयूसी प्रमाणपत्र की अवधि वाहन की उम्र और उसके परिवहन या गैर-परिवहन श्रेणी के आधार पर तय होगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 13 नवंबर 2026 को केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन करते हुए नई व्यवस्था लागू की है। नए नियमों के अनुसार छह साल तक पुराने बीएस-6 गैर-परिवहन वाहनों के लिए पीयूसी प्रमाणपत्र तीन साल तक वैध रहेगा। छह से दस साल पुराने वाहनों के लिए हर साल नवीनीकरण जरूरी होगा, जबकि दस साल से अधिक पुराने वाहनों को हर छह माह में नया प्रमाणपत्र लेना होगा। बीएस-6 परिवहन वाहनों के लिए छह साल तक पीयूसी की वैधता दो साल होगी। छह से दस साल पुराने वाहनों के लिए सालाना और दस साल से अधिक पुराने वाहनों के लिए छह माह में नवीनीकरण कराना अनिवार्य रहेगा। बीएस-1, बीएस-2 और बीएस-3 वाहनों के लिए पीयूसी की वैधता तीन माह तथा बीएस-4 वाहनों के लिए छह माह ही रहेगी। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सभी वाहनों के पास अधिकृत एजेंसी से जारी वैध पीयूसी प्रमाणपत्र होना जरूरी है। पुराने प्रमाणपत्रों पर नई व्यवस्था पहली बार नवीनीकरण के समय लागू होगी।

कितनी हत्याओं के बाद जागेगी सरकार? : जूली

अलवर। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। जयपुर में राजगढ़ निवासी कैफे संचालक की हत्या के बाद गुरुवार को मृतक के परिवार से मिलने पहुंचे जूली ने कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और सरकार कानून व्यवस्था संभालने में विफल साबित हो रही है। जूली ने कहा कि शांतिप्रिय माने जाने वाले जयपुर जैसे शहर में सरेआम हत्याएं होना चिंताजनक है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सवाल किया कि आखिर कितनी हत्याओं के बाद सरकार जागेगी। उन्होंने कहा कि युवा अपने सपनों को पूरा करने के लिए स्टार्टअप शुरू करते हैं, लेकिन यदि उन्हें अपराधियों के हाथों जान गंवानी पड़े तो यह प्रदेश की कानून व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि पुलिस अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय पार्षदों और पंचायत समिति सदस्यों को पकड़ने में लगी है। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। पुलिस को अपराध रोकने पर ध्यान देना चाहिए, न कि राजनीतिक गतिविधियों में लगाया जाना चाहिए। जूली ने कहा कि अपराधियों में कानून का डर खत्म हो गया है। आए दिन हत्या, लूट और आत्महत्या जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी अपराधी को सजा मिलने के बाद भी पीड़ित परिवार का खोया हुआ सदस्य वापस नहीं आ सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर जवाब देने की मांग करते हुए कहा कि सरकार को अपराध नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।



मिनिमम बैलेंस शर्त घटी, नौकरी जाने पर निकलेगा पैसा, रिटायरमेंट बाद किस्तों में निकासी

ईपीएफओ के फैसले, पीएफ धारकों को मिलेगी राहत

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की बैठक में पीएफ खाताधारकों के लिए तीन महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इन बदलावों से करोड़ों कर्मचारियों को आपात जरूरतों और रिटायरमेंट के बाद आर्थिक सुरक्षा में मदद मिलेगी।

अब 90 प्रतिशत तक राशि निकाल सकेंगे सदस्य : बैठक में पीएफ खाते में न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता को 25 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद सदस्य अपने खाते की जमा राशि का 90 प्रतिशत तक उपयोग कर सकेंगे। उदाहरण के तौर पर, 10 लाख रुपये जमा होने पर पहले 2.5 लाख रुपये खाते में रखना जरूरी था, जबकि नए नियम के बाद केवल 1 लाख रुपये रखना होगा और 9 लाख रुपये तक निकासी संभव होगी। यह बदलाव बीमारी, शिक्षा, विवाह या अन्य आपात जरूरतों में राहत देगा।



नौकरी छूटने पर दो महीने बाद पूरी निकासी : अब बेरोजगारी की स्थिति में पीएफ राशि निकालने के लिए 12 महीने का इंतजार नहीं करना होगा। सदस्य केवल दो महीने बाद ही पूरी राशि निकाल सकेंगे।

रावला मंडी में पाकिस्तान से आरडीएक्स और हथियार मंगवाने वाला कुलवंत उर्फ सुखा गिरफ्तार, एक लाख का है इनामी

अदालत ने आरोपी को 23 नवंबर तक रिमांड पर सौंपा, पूछताछ से इस संवेदनशील मामले में कई अहम जानकारियां सामने आने की उम्मीद

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक रावला मंडी क्षेत्र के गांव 12 केएनडी में संदिग्ध आरडीएक्स और हथियारों की बरामदगी के मामले में राजस्थान एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) को बड़ी सफलता मिली है। मामले के मुख्य आरोपी कुलवंत उर्फ सूखा को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने पाकिस्तान में बैठे हैंडलर से बातचीत कर हथियारों और विस्फोटक की ड्रॉपिंग करवाने में भूमिका निभाई थी। इस गिरफ्तारी को मामले के पूरे नेटवर्क का खुलासा करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। एटीएस एएसपी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को पंजाब की फिरोजपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे घड़साना न्यायालय में पेश किया गया, जहां एटीएस ने पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड मांगा। अदालत ने आरोपी को 23 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है।



पाक हैंडलर से बातचीत कर करवाई थी ड्रॉपिंग

एटीएस इंस्पेक्टर विनोद सिंह ने बताया कि कुलवंत उर्फ सूखा ने पाकिस्तान में बैठे हैंडलर से बातचीत कर हथियारों और विस्फोटक की ड्रॉपिंग करवाई थी। इस मामले में आरोपी की भूमिका की जांच की जा रही है। उसे पंजाब की फिरोजपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर घड़साना लाया गया और न्यायालय में पेश किया गया। अदालत से 23 नवंबर तक पुलिस रिमांड प्राप्त हुआ है। अब आरोपी से गहन पूछताछ की जाएगी, ताकि पूरे नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

13 अक्टूबर को मिला था 7.75 किलोग्राम संदिग्ध आरडीएक्स

गौरतलब है कि गत 13 अक्टूबर को रावला मंडी क्षेत्र के गांव 12 केएनडी में अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई की थी। इस दौरान पाकिस्तान से आई खेप में करीब 7.75 किलोग्राम संदिग्ध आरडीएक्स बरामद किया गया था। इसके अलावा तुर्की निर्मित दो जिगाना पिस्तौल, चार मैगजीन और 867 कारतूस भी जब्त किए गए थे। सीमावर्ती क्षेत्र में विस्फोटक और हथियारों की इतनी बड़ी खेप मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्थान एटीएस और अन्य जांच एजेंसियां पाकिस्तान से जुड़े संभावित नेटवर्क की पड़ताल में जुट गई थीं।

जलालाबाद ग्रेनेड हमले में भी था नाम

कुलवंत उर्फ सूखा का नाम पंजाब के जलालाबाद में हुए ग्रेनेड हमले के मामले में भी सामने आया था। इस मामले में पंजाब पुलिस की ओर से आरोपी पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। अब राजस्थान एटीएस ने उसे 12 केएनडी में आरडीएक्स और हथियारों की बरामदगी के मामले में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में जांच एजेंसी यह भी पता लगाने का प्रयास करेगी कि पाकिस्तान से भेजी गई खेप को किसने प्राप्त किया, उसे आगे कहां पहुंचाया जाना था और इस पूरे नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। 23 नवंबर तक पुलिस रिमांड के दौरान होने वाली पूछताछ से इस संवेदनशील मामले में कई अहम जानकारियां सामने आने की उम्मीद है।

संभल में उग्र हुए संत: पदयात्रा रोकने पर बैरिकेडिंग तोड़ी



मुरादाबाद।

मां कैलादेवी धाम से हरिहर मंदिर के लिए महंत ऋषि राज गिरी महाराज के नेतृत्व में निकाली गई अंतरराष्ट्रीय हरिहर सेना की पदयात्रा को लेकर संभल में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के बावजूद बड़ी संख्या में संत और श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया गया। पदयात्रा को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थिति को देखते हुए जामा मस्जिद क्षेत्र समेत शहर के प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। निगरानी कैमरों से भी लगातार नजर रखी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय हरिहर सेना ने 19 नवंबर को मां कैलादेवी धाम से हरिहर मंदिर तक पदयात्रा निकालने की घोषणा की थी। प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी, लेकिन संतों और श्रद्धालुओं ने यात्रा शुरू कर दी। हरिहर मंदिर और जामा मस्जिद से जुड़ा विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। हिंदू पक्ष इसे प्राचीन हरिहर मंदिर बताता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे जामा मस्जिद मानता है। मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय तक पहुंच चुकी है। उपजिलाधिकारी विकास चंद्र ने बताया कि एहतियात के तौर पर शहर में चौकसी बरती जा रही है। धारा 163 लागू है और सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है।

सियाम के आंकड़े: जुलाई-सितंबर तिमाही में देश में बिकीं 84 लाख से अधिक गाड़ियां

वाहन बाजार; देश में पहली बार पांच लाख के पार पहुंची कार बिक्री

नई दिल्ली। भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में राज्यों के स्तर पर बिक्री के ताजा आंकड़ों में महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश का दबदबा सामने आया है। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2026) में महाराष्ट्र पैसेंजर और कमर्शियल वाहनों की बिक्री में देश का सबसे बड़ा बाजार रहा, जबकि उत्तर प्रदेश ने दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री में पहला स्थान हासिल किया।



सियाम के अनुसार, इस अवधि में देशभर में सभी प्रमुख वाहन श्रेणियों की कुल बिक्री करीब 84 लाख यूनिट रही। इसमें पैसेंजर वाहन, दोपहिया, तिपहिया और कमर्शियल वाहन शामिल हैं।

पैसेंजर वाहनों में महाराष्ट्र आगे: जुलाई से सितंबर के बीच देश में कुल 13.61 लाख पैसेंजर वाहनों की बिक्री हुई। इसमें महाराष्ट्र 1.65 लाख यूनिट बिक्री के साथ शीर्ष पर रहा। महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक प्रमुख बाजार रहे। क्षेत्रीय स्तर पर पश्चिमी भारत ने सबसे अधिक 4.29 लाख यूनिट की बिक्री में योगदान दिया।

दोपहिया बाजार में यूपी की सबसे बड़ी हिस्सेदारी: दोपहिया वाहनों की बिक्री में उत्तर प्रदेश ने नया रिकॉर्ड बनाया। दूसरी तिमाही में देशभर में 64.33 लाख दोपहिया वाहन बिके, जिनमें अकेले उत्तर प्रदेश में 7.89 लाख यूनिट की बिक्री हुई। इस श्रेणी में महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर रहा, जबकि तमिलनाडु, गुजरात और कर्नाटक भी प्रमुख बाजार रहे।

देश में 3.09 लाख वाहन बिके

ट्रक, बस और अन्य व्यावसायिक वाहनों की बिक्री में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। देश में इस अवधि में कुल 3.09 लाख कमर्शियल वाहन बिके, जिनमें महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 46 हजार यूनिट रही। इसके बाद तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक प्रमुख बाजार रहे। भारतीय वाहन उद्योग ने अक्टूबर में भी शानदार प्रदर्शन किया। पैसेंजर वाहनों की बिक्री पहली बार पांच लाख यूनिट के पार पहुंच गई। कार और एसयूवी की मजबूत मांग को उद्योग के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

गंगनहर का वरीयताक्रम

20 नवम्बर 2026, शुक्रवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत	250	खुलने का समय	बंद होने का समय
ईईए	310 (8)	13 नवम्बर रात्रि 12 बजे	21 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एफ	813 (5)	16 नवम्बर सायं 6 बजे	24 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एलएनपी	1090 (3)	18 नवम्बर सायं 3 बजे	26 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एमके	1188 (3)	18 नवम्बर रात्रि 9 बजे	26 नवम्बर प्रातः 6 बजे
बीबी	1386		
वाई	1417		
जैड	1572		
डी-भागसर	1590		
बीआईएफ+जे	1631		
एच	1938		
पीएस	2098		
केके	2111		20 नवम्बर प्रातः 6 बजे
करणीजी	2441		19 नवम्बर रात्रि 9 बजे
जीजी	2642		18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
नेतेवाला	2663		18 नवम्बर सायं 6 बजे
हिरणावाली	2685		18 नवम्बर सायं 6 बजे
एमएलए	2726		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एमएल	2786		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
फार्म	2847		18 नवम्बर प्रातः 6 बजे
रिड़मलसर	2858		17 नवम्बर सायं 3 बजे
एचएच	2893		17 नवम्बर सायं 3 बजे
आरबी	3163		17 नवम्बर प्रातः 3 बजे
समेजा	3365		16 नवम्बर रात्रि 9 बजे

नोट : गंगनहर में गुरुवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1479 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6610	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	5446
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

गुरुवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 19.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1630.62
पानी की आवक - 6334 क्यूसेक, निकासी- 9600 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1350.54
पानी की आवक- 2874 क्यू., निकासी- 11663 क्यू., बीकानेर - 1998

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

13 नवम्बर से 21 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

मोरजंडा	263	रोड़ांवाली	1189
रतनपुरा	275	नवां-सतीपुरा	1200
नाथवाना	306	संगरिया	1206
प्रतापपुरा	481	भगतपुरा	1244
हरिपुरा	494	सूरतगढ़	1364
दीनगढ़	507	नगराना	1372
सूरतपुरा	516	लीलांवाली	1612
मोडिया	721	भाखरांवाली	1617
लोंगवाला	866	करनीसिंह	1947
पीलीबंगा	1081	मम्मड़खेड़ा	2142
अमरपुरा	1176	जोड़कियां	2222

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8150-6800 (आ. 434 क्विं.), ग्वार 7911-7305 (आ. 367 क्विं.), नरमा 9100-8401 (आ. 2533 क्विं.), सरसों 9557-7700 (आ. 95 क्विं.), कपास 9195-7920 (आ. 90 क्विं.), बाजरा 2780-2612 (आ. 85 क्विं.), गेहूं 2800 (आ. 13 क्विं.), चना 7000 (आ. 40 क्विं.), मक्का 2931-2931 (आ. 175 क्विं.), **गजसिंहपुर:** सरसों 8725-9590, ग्वार 7663-7976, मूंग 7000-8200, नरमा 8601-9126, कपास 8490-8681, गेहूं 2733-3050, **रायसिंहनगर:** सरसों 9304-9650, चना 6641-7163, गेहूं 2650, मूंग 7211-8421, नरमा 8000-9066, कपास 8300-8531, ग्वार 7500-7991, बाजरी 2750, **सब मंडी यार्ड:** गेहूं 2200-3000, सरसों 5500-9530, पीली सरसों 6200-9500, ग्वार 6500-7970, मूंग 5000-8150, नरमा 8000-9181, बाजरी 2000-2751, **श्रीबिजयनगर:** नरमा 9119-8800, ग्वार 8122-7842, मूंग 8371-7800, धान 4411-1831, गेहूं 2871, **जैतसर :** सरसों 9043, मूंग 7000-8450, ग्वार 7841-8032, नरमा 8400-9231, कपास 8491-8991, **घड़साना:** मूंग 8500-7000, नरमा 9185-8700, ग्वार 8000-7750, सरसों 9598-7575, कपास 8550,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1850, गट गोला 425 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1500, आटा (45 किग्रा.) 1460, सूजी 1620, बेसन 9000, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000, **गजसिंहपुर :** ग्वार 8165-7800, सरसों 907

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5700, गुड़ पेड़ी 5600, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 5900, चीनी महाराष्ट्र 5900-6000, चीनी एल 6450, चीनी एस 6000, चीनी गंगानगर।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**



हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं. : कपास 8750, नरमा व्यापारी 9331, बाजरा 2605, ग्वार 7950, मूंग 7660, धान पीआर 2070, धान मुछल 4250, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 8934, गेहूं 2751, ग्वार 8125, **हनुमानगढ़ टाऊन :** कपास 8900, नरमा 9080, बाजरा 2645, ग्वार 7766, मूंग 7900, धान 2200, धान मुछल 4675, **रावतसर :** कपास 8536, नरमा 9000, गेहूं 2751, बाजरा 2650, ग्वार 8281, चना 6900, मूंग 8051, मोठ 8100, सरसों 9529, तिल 19605, अरण्डी 7500, मूंगफली 7700, **नोहर :** बाजरा 1905, ग्वार 7990, चना 7440, मूंग 8150, मोठ 8895, सरसों 8884, तिल 21900, अरण्डी 8000, मूंगफली 6400, **भादरा:** गेहूं 2890, ग्वार 8173, सरसों 9155, संगरिया : नरमा 9100, गेहूं 2645, बाजरा 2770, ग्वार 7750, मूंग 7695, सरसों 8914, **गोलूवाला:** कपास 8025, नरमा 8800, गेहूं 2680, बाजरा 2712, ग्वार 8101, मूंग 8100, सरसों 9244, तिल 19200, **पीलीबंगा :** कपास 8960, नरमा 8980, बाजरा 2600, ग्वार 8000, सरसों 8800



Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. *The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Rajasthan. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: श्रीगंगानगर: सूर्या ऑटोमोबाईल्स प्रा.लि., 9289922194, बीकानेर: राजाराम धारणिया हीरो, गोगा गेट सर्किल के पास, 9289922708 करण हीरो, म्यूजियम सर्किल के पास, 9289922528, एक्सटेंशन काउंटर : राजाराम धारणिया ऑटोमोबाईल्स, अनाज मण्डी गेट के सामने 7229822929, 8048243279, कालू रोड, लूणकरणसर, 8000294880, श्री गंगानगर रोड, 7428598938, चुरू: महालक्ष्मी हीरो, 9289922872, एसोशिएट डीलर: सूरतगढ़: बंसल ऑटो एवं रिपेयरिंग सेंटर, 9414092085, अनूपगढ़: बी.एस. मोटर्स, 9982725676, रायसिंहनगर: राजू ऑटो स्पेयर्स, 9414480981, करणपुर: जगदम्बा ऑटोमोबाईल्स, 9828297920, विजयनगर: राजू ऑटो एजेंसी, 9549228881, गजसिंहपुर: रामदेव ऑटोमोबाईल्स, 9772727008, घड़साना: संधु मोटर्स, 9782712236, पदमपुर: गिल ऑटो, 9414506065, बींझबायला: खालसा ऑटोमोबाईल्स, 9460602222, रिड़मलसर: सिद्धू ऑटोज, 9928296984, हनुमानगढ़: माँ भगवती मोटर्स, 8875901000, 8875907000, रावतसर: एस.बी. मोटर्स, 9414636600, 9166066604, भादरा: बंसल ऑटोमोबाईल्स, 8302473860, 9664487183, नोहर: कृष्णा मोटर्स, 9414503107, पीलीबंगा: आर.एल. मोटर्स, 7426835220, संगरिया: एस.एम. ऑटोमोबाईल्स, 9784490100, जैतसर: गजरा ऑटोमोबाईल्स, 9667761860, पल्लू: जय भवानी मोटर्स, 9672000078, टिब्बी: आर एण्ड आर ऑटोमोबाईल्स, 9588736600, हनुमानगढ़ जंक्शन: श्री महेश मोटर्स, 9079429111, गोलूवाला: प्रगति मोटर्स, 8696162229, रावलामंडी: ओम गणपति मोटर्स, 9887256445.

मौसम

अधिकतम 30.8° | न्यूनतम 13.3°

आर्द्रता

सुबह 74% | शाम 42%

विंड स्पीड

2-10KM/h

आज का सूर्यास्त

05:36PM

कल का सूर्योदय

07:04AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,31,360

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,21,550

चांदी (प्रति किलो) ₹1,65,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

अरोड़वंश प्रतिभा सम्मान होगा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। श्री अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी की ओर से समाज के मेधावी विद्यार्थियों व युवाओं का प्रतिभा सम्मान समारोह 27 दिसंबर को प्रातः 10 बजे गगन पथ स्थित अमर पैलेस में आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष राजपाल पपनेजा ने बताया कि पात्र प्रतिभाएं 13 दिसंबर तक सोसायटी की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, नीट, आईआईटी, एम्स चयनित, खेल एवं सरकारी सेवा प्राप्त युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। सचिव लाजपत राय खुराना ने समाजजनों से प्रचार-प्रसार का आह्वान किया।

सोना-जमीन गिरवी रखने के नाम पर दो करोड़ रुपए ठगे

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सदर थाना पुलिस ने सोना और जमीन गिरवी रखने का लोभ-लालच देकर 2 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

रोहिड़ावाली निवासी नरेश कुमार पुत्र कुलवंत राय ने रिपोर्ट दी कि रीको क्षेत्र से जुड़े प्रॉपर्टी डीलर समेत बलवंत सिंह, दीदार गोयल, कृष्णअवतार, दीदार गोयल की पत्नी नेहा, विक्रम व अन्य निवासी गंगानगर ने 29 अगस्त 2025 से 30 जनवरी 2026 के बीच मिलीभगत कर उन्हें सोना व जमीन गिरवी रखने का प्रलोभन दिया और 2 करोड़ रुपए हड़प लिए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच थानाधिकारी सुभाषचंद्र द्वारा की जा रही है।

प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन कल

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। श्री गुरुनानक देव जी के 557वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार से गत 18 अक्टूबर से निकाली जा रही प्रभातफेरियों का समापन 21 नवम्बर शनिवार सुबह गुरुद्वारा साहिब की परिक्रमा के साथ दिया जाएगा। इस दौरान गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

प्रधान गुरबचनसिंह वासन के अनुसार 21 नवम्बर को दोपहर 12 बजे गुरुद्वारा साहिब से पंज प्यारों की अगुवाई और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन हुजूरी में महान अलौकिक नगर कीर्तन निकाला जाएगा। नगर कीर्तन शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शाम को पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंचेगा। इससे पूर्व सुबह 9 बजे गुरुद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब का प्रकाश किया जाएगा। 22 नवम्बर को सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का आरंभ होगा।

प्रकाशोत्सव के मुख्य समागम के तहत 24 नवम्बर मंगलवार को गुरुद्वारा साहिब में सुबह से देर रात तक विशेष कीर्तन दीवान सजाए जाएंगे। इसमें अनेक पंथ प्रसिद्ध प्रचारक, रागी जत्थे व कथा वाचक गुरु महिमा की अमृत वर्षा करेंगे। रात 12 बजे गुरुद्वारा साहिब के सामने रंगीन आतिशबाजी की जाएगी। गुरु का अटूट लंगर चलता रहेगा।ड्रीम

---

20 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु योग निद्रा से जागेंगे, जिसके साथ ही चातुर्मास समाप्त होकर मांगलिक कार्य शुरू होंगे

देवउठनी एकादशी आज: शाम को सिर्फ 26 मिनट का है सबसे शुभ मुहूर्त

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाने वाली देवउठनी एकादशी इस साल शुक्रवार, 20 नवंबर को पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस पावन पर्व को देवोत्थान एकादशी और प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु चार महीने की लंबी योग निद्रा से जागते हैं।



भगवान विष्णु के जागने के साथ ही चातुर्मास का समापन हो जाता है और पिछले चार महीनों से रुके हुए विवाह, गृह प्रवेश और मुंडन जैसे सभी मांगलिक कार्यों की फिर से शुरूआत हो जाती है। इस दिन भगवान को जगाने की विशेष परंपरा और तुलसी-शालिग्राम विवाह का खास महत्व है।

क्यों जगाए जाते हैं भगवान विष्णु?

ज्योतिषाचार्य डॉ. उमाशंकर मिश्र के अनुसार, देवोत्थान का शाब्दिक अर्थ देवता का जागना होता है। पौराणिक मान्यताओं के तहत आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी (देवशयनी एकादशी) को भगवान विष्णु क्षीरसागर में योग निद्रा के लिए चले जाते हैं। इस अवधि में शुभ कार्य वर्जित रहते हैं। इसके माह बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी को भगवान पुनः जागते हैं और सृष्टि का कार्यभार संभालते हैं।

इन नियमों का रखें विशेष ध्यान: एकादशी के दिन सात्विकता का पालन करना बेहद जरूरी है। व्रत रखने वाले और परिवार के अन्य सदस्यों को इस दिन चावल और तामसिक भोजन (मांस-मदिरा) से पूरी तरह दूर रहना चाहिए। मन में किसी के प्रति ईर्ष्या न रखें और अपनी वाणी पर नियंत्रण रखते हुए सभी से मधुर व्यवहार करें।

शुभ फल के लिए करें इन मंत्रों का जाप : पूरे दिन भगवान विष्णु के द्वादशाक्षर मंत्र ॐ नमो भगवते वासुदेवाय का जाप करना अत्यंत कल्याणकारी होता है। इसके अलावा भक्त विष्णु सहस्त्रनाम या पुरुष सूक्त का पाठ भी कर सकते हैं। समय की कमी होने पर ॐ विष्णवे नमः या ॐ महाविष्णवे नमः मंत्र का जाप भी किया जा सकता।

भगवान को जगाने का शुभ मुहूर्त और विधि

ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, 20 नवंबर को भगवान विष्णु को जगाने का सबसे शुभ समय शाम को रहेगा। इस दिन शाम 5 बजकर 26 मिनट से लेकर 5 बजकर 52 मिनट तक गोधूलि मुहूर्त है, जिसमें भगवान को जगाना बेहद फलदायी माना गया है। इस दिन सुबह स्नान के बाद पूजा-अर्चना करें और शाम के शुभ मुहूर्त में शंख, घंटा तथा मृदंग बजाकर भगवान को जगाएं। भगवान को जगाते समय इस विशेष मंत्र का उच्चारण करना चाहिए।

उत्तिष्ठोत्तिष्ठ गोविन्द उत्तिष्ठ गरुडध्वज
उत्तिष्ठ कमलाकान्त त्रैलोक्यं मङ्गलं कुरु॥

इसके पश्चात भगवान का पंचामृत से अभिषेक करें और उन्हें मौसमी फल व सब्जियां जैसे गन्ना, सिंघाड़ा, शकरकंद (कंद), नया आलू और गुड़ का भोग लगाएं।

अभियान; मीरा चौक से एसएसबी रोड तक सड़कों पर रखी सामग्री जब्त

आयुक्त की अगुवाई में चलाया अभियान, मौके पर की समझाईश

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने और आमजन को सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से नगर परिषद श्रीगंगानगर की अतिक्रमण निरोधक टीम ने गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर परिषद आयुक्त मिल्ख राज चुघ की उपस्थिति में की गई, जिससे बाजार क्षेत्र व सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान नगर परिषद की टीम ने मीरा चौक से एसएसबी रोड तक सड़क के दोनों किनारों पर निरीक्षण किया और दुकानों के बाहर फैलाया गया सामान जब्त किया। कार्रवाई के दौरान बालाजी मिष्ठान भण्डार, गोयल बेकरी स्टोर, गौरव कबाड़ी शॉप, सारिका कलेक्शन, बालाजी ज्वैलर्स एंड ब्यूटी सैलून तथा सतगुरू वाशिंग सेंटर सहित अन्य प्रतिष्ठानों के बाहर सड़क पर रखा सामान उठाया गया। मौके पर टीम के सदस्यों ने संबंधित दुकानदारों को



सख्त निर्देश दिए कि वे भविष्य में सड़क, फुटपाथ अथवा किसी भी सार्वजनिक स्थान पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें।

प्रमुख मार्गों के कंक्रीट मिक्सर मशीन आदि होंगे जप्त : कार्रवाई के बाद नगर परिषद आयुक्त मिल्ख राज चुघ ने बताया कि व्यापारियों और दुकानदार अपनी दुकानों का सामान केवल दुकान की निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें। उन्होंने पदमपुर रोड, करनपुर रोड, सूरतगढ़ रोड, हनुमानगढ़ रोड सहित शहर के अन्य प्रमुख मार्गों पर स्थित दुकानदारों को विशेष रूप से चेताया कि कई स्थानों पर कंक्रीट मिक्सर मशीन (मिक्सर) तथा पुराने, खराब और खटारा वाहनों व संसाधनों को दुकानों के बाहर सड़क पर खड़ा किया जा रहा है। आयुक्त ने कहा कि ऐसे सभी उपकरणों और वाहनों को तुरंत दुकानों के अंदर रखवाया जाए। सड़क और फुटपाथ आम नागरिकों की सुविधा व सुगम आवागमन के लिए बनाए गए हैं। दुकानों के बाहर सामान, साइन बोर्ड, ठेले या अन्य सामग्री रखने से न केवल पैदल चलने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी होती है, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित होती है। उयदि किसी भी दुकानदार द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए सड़क, फुटपाथ या सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण किया गया, तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए सामान जब्त करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

यह टीम रही कार्रवाई में शामिल

अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर परिषद आयुक्त मिल्ख राज चुघ के साथ टीम प्रभारी एईएन अमनदीप कौर, सफाई निरीक्षक अनिल धारीवाल और जमादार जगदीश मौजूद रहे। इनके अलावा वाहन चालक राजपाल, वीरेंद्र कुमार, समीर कुमार, आशीष कुमार सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों ने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।





श्री श्याम जन्मोत्सव मेला आज से; सजा बाबा का दरबार, 21 किलो मिल्क केक का लगेगा भोग

सायं 7 बजे से होगा श्याम संकीर्तन, पुष्प व इत्र वर्षा रहेगी आकर्षण

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सुदामानगर स्थित सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर में आज से तीन दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव मेले का भव्य आगाज होगा। यह धार्मिक महोत्सव 22 नवंबर रविवार को विशाल श्याम संकीर्तन के साथ संपन्न होगा। मंदिर के सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा श्याम के दरबार को रंग-बिरंगे फूलों, चुनरी-दुपट्टों और आकर्षक रोशनी व लड़ियों से भव्य महल का रूप दिया गया है।

मेले के शुभारंभ के साथ ही प्रातःकाल से मंदिर प्रांगण में श्याम भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। श्रद्धालु हाथों में रंग-बिरंगी ध्वजाएं लेकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाएंगे और अपनी मन्नतें अर्पित करेंगे। दिनभर मंदिर परिसर में श्याम प्रेमियों द्वारा भजन-संकीर्तन किया जाएगा।

आयोजन के तहत आज रात्रि 7 बजे से विशाल भजन संध्या प्रारंभ होगी। इसमें सूरत (गुजरात) से पधार रहे प्रसिद्ध भजन गायक अमित शेरेवाला अपने मधुर भजनों के माध्यम से बाबा श्याम को रिझाएंगे और श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। संकीर्तन के दौरान बाबा पर पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा की जाएगी। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा श्याम को 21 किलो मिल्क केक का विशेष भोग लगाया जाएगा, जिसे प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा।

इसके साथ ही श्याम भक्त अपने घरों से केक व अन्य पकवान बनाकर बाबा को भोग लगाएंगे। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से विभिन्न प्रकार के लंगर प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है।

मौसम बदला; ठंड बढ़ी, गर्म कपड़ों में दिखे लोग

21-22 नवंबर को बादलवाही के आसार, मौसमी बीमारियों का बढ़ा खतरा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। मौसम के मिजाज में आए बदलाव के साथ ही ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह सैर पर निकलने वाले और मंदिर जाने वाले लोग अब गर्म व ऊनी कपड़ों में नजर आने लगे हैं। वहीं, रात के समय हल्की गुलाबी ठंड का एहसास भी होने लगा है। मौसम में आए इस परिवर्तन के साथ ही सर्दी-जुकाम और अन्य मौसमी बीमारियों के मामले भी बढ़ने लगे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, वर्तमान में राज्य के शेखावाटी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 6 से 10 डिग्री सेल्सियस तथा प्रदेश के शेष अधिकांश भागों में 10 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे कम न्यूनतम तापमान फतेहपुर में 5.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया



गया, जिससे वहां सुबह-रात कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है।

विभाग के मुताबिक, राज्य के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह तक मौसम मुख्यतः शुष्क रहने और तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। हालांकि, एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 21 और 22 नवंबर को पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। तापमान में गिरावट और बदलते मौसम के चलते सर्दी, खांसी, जुकाम और वायरल जैसी मौसमी बीमारियों की गिरफ्त में लोग आने लगे हैं। सुबह-शाम की ठंडक और रात की गुलाबी ठंड के बीच लापरवाही स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है।

ऐसे में सुबह सैर या मंदिर जाते समय गर्म कपड़े पहनने और बदलते मौसम के अनुरूप खान-पान व दिनचर्या में सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है।

कलक्टर ने किया मिनी सचिवालय और एसटीपी निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण, अधिकारियों को दिये निर्देश

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने गुरुवार को मिनी सचिवालय और एसटीपी निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी आरएसआरडीसी से अब तक हुए कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए उक्त कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। निमार्णाधीन कन्वेशन हॉल, ऑडिटोरियम और एसटीपी कार्यों को लेकर भी जिला कलक्टर द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला कलक्टर द्वारा निमार्णाधीन मिनी सचिवालय का औचक निरीक्षण करते हुए कार्य प्रगति की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये। जनता



से जुड़े कार्यों के मद्देनजर सचिवालय में विभागीय कार्यालय आवंटन के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और आमजन की सुविधाओं का भी समुचित ध्यान रखा जाये। इसके पश्चात जिला कलक्टर द्वारा नगर विकास न्यास द्वारा निमार्णाधीन कन्वेशन हॉल, ऑडिटोरियम और गुरूनानक बस्ती क्षेत्र में एसटीपी निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को उक्त कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एसटीपी कार्य पूर्ण होने के पश्चात आमजन के लिये सुविधा होगी, इसलिए उक्त कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये। इस मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर, एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, एएसपी दीपक शर्मा, नगर परिषद के मंगत सेतिया, गोविंद बिश्नोई, गुरप्रीत सिंह, नगर विकास न्यास अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे।

उपभोक्ता को फायदा: सोलर संयंत्रों के बीच ग्रिड की स्थिरता व बिजली आपूर्ति बनाए रखने को दिशा-निर्देशा जारी

दोपहर में हाई-वोल्टेज से होगा बचाव, कम होगी बार-बार ट्रिपिंग

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

वितरण और सब-ट्रांसमिशन नेटवर्क में तेजी से बढ़ते सौर ऊर्जा संयंत्रों के बीच ग्रिड की स्थिरता और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए जोधपुर डिस्कॉम ने फील्ड अधिकारियों के लिए विस्तृत परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन नियमों का मुख्य उद्देश्य फीडरों की अनावश्यक ट्रिपिंग को रोकना, वोल्टेज को संतुलित रखना और आपातकालीन स्थितियों में आपूर्ति व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाना है। आम उपभोक्ताओं के लिए यह पहल काफी राहत भरी मानी जा रही है। सोलर उत्पादन बढ़ने से दोपहर के समय होने वाले हाई-वोल्टेज या वोल्टेज के उतार-चढ़ाव पर काबू पाने से घरेलू और व्यावसायिक ग्राहकों के फ्रिज, एसी, कूलर व अन्य उपकरण सुरक्षित रहेंगे। साथ ही, प्रोटेक्शन सेटिंग्स की उचित ग्रेडिंग होने से किसी एक इलाके या फीडर की खराबी का असर पूरे क्षेत्र या ग्रिड फीडर पर नहीं पड़ेगा। निवारक रखरखाव, फीडर रोटेशन में सौर उत्पादन पैटर्न को शामिल करने और क्रमबद्ध सप्लाई बहाली से बार-बार बिजली जाने-आने की समस्या भी कम होगी।



फील्ड में इस तरह होगा काम

जोधपुर डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) वी. के. छंगानी द्वारा दिशा-निर्देशों के तहत सब-डिवीजन और सर्कल स्तर पर ग्रिड-टाइड सौर क्षमता का अपडेटेड रिकॉर्ड रखा जाएगा और रूफटॉप व छोटे सोलर संयंत्रों के मानकों की जांच होगी। रिले, 24वी/110वी बैटरी बैंक व ट्रिप सर्किट की नियमित जांच, आपातकालीन अंडर-फ्रीक्वेंसी लोड शेडिंग (ओएण्डएम) के लिए फीडरों व रिले की तैयारी और प्रमुख सबस्टेशनों पर ऑक्जिलियरी व बैकअप सप्लाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधीक्षण अभियंता (ओएण्डएम और एमएण्डपी) नियमित समीक्षाओं में इन व्यवस्थाओं के पालन की निगरानी करेंगे।

आम उपभोक्ता को ऐसे मिलेगा फायदा

बार-बार बिजली जाने-आने की परेशानी घटेगी : बार-बार ट्रिप होने वाले फीडरों और प्रोटेक्शन की खामियों का अब एमएण्डपी विंग के साथ मिलकर तुरंत विश्लेषण व सुधार होगा। साथ ही पेड़ों की छंटाई, इंसुलेटरों की सफाई/बदलाव और हाई-लोड जंक्शनों की थर्मोविजन स्कैनिंग से लाइनों में अचानक आने वाली खराबियों पर रोक लगेगी।

सप्लाई बहाली व मेंटेनेंस में बेहतर तालमेल: फीडर रोटेशन, लोड बैलेंसिंग और शटडाउन की योजना बनाते समय दैनिक सौर उत्पादन पैटर्न को ध्यान में रखा जाएगा। बड़ी खराबी के बाद आवीपीएन ग्रिड सबस्टेशन और लोड मॉनिटरिंग सेल के तालमेल से क्रमबद्ध तरीके से बिजली बहाल होगी, जिससे अचानक लोड या झटकों से होने वाली संभावित दिक्कतें कम होंगी।

दोपहर के हाई-वोल्टेज से बचेंगे घरेलू उपकरण: तेज धूप के दौरान कई इलाकों में सोलर उत्पादन बढ़ने से वोल्टेज में उतार-चढ़ाव या हाई-वोल्टेज की दिक्कत आती है। अब सबस्टेशन प्रभारी एईएन और जेईएन ऑन-लोड टैप चेंजर , ऑफ-सर्किट टैप्स और कैपेसिटर बैंकों का सही उपयोग करेंगे। इससे दिन के समय वोल्टेज तय सीमा में रहेगा और अंतिम छोर (टेल-एंड) पर रहने वाले उपभोक्ताओं के फ्रिज, एसी, कूलर व अन्य उपकरण सुरक्षित रहेंगे।

एक फीडर की खराबी से पूरे इलाके की बत्ती गुल नहीं होगी: 33 केवी और 11 केवी सबस्टेशनों, ब्रेकरों व सेक्शनलाइजरों की प्रोटेक्शन सेटिंग्स की उचित ग्रेडिंग होगी। इससे किसी एक हिस्से में फॉल्ट आने पर वहीं सप्लाई अलग (आइसोलेट) हो सकेगी और बड़े इलाके या अपस्ट्रीम ग्रिड फीडर की बिजली बेवजह नहीं कटेगी।

जर्जर सरकारी भवन बना नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। माइक्रोवेव टावर रोड पर पानी की टंकी के पास स्थित एक जर्जर सरकारी भवन लंबे समय से नशेडियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। दिनभर यहां संदिग्ध लोगों के जमावड़े के कारण आसपास के रहवासियों में भय और असुरक्षा का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि खंडहर में तब्दील हो चुके इस सरकारी भवन का फायदा उठाकर नशेड़ी यहां एकत्र होते हैं और कथित रूप से नशीले पदार्थों का सेवन व बिक्री करते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इससे क्षेत्र में चोरी और अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। सड़क किनारे संदिग्धों के झुंड खड़े रहने से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी व असहजता का सामना करना पड़ता है। रहवासियों ने कहा कि पूर्व में भी पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन कोई ठोस सुधार नहीं हुआ।

उन्होंने इलाके में नियमित पुलिस गश्त और पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की है। साथ ही जर्जर भवन के निस्तारण के लिए ज्ञापन की प्रति सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता को भी भेजी गई है।

ड्रीम सिटी कॉलोनी में पानी-नाले को लेकर मारपीट

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सदर थाना क्षेत्र की ड्रीम सिटी कॉलोनी में पानी और नाले की बात को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ड्रीम सिटी कॉलोनी की गली नंबर-1 निवासी ईमीलाल पुत्र निकुराम कुम्हार ने 18 नवंबर को शाम 4:09 बजे सदर थाने में मामला दर्ज करवाया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच विजयसिंह को सौंपी है।

संघर्ष के समय व्यक्ति अकेला होता है, लेकिन सफलता मिलने पर पूरी दुनिया उसके साथ होती है।

संपादकीय

न्याय में देरी पर निर्णायक पहल जरूरी

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश ने हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय में लगातार बढ़ रहे मामलों और अंतिम सुनवाई के लिए लंबित मुकदमों पर जो चिंता व्यक्त की है, वह केवल न्यायपालिका की प्रशासनिक चुनौती नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों की पीड़ा का प्रतिबिंब है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती इस बात पर निर्भर करती है कि नागरिकों को समय पर न्याय मिले। यदि न्याय वर्षों तक लंबित रहे तो उसका महत्व स्वतः कम हो जाता है। इसलिए न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाना अब केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुकी है।

भारत में अदालतों में लंबित मामलों की समस्या नई नहीं है। निचली अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय तक लाखों मुकदमे वर्षों से फैसले की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कई मामलों में वादी और प्रतिवादी की पूरी पीढ़ियां न्याय मिलने की उम्मीद में अदालतों के चक्कर लगाती रहती हैं। जमीन-जायदाद, पारिवारिक विवाद, सेवा संबंधी मामले और आपराधिक मुकदमे वर्षों तक लंबित रहने से न केवल लोगों का आर्थिक और मानसिक नुकसान होता है, बल्कि न्याय व्यवस्था पर उनका विश्वास भी प्रभावित होता है। सुप्रीम कोर्ट में मामलों की बढ़ती संख्या के पीछे अनेक कारण हैं। ई-फाइलिंग जैसी तकनीकी सुविधाओं ने न्याय तक पहुंच आसान बनाई है, जो सकारात्मक बदलाव है। लेकिन इसके साथ ही न्यायालयों की क्षमता, न्यायाधीशों की संख्या और प्रशासनिक संसाधनों में उसी अनुपात में वृद्धि नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप नए मामलों का दबाव लगातार बढ़ता गया और पुराने मामलों का निस्तारण अपेक्षित गति से नहीं हो पाया।

समस्या केवल न्यायालयों की नहीं है। कई बार जांच एजेंसियों की धीमी कार्यप्रणाली, समय पर आरोप-पत्र दाखिल न होना, सरकारी विभागों की अनावश्यक अपीलें, अधिकारियों की अनुपस्थिति और बार-बार स्थगन भी मामलों को वर्षों तक खींच देते हैं। यदि इन कारणों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो केवल न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने से भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। सरकारों की भी इस दिशा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अदालतों में पर्याप्त न्यायाधीशों की नियुक्ति, रिक्त पदों को शीघ्र भरना, प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध कराना, आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग, डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार समय की मांग है। न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच बेहतर समन्वय से ही न्यायिक प्रक्रिया को गति दी जा सकती है। इसके साथ ही मुकदमों के वैकल्पिक समाधान को भी प्रोत्साहन देना होगा। मध्यस्थता, सुलह, लोक अदालत और पंचाट जैसी व्यवस्थाओं का प्रभावी उपयोग अनेक दीवानी मामलों का शीघ्र समाधान कर सकता है। इससे अदालतों पर अनावश्यक बोझ कम होगा और न्यायाधीश गंभीर एवं जटिल मामलों पर अधिक समय दे सकेंगे।

हाल के वर्षों में कुछ राज्यों में संध्याकालीन अदालतों (ईवनिंग कोर्ट) की अवधारणा पर भी विचार हुआ है। यदि पायलट परियोजनाओं के सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं तो इसे चरणबद्ध तरीके से अन्य राज्यों और निचली अदालतों तक विस्तारित किया जाना चाहिए। इसी प्रकार विशेष अदालतों, समयबद्ध सुनवाई और अनावश्यक स्थगन पर सख्ती भी न्यायिक सुधारों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकती है। न्याय केवल फैसला सुनाने का नाम नहीं, बल्कि समय पर न्याय उपलब्ध कराने की व्यवस्था का नाम है। वर्षों बाद मिला न्याय अक्सर पीड़ित के लिए अधूरा साबित होता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि न्यायपालिका, सरकार, जांच एजेंसियां और अधिवक्ता—सभी मिलकर ऐसी व्यवस्था विकसित करें, जिसमें मुकदमों का शीघ्र, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण हो। जब न्याय समय पर मिलेगा, तभी लोकतंत्र में जनता का विश्वास और कानून का सम्मान दोनों मजबूत होंगे।

फास्ट फैशन से सस्टेनेबल स्टाइल तक : बदल रही है जेन जी की सोच

थ्रिफ्टिंग, पुराने कपड़ों को नया लुक और पर्यावरण के अनुकूल फैशन बन रहे युवाओं की पसंद



जेन जी के बीच फैशन को लेकर सोच तेजी से बदल रही है। अब युवा केवल नए और ट्रेंडिंग कपड़े खरीदने तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि थ्रिफ्टिंग, पुराने कपड़ों को नया रूप देने और सस्टेनेबल फैशन को अपनाने में रुचि दिखा रहे हैं। उनके लिए अब सिर्फ स्टाइलिश दिखना ही नहीं, बल्कि यह जानना भी जरूरी हो गया है कि कपड़े कहां बने, कैसे बने और पर्यावरण पर उनका क्या असर पड़ता है।

■ फास्ट फैशन की चमक और छिपी कीमत

इंस्टाग्राम पर दिखने वाले नए ट्रेंड और ऑनलाइन शॉपिंग की आसान सुविधा ने फास्ट फैशन को तेजी से बढ़ावा दिया है। हर अवसर पर नया आउटफिट पहनने की चाह ने कपड़ों की खरीदारी बढ़ाई है। लेकिन इस तेज फैशन की कीमत पर्यावरण और कपड़े बनाने वाले कामगारों को चुकानी पड़ती है। इसी कारण अब युवाओं में प्री-लव्ड कपड़े, थ्रिफ्ट स्टोर और अपसाइक्लिंग जैसे विकल्प लोकप्रिय हो रहे हैं। वे कम संसाधनों में अलग स्टाइल बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

■ सस्टेनेबल फैशन की राह में चुनौतियां

सस्टेनेबल फैशन को अपनाने की इच्छा और उसे व्यवहार में लाना दो अलग बातें हैं। कई बार थ्रिफ्ट स्टोर के कपड़े भी महंगे पड़ते हैं। अच्छी गुणवत्ता और जिम्मेदारी से तैयार किए गए कपड़ों की कीमत कई युवाओं के बजट से बाहर हो जाती है। इसके अलावा यह पहचानना भी आसान नहीं है कि कौन-सा ब्रांड वास्तव में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार है और कौन केवल प्रचार के लिए खुद को सस्टेनेबल बता रहा है।

■ सोशल मीडिया बना बदलाव का माध्यम

सस्टेनेबल फैशन को लोकप्रिय बनाने में सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका है। इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म पर कंटेंट क्रिएटर पुराने कपड़ों को नया लुक देने, थ्रिफ्ट शॉपिंग और देसी ब्रांड्स के विकल्पों की जानकारी दे रहे हैं। गूगल इंडिया के अनुसार, 'हाउ टू थ्रिफ्ट' की खोज में 850 प्रतिशत और थ्रिफ्ट स्टोर नियर मी की खोज में 600 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, सर्कुलर फैशन से जुड़ी खोजों में 2500 प्रतिशत और सस्टेनेबल फैशन की खोज में 120 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है।

■ युवा चाहते हैं जिम्मेदार फैशन

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और 'यूथ की आवाज और च्वाइस पर चर्चा' सर्वे के अनुसार, 47 प्रतिशत युवाओं ने माना कि महंगी कीमतें उन्हें जिम्मेदारी से खरीदारी करने से रोकती हैं। 25 प्रतिशत युवाओं को यह पहचानने में परेशानी होती है कि कोई उत्पाद नैतिक तरीके से बनाया गया है या नहीं। वहीं, 50 प्रतिशत युवाओं का मानना है कि उत्पादों पर उनकी गुणवत्ता, निर्माण प्रक्रिया और पर्यावरण से जुड़ी जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। 48 प्रतिशत युवाओं ने सस्टेनेबल उत्पादों को किफायती बनाने की जरूरत बताई। जेन जी का यह बदलाव केवल फैशन की पसंद में परिवर्तन नहीं, बल्कि पर्यावरण और समाज के प्रति बढ़ती जिम्मेदारी का संकेत है। हालांकि फास्ट फैशन की मजबूत पकड़ के बीच सस्टेनेबल फैशन को व्यापक बनाने के लिए किफायती विकल्प और पारदर्शी व्यवस्था जरूरी होगी।

गैलप सर्वे में नया ट्रेंड: दशकों पुरानी धारणा बदली, युवा पीढ़ी में धर्म की ओर लौटने के संकेत

अमेरिका में बदला धार्मिक रुझान: युवा पुरुषों में बढ़ी आस्था, महिलाएं हुईं दूर

अमेरिका में धर्म को लेकर एक नया सामाजिक बदलाव सामने आया है।

कई वर्षों से चर्चों में युवा पुरुषों की बढ़ती भागीदारी देख रहे पादरियों के अनुभवों को अब गैलप के नए सर्वे ने आंकड़ों के जरिए पुष्टि दी है। सर्वे के अनुसार, 30 साल से कम उम्र के पुरुषों में 42 प्रतिशत लोग मानते हैं कि धर्म उनके जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। वर्ष 2023 में यह आंकड़ा केवल 28 प्रतिशत था। इस तेजी से हुई बढ़ोतरी ने धार्मिक विशेषज्ञों और समाजशास्त्रियों का ध्यान आकर्षित किया है।



महिलाओं से आगे निकले युवा पुरुष: अमेरिका में लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक धार्मिक होती हैं। दशकों के सर्वेक्षणों में भी यही तस्वीर सामने आती रही। लेकिन गैलप के नए आंकड़े इस धारणा में बड़ा बदलाव दिखा रहे हैं। सर्वे के अनुसार, 18 से 29 वर्ष की युवा महिलाओं में धर्म का महत्व घटा है, जबकि इसी आयु वर्ग के पुरुषों में धार्मिक जुड़ाव तेजी से बढ़ा है। अब युवा महिलाएं सभी आयु समूहों में सबसे कम धार्मिक मानी जा रही हैं। यहां तक कि 65 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं की तुलना में भी युवा महिलाओं में धर्म को महत्वपूर्ण मानने वालों की संख्या आधे से कम है। गैलप के वरिष्ठ पोलस्टर फ्रैंक न्यूपोर्ट ने इसे ऐतिहासिक बदलाव बताया। उनका कहना है कि 1950 के दशक से धार्मिक अध्ययन में सबसे स्थायी निष्कर्ष यही रहा था कि महिलाएं पुरुषों से अधिक धार्मिक होती हैं, लेकिन अब यह पैटर्न बदलता दिखाई दे रहा है।

चर्चों में बढ़ रही युवा पुरुषों की भागीदारी : इस बदलाव का असर अमेरिका के चर्चों में भी दिखाई दे रहा है। देशभर के कैथोलिक चर्च नए सदस्यों के जुड़ने की जानकारी दे रहे हैं। कई ऑर्थोडॉक्स चर्चों में भी उपस्थिति और सदस्यता में वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिसमें युवा पुरुषों की भूमिका महत्वपूर्ण है। टेक्सास एएंडएम यूनिवर्सिटी के 21 वर्षीय छात्र मेसन गुब्सर इस बदलाव का उदाहरण हैं। पेट्रोलियम इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे गुब्सर का कहना है कि लगातार फोन और सोशल मीडिया में व्यस्त जीवन से उन्हें दूरी बनाने की जरूरत महसूस हुई, जिसके बाद वे धार्मिक गतिविधियों की ओर आकर्षित हुए।

ईसाई आबादी में गिरावट थमने के संकेत : अमेरिका में लंबे समय से ईसाई आबादी में गिरावट देखी जा रही थी, लेकिन हालिया आंकड़े इस रुझान में बदलाव के संकेत दे रहे हैं। वर्ष 2025 के प्यू रिसर्च सेंटर सर्वे के अनुसार, अमेरिका में ईसाई आबादी अब स्थिर होती दिख रही है। वर्ष 2000 से 2006 के बीच जन्मे युवाओं की धार्मिक पहचान उनके ठीक पहले वाले आयु समूह के बराबर दर्ज की गई है। गैलप सर्वे भी संकेत देता है कि अमेरिका में खुद को धर्महीन बताने वालों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी अब धीमी पड़ रही है।

धर्म और राजनीति का बढ़ता संबंध

अमेरिका में धार्मिक पहचान और राजनीतिक विचारधारा के बीच संबंध भी मजबूत होता दिखाई दे रहा है। ईसाई पहचान का जुड़ाव तेजी से दक्षिणपंथी राजनीति से जोड़ा जा रहा है। सर्वे के अनुसार, युवा रिपब्लिकन पुरुषों और महिलाओं दोनों में नियमित चर्च जाने की प्रवृत्ति बढ़ी है। युवा डेमोक्रेट पुरुषों में भी धार्मिक भागीदारी में हल्की वृद्धि दर्ज हुई है, लेकिन युवा डेमोक्रेट महिलाओं में चर्च उपस्थिति बढ़ने का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव केवल धार्मिक आस्था का मामला नहीं है, बल्कि युवाओं की पहचान, सामाजिक जुड़ाव और आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी नई सोच को भी दर्शाता है।

स्मार्टफोन की लत से युवा आभासी दुनिया में खो रहे, मानसिक स्वास्थ्य और भविष्य प्रभावित

आज के दौर में स्मार्टफोन युवाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। उनसे कोई भी चीज मांगी जाए, लेकिन मोबाइल लेने की बात कही जाए तो कई युवा बेचैन हो जाते हैं। लगातार बढ़ता मोबाइल एडिक्शन युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई, करियर और रिश्तों पर नकारात्मक असर डाल रहा है। समय रहते इस आदत पर नियंत्रण नहीं किया गया तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।



आभासी दुनिया में खोते जा रहे युवा : रोहित जैसे कई युवा सोशल मीडिया की दुनिया में बेहद सक्रिय रहते हैं। असल जिंदगी में संकोची और अकेले रहने वाले ऐसे युवा इंटरनेट पर हजारों दोस्तों और फॉलोअर्स से जुड़े नजर आते हैं। सोशल मीडिया पर मिलने वाले लाइक्स और कमेंट्स उन्हें खुशी देते हैं, लेकिन धीरे-धीरे वे वास्तविक रिश्तों और सामाजिक जीवन से दूर होते जाते हैं। कई युवा अपना ज्यादातर समय सोशल नेटवर्किंग साइट्स, चैटिंग और ऑनलाइन गतिविधियों में बिताने लगे हैं। मोबाइल या इंटरनेट कुछ समय के लिए भी उपलब्ध न हो तो उनमें बेचैनी बढ़ने लगती है। यह स्थिति डिजिटल निर्भरता का संकेत है।

ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती लत : मोबाइल गेमिंग ने बच्चों से लेकर युवाओं तक को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। कई युवा देर रात तक ऑनलाइन गेम खेलते रहते हैं, जिससे उनकी नींद पूरी नहीं हो पाती। इसका असर पढ़ाई, काम करने की क्षमता और स्वास्थ्य पर पड़ता है। लगातार गेमिंग की आदत से युवाओं का समय बर्बाद होता है और धीरे-धीरे उनका आत्मविश्वास भी प्रभावित होने लगता है। कई मामलों में वे वास्तविक जीवन की जिम्मेदारियों से बचने लगते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर : विशेषज्ञों के अनुसार डिजिटल एडिक्शन युवाओं की सोचने-समझने की क्षमता और एकाग्रता को प्रभावित कर रहा है। सोशल मीडिया की अधिकता उन्हें परिवार, मित्रों और सामाजिक गतिविधियों से दूर कर रही है। जिस तरह अन्य नशे की आदत व्यक्ति के व्यवहार को प्रभावित करती है, उसी तरह डिजिटल लत भी युवाओं के जीवन में असंतुलन पैदा कर रही है। लंबे समय तक मोबाइल पर निर्भर रहने से तनाव, अकेलापन और मानसिक परेशानियां बढ़ सकती हैं।

डिजिटल एडिक्शन के चिंताजनक आंकड़े : एक सर्वे के अनुसार 53 प्रतिशत भारतीय हर घंटे इंटरनेट से जुड़े रहते हैं, जो वैश्विक औसत से अधिक है। वहीं, एक अन्य अध्ययन में सामने आया कि बड़ी संख्या में युवा सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम, वीडियो और अन्य डिजिटल गतिविधियों में अत्यधिक समय बिता रहे हैं। रिसर्च के मुताबिक 18 से 30 वर्ष के कई युवा स्मार्टफोन से दूर होने पर बेचैनी महसूस करते हैं। बड़ी संख्या में युवा सुबह उठते ही सबसे पहले सोशल मीडिया चेक करते हैं।

बच्चों को मोबाइल की लत से कैसे बचाएं : अभिभावक बच्चों को डिजिटल दुनिया से पूरी तरह दूर नहीं कर सकते, लेकिन कुछ नियम बनाकर उन्हें संतुलित उपयोग के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

- बच्चों के मोबाइल और सोशल मीडिया इस्तेमाल का समय तय करें।
- यह ध्यान रखें कि बच्चा किन साइट्स पर जाता है और कितनी देर ऑनलाइन रहता है।
- परिवार के साथ समय बिताते समय मोबाइल इस्तेमाल न करने का नियम बनाएं।
- बच्चों के सामने खुद भी लगातार मोबाइल या सोशल मीडिया का उपयोग करने से बचें।
- बच्चों को खेल, किताबों, रचनात्मक गतिविधियों और अन्य रुचियों से जोड़ें।
- रात में सोने से पहले मोबाइल बंद करने या फ्लाइट मोड पर रखने की आदत डालें।
- बच्चों के सोने और जागने का समय निश्चित करें तथा देर रात मोबाइल इस्तेमाल पर रोक लगाएं।

स्मार्टफोन उपयोगी तकनीक है, लेकिन उसका संतुलित इस्तेमाल ही इसे वरदान बना सकता है। युवाओं को डिजिटल दुनिया और वास्तविक जीवन के बीच संतुलन बनाना सीखना होगा।

माथे पर चिपकने वाला टेंपल डिवाइस चर्चा में

माथे की कनपटी पर चिपकाने वाला नया हेल्थ ट्रैकिंग डिवाइस 'टेंपल' इन दिनों चर्चा में है। जोमैटो के संस्थापक दीपिंदर गोयल की कंपनी टेंपल प्राइवेट लिमिटेड ने इसे तैयार किया है। भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल और बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु भी इसे इस्तेमाल करते नजर आ चुके हैं।

क्या है टेंपल डिवाइस? : टेंपल एक बिना स्क्रीन वाला हेल्थ मॉनिटरिंग गैजेट है, जिसे कनपटी के पास चिपकाया जाता है। कंपनी का दावा है कि यह शरीर से जुड़े कई संकेतों को लगातार ट्रैक करता है। इसकी कीमत करीब 84,999 रु. बताई गई है। जहां सामान्य हेल्थ ट्रैकिंग डिवाइस कलाई या शरीर के किसी हिस्से पर पहने जाते हैं, वहीं टेंपल को पहली बार माथे पर लगाने वाला हेल्थ ट्रैकर बताया जा रहा है। इसे एक विशेष टैप की मदद से लगाया जाता है, जिससे यह आसानी से अपनी जगह पर बना रहता है।

कैसे करता है काम? : कंपनी के अनुसार, इसमें ऑप्टिकल सेंसर लगाए गए हैं, जो शरीर में रक्त प्रवाह और अन्य संकेतों की निगरानी करते हैं। यह डिवाइस एक विशेष स्कोर तैयार करता है, जिसके आधार पर शरीर का तापमान, प्रतिरोधक क्षमता, पाचन और रिकवरी जैसी जानकारियों का आकलन किया जाता है। इसका डेटा देखने के लिए कंपनी का मोबाइल ऐप इस्तेमाल किया जाता है। डिवाइस कई रंगों में उपलब्ध है और कंपनी के अनुसार इसकी बैटरी करीब 25 दिन तक चल सकती है।

स्कैम के आरोपों पर कंपनी का जवाब : टेंपल को लेकर कुछ डॉक्टरों ने सवाल उठाए हैं। हेपेटोलॉजिस्ट डॉ. साइरिएक एबी फिलिप्स ने इसकी आलोचना करते हुए इसे हेल्थ स्कैम और वेलनेस फ्रॉड बताया था। इसके जवाब में दीपिंदर गोयल ने कहा कि यह डिवाइस स्कैम नहीं है और यह काम करता है।

स्टार्टअप की नई पहल : बुजुर्गों को अब मिलेगा 'साथी', केयरटेकर नहीं

बदलते पारिवारिक ढांचे और रोजगार के लिए युवाओं के दूसरे शहरों व विदेशों में जाने के कारण बुजुर्गों की देखभाल एक बड़ी सामाजिक चुनौती बनती जा रही है। ऐसे में अब एक नया स्टार्टअप मॉडल सामने आया है, जिसमें बुजुर्गों को नर्स या केयरटेकर के बजाय उनकी जरूरत के अनुसार भरोसेमंद साथी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये साथी रोजमर्रा के कामों से लेकर सामाजिक गतिविधियों तक में बुजुर्गों की मदद करेंगे।

केयर नहीं, साथ और आत्मनिर्भरता पर जोर : गुरुग्राम की 'कर्मा कंपेनियन' सेवा इसी सोच के साथ शुरू की गई है। यह एक नॉन-मेडिकल सपोर्ट प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य बुजुर्गों को चिकित्सा सुविधा देना नहीं, बल्कि उन्हें दैनिक कार्यों और सामाजिक जीवन में सहयोग उपलब्ध कराना है। खासकर उन परिवारों के लिए यह उपयोगी हो सकता है, जिनके बच्चे नौकरी या अन्य कारणों से दूर रहते हैं। कर्मा माइल्स के फाउंडर गौरव मित्तल के अनुसार, कई बुजुर्गों को नर्सिंग या मेडिकल देखभाल की जरूरत नहीं होती, बल्कि उन्हें कुछ कामों के लिए भरोसेमंद व्यक्ति के साथ की आवश्यकता होती है। इसी जरूरत को ध्यान में रखकर यह सेवा शुरू की गई है।

तीन तरह की सेवाएं उपलब्ध : कंपनी ने बुजुर्गों की जरूरतों के अनुसार सेवाओं को तीन श्रेणियों में बांटा है। पहली श्रेणी 'एरंड्स कंपेनियन' में डॉक्टर की अपॉइंटमेंट, मेडिकल टेस्ट, दवाइयां, बैंकिंग, सरकारी काम और दस्तावेजों में सहायता दी जाएगी। रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट तक आने-जाने में भी मदद मिलेगी। दूसरी श्रेणी 'होम कंपेनियन' के तहत बुजुर्गों के साथ बातचीत, किताबें पढ़ना, मोबाइल व डिजिटल भुगतान में सहायता और परिवार से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ने में सहयोग किया जाएगा। तीसरी श्रेणी 'सोशल कंपेनियन' में मंदिर, बाजार, रेस्टोरेंट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारिवारिक आयोजनों में साथ उपलब्ध कराया जाएगा।

सुरक्षा के लिए सत्यापन और प्रशिक्षण : गौरव मित्तल ने बताया कि सेवा से जुड़ने वाले कंपेनियन की पुलिस और कोर्ट रिकॉर्ड जांच की जाएगी। इसके बाद उन्हें बुजुर्गों से संवाद, व्यवहार और आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

स्मृति से वैश्विक पहचान तक: महाभारत, अर्थशास्त्र और राजतरंगिणी को यूनेस्को सम्मान

भारतीय ज्ञान परम्परा की तीन महान कृतियों का यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय रजिस्टर में शामिल होना केवल भारत की सांस्कृतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की बौद्धिक स्मृति को मिली वैश्विक स्वीकृति है। यह अवसर अपनी विरासत को समझने, संरक्षित करने और उसे समकालीन जीवन में पुनर्स्थापित करने के संकल्प का भी है।

भारतीय सभ्यता की विशेषता रही है कि उसने ज्ञान को केवल पुस्तकों और संस्थानों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जीवन, समाज, शासन, नैतिकता और मानवीय अनुभवों की निरंतर प्रवाहित होने वाली परम्परा के रूप में विकसित किया। दर्शन, साहित्य, विज्ञान, चिकित्सा, गणित, कला, राजनीति और सामाजिक संगठन जैसे क्षेत्रों में भारत की ज्ञान-संपदा का विस्तार रहा है।

5 नवंबर 2026 को यूनेस्को के 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय रजिस्टर में भारत की तीन अमूल्य कृतियों—महाभारत, कौटिल्य का अर्थशास्त्र और कल्हण की राजतरंगिणी—को शामिल किए जाने की घोषणा हुई। इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमेटी फॉर एशिया एंड द पैसिफिक के 11वें सत्र में लिया गया यह निर्णय भारतीय सभ्यता की साहित्यिक, ऐतिहासिक, दार्शनिक और राजनीतिक चिंतन परम्परा के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

महाभारत: जीवन, धर्म और मानवीय चेतना का विराट आख्यान : महर्षि वेदव्यास से संबद्ध महाभारत विश्व के सबसे विशाल महाकाव्यों में से एक है। सामान्य रूप से इसे कौरवों और पांडवों के युद्ध की कथा माना जाता है, लेकिन इसका वास्तविक स्वरूप इससे कहीं व्यापक है। यह मनुष्य, समाज, परिवार, सत्ता, न्याय, कर्तव्य, नैतिकता और जीवन के उद्देश्य से जुड़े गहरे प्रश्नों का विराट बौद्धिक आख्यान है। महाभारत की विशेषता यह भी है कि इसकी कथाएं भारत की सीमाओं से बाहर दक्षिण-पूर्व एशिया की साहित्यिक, नाट्य और लोककलात्मक परम्पराओं में भी दिखाई देती हैं। इस प्रकार यह केवल भारत की साहित्यिक धरोहर नहीं, बल्कि एशिया की साझा सांस्कृतिक स्मृति का हिस्सा है। यूनेस्को रजिस्टर में महाभारत की एक दुर्लभ भोजपत्र पांडुलिपि को स्थान मिला है, जो पुणे स्थित भंडारकर प्राच्यविद्या अनुसंधान संस्थान में संरक्षित है। शारदा लिपि में लिखित यह पांडुलिपि महाभारत की प्राचीन कश्मीरी पाठ-परम्परा का महत्वपूर्ण प्रमाण है।



कौटिल्य का अर्थशास्त्र: शासन और आर्थिक चिंतन की परम्परा: महाभारत जहां भारतीय समाज और मानवीय चेतना के व्यापक आयाम प्रस्तुत करता है, वहीं कौटिल्य का अर्थशास्त्र राज्यशास्त्र, प्रशासन, अर्थव्यवस्था और कूटनीति की व्यवस्थित परम्परा का प्रतिनिधित्व करता है। आचार्य कौटिल्य, जिन्हें चाणक्य और विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है, से संबद्ध यह ग्रंथ शासन को केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं मानता, बल्कि राज्य की स्थिरता, प्रजा के कल्याण, आर्थिक समृद्धि, न्याय, सुरक्षा और प्रभावी प्रशासन से जोड़ता है। इस ग्रंथ की 16वीं शताब्दी की दुर्लभ ताड़पत्र पांडुलिपि मैसूर स्थित ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट में संरक्षित है। इसे यूनेस्को रजिस्टर में स्थान मिलना भारतीय राजनीतिक और आर्थिक चिंतन की समृद्ध परम्परा को वैश्विक पहचान प्रदान करता है।

राजतरंगिणी : भारतीय इतिहास-बोध का सशक्त प्रमाण: कल्हण द्वारा 12वीं शताब्दी में रचित राजतरंगिणी भारतीय इतिहास-लेखन की परिपक्व परम्परा का असाधारण उदाहरण है। संस्कृत में रचित यह ग्रंथ कश्मीर के राजवंशों, शासकों, राजनीतिक घटनाओं, सामाजिक परिस्थितियों और सांस्कृतिक जीवन का क्रमबद्ध विवरण प्रस्तुत करता है। राजतरंगिणी का महत्व केवल कश्मीर के इतिहास के विवरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें इतिहास लेखन की वैज्ञानिक दृष्टि दिखाई देती है। कल्हण ने पूर्ववर्ती ग्रंथों, अभिलेखों, राजकीय वृत्तांतों और उपलब्ध ऐतिहासिक सूचनाओं के आधार पर अतीत को समझने का प्रयास किया। उन्होंने शासकों की उपलब्धियों के साथ उनकी गलतियों, राजनीतिक कमजोरियों और नैतिक पतन का भी उल्लेख किया। यह उनकी आलोचनात्मक दृष्टि और तथ्यपरक इतिहास लेखन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसकी पांडुलिपि श्रीनगर स्थित ओरिएंटल रिसर्च लाइब्रेरी में संरक्षित है। शारदा लिपि और भोजपत्र पर आधारित यह दस्तावेज कश्मीर ही नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध पांडुलिपि परम्परा का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

वैश्विक पहचान के साथ नई जिम्मेदारी : यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय रजिस्टर में महाभारत, अर्थशास्त्र और राजतरंगिणी का शामिल होना भारतीय ज्ञान परम्परा की वैश्विक प्रतिष्ठा का महत्वपूर्ण क्षण है। ये तीनों ग्रंथ भारतीय जीवन-मूल्यों, शासन व्यवस्था, अर्थचिंतन और इतिहास लेखन की समृद्ध परम्परा के प्रतिनिधि हैं। यह सम्मान केवल अतीत के गौरव का विषय नहीं, बल्कि सभ्यतागत स्मृति के संरक्षण और पुनर्पाठ का आह्वान है। अब आवश्यकता है कि विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में इन कृतियों का गंभीर, प्रमाण-आधारित और बहुविषयक अध्ययन हो, ताकि भारतीय ज्ञान परम्परा भविष्य के ज्ञान-सृजन और राष्ट्र-निर्माण में सार्थक योगदान दे सके।



डॉ. मोहित, सह-आचार्य
प्रमुख, भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र
चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, पंजाब

प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा व आतिशबाजी से हो रहा भव्य स्वागत

सीमा सन्देश # पदमपुर

श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में नगर के विभिन्न वार्डों में अमृत वेले निकलने वाली प्रभात फेरी का जगह-जगह फूलों की वर्षा और आतिशबाजी से भव्य स्वागत-सत्कार किया जा रहा है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की संजीव पालकी के साथ 'वाहेगुरु-वाहेगुरु' नाम जाप और 'उच्चा दर बाबे नानक दा' सहित अन्य धार्मिक प्रस्तुतियों से समूचा नगर भक्तिमय हो उठा है। अरोड़वंश गुरुद्वारा साहिब द्वारा आयोजित यह प्रभात फेरी महिला, पुरुष व युवा सेवादारों के सहयोग से



आगामी 22 नवंबर तक नगर के अंतिम छोर तक निकाली जाएगी। प्रभात फेरी जब श्रद्धालुओं के निवास, प्रतिष्ठानों व गली-मोहल्लों से गुजरती है, तो संगत द्वारा पुष्प वर्षा व आतिशबाजी कर शीश नवाया जा रहा है तथा सुख-समृद्धि की अरदास की जा रही है। इसी क्रम में प्रतिष्ठित व्यापारी भूषण बलाना के प्रतिष्ठान पर प्रभात फेरी पहुंचने पर बलाना परिवार की ओर से आत्मीय स्वागत किया गया। वहीं, वार्ड नंबर 9 में व्यापार मंडल अध्यक्ष बहादुर मांरग, श्री सुखमनी सेवा समिति अध्यक्ष अंशु बिलंदी, अरोड़वंश समाज अध्यक्ष अमित बलाना, हरसिंह ग्रोवर, रमेश जिंदल, विजय मित्तल, राजेंद्र सिंगला, राजकुमार बलाना (पोखी), महेश शर्मा, राकेश बठेजा, संदीप भयाना, गोकर्ण गर्ग, हरसिह ग्रोवर, चरंजी कालड़ा और हनुमान निनानिया सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया।

आगामी धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा: आयोजन समिति के अनुसार 22 नवंबर को श्री अखंड पाठ साहिब का प्रकाश किया जाएगा तथा इसी दिन संध्या फेरी का आयोजन होगा। 23 नवंबर को नगर कीर्तन निकाला जाएगा। इसके पश्चात 24 नवंबर को श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत अटूट लंगर बरताया जाएगा और रात्रि में विशेष कीर्तन दरबार सजेगा। कीर्तन दरबार में डॉ. स्वामी रामतीर्थ (हरिद्वार वाले), भाई संदीप सिंह, भाई कारणदीप सिंह (हेड ग्रंथि) तथा बीबी गगनदीप खालसा सहित अन्य कीर्तनी जत्थे गुरुवाणी से संगत को निहाल करेंगे।

बीकानेर में एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध को लेकर जागरूकता



सीमा सन्देश# बीकानेर

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के आईसीएआर एंड ईन्फार परियोजना के अंतर्गत डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, बीछवाल में विश्व रोगाणुरोधी प्रतिरोध सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पंकज थानवी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) के बढ़ते खतरे के प्रति जागरूक करना था। परियोजना प्रमुख अन्वेषक डॉ. राजेश सिंगाठिया ने विद्यार्थियों को एंटीबायोटिक और एंटीमाइक्रोबियल प्रक्रिया, एएमआर के कारण, दवाओं के सही उपयोग तथा इनके गलत इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। डॉ. दिवाकर ने एंटीबायोटिक अवशेष और विड्रॉल पीरियड के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने दवाओं के उपयोग में सावधानी बरतने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एंटीबायोटिक के सही एवं जिम्मेदार उपयोग का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार सहित महाविद्यालय के कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

गजसिंहपुर में रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी: सीआई

गजसिंहपुर। पंचायत चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के बाद अब गजसिंहपुर पुलिस ने कस्बे में कानून-व्यवस्था को और सख्त करने की तैयारी कर ली है। थानाधिकारी अमन घनघस ने कहा कि अब गजसिंहपुर में अवैध धंधों पर सख्ती होगी, किसी को भी कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा। थानाधिकारी ने बताया कि कस्बे में यातायात व्यवस्था को सुधारा जाएगा। मुख्य बाजार, बस स्टैंड, स्कूल-कॉलेज के आसपास गलत पार्किंग और जाम की समस्या पर विशेष नजर रखी जाएगी। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चालान व कार्रवाई की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। रात को गश्त बढ़ाई जाएगी। शराब ठेके समय अनुसार ही संचालित होंगे। समय के बाद ठेका खुला पाया गया तो सख्त कार्रवाई होगी।

आमसभा आज

श्रीकरणपुर। नगरपालिका अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा की अगुवाई वाले नवीन बोर्ड की पहली बैठक 20 नवंबर को दोपहर 12:15 बजे नगरपालिका के सभागार में होगी। कुल 5 एजेंडों पर विचार विमर्श किया जाना है। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई ने इस बैठक में रखे जाने वाले एजेन्डों की जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका क्षेत्र श्रीकरणपुर के समस्त वार्डों में आवश्यकतानुसार करवाये जाने वाले विकास कार्यों पर विचार विमर्श होगा व नगरपालिका द्वारा दी गई अनुकम्पा नियुक्ति की पुष्टि एवं अनुमोदन पर विचार विमर्श, नगरपालिका द्वारा मैनपावर निविदा कार्यों की पुष्टि एवं अनुमोदन पर विचार विमर्श किया।

पंजाबी बोली विकास समिति की बैठक में कौमी हीरा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय

171 प्रतिभाओं का होगा सम्मान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



पंजाबी बोली विकास समिति राजस्थान की बैठक दिलबाग सिंह शेरदिल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पंजाबी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से द्वितीय कौमी हीरा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समारोह 22 नवंबर, रविवार को प्रातः 10:30 बजे नोजगे पब्लिक स्कूल, श्रीगंगानगर में होगा। समारोह में शिक्षा, खेल, साहित्य, कविता, अभिनय एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली 171 प्रतिभाओं को 11 श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। इनमें दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, नव नियुक्त सरकारी कर्मचारी, आईआईटी एवं नीट में चयनित विद्यार्थी तथा पंजाबी साहित्य एवं कला के क्षेत्र में योगदान देने वाली प्रतिभाएं शामिल हैं। इस अवसर पर शिव कुमार बटालवी कौमी हीरा सम्मान के लिए बलविंदर सिंह चाहल, दलीप कौर टिवाणा कौमी हीरा सम्मान के लिए डॉ. संदीप सिंह मुंडे एवं हरपाल सिंह लखियां तथा बलराज साहनी कौमी हीरा सम्मान के लिए अमरिंदर सिंह शिल्पी का चयन किया गया है। बैठक में स्वर्ण सिंह, प्रताप सिंह, अर्जुन सिंह, अवरिंदरजीत सिंह, कुलदीप सिंह, गुरविंदर सिंह, सतवीर सिंह, सुखमंदर सिंह एवं जीपी सिंह अरनेजा सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे।

वीरेन्द्र तीसरी कोशिश में जीते

सीमा सन्देश # 4 बीएलडी। निकटवर्ती गांव बाजूवाला में सरपंच पद के चुनाव में वीरेंद्र सचदेवा ने तीसरी बार प्रयास में प्रचंड जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी साहबराम को 546 मतों के अंतर से हराया। वीरेंद्र सचदेवा को 1021 मत मिले, जबकि साहबराम को 475 मत प्राप्त हुए। सभी अन्य हारे हुए प्रत्याशियों को कुल 789 मत मिले। दो बार हार चुके वीरेंद्र के पक्ष में इस बार सहानुभूति लहर भी असरदार रही। वे 'सीमा संदेश' संवाददाता श्यामलाल सचदेवा के भतीजे हैं।



भगवाना राम सरपंच निर्वाचित

सीमा सन्देश # कीकरवाली। ग्राम पंचायत 39 आरबी से सरपंच पद पर भगवानाराम मेघवाल निर्वाचित हुए हैं। भगवान राम लम्बे समय से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्हें जन सम्पर्क एवं जन सेवा करने का फायदा मिला है। ग्राम की जन समस्याओं का भी उन्हें जमीन स्तर पर ध्यान है। एक सामान्य व्यक्ति को लोकतंत्र की पहली सीढ़ी चढ़ने का अवसर मिला है।



पटाखों जैसी आवाज निकालने वाली 6 बुलेट बाइक जब्त



सीमा सन्देश# सरदारशहर

शहर में बुलेट मोटरसाइकिलों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखों जैसी तेज और कर्कश आवाज निकालने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। थानाधिकारी धीरेंद्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 6 बुलेट मोटरसाइकिलों को जब्त किया। शहर में मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज आमजन के लिए परेशानी का कारण बन रही थी। अचानक पटाखों जैसी आवाज से राहगीरों, बुजुर्गों, बच्चों और आसपास रहने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विशेष कार्रवाई की। पुलिस की कार्रवाई से तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर का इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने तथा मोटरसाइकिलों में निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर लगाने की हिदायत दी।

नवनिर्वाचित सरपंच, उप सरपंच का सम्मान

सीमा सन्देश # सादुलशहर



भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष निशान सिंह कडवासरा की अगुवाई में करडवाला की नवनिर्वाचित सरपंच उर्मिला देवी पत्नी संदीप कुमार एवं उप सरपंच हरप्रीत कौर कडवासरा का सम्मान किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि शायद यह पहला मौका है जब सरपंच एवं उप सरपंच दोनों महिला हैं। उम्मीद है कि सरपंच, उप सरपंच महिलाओं के हितों को प्राथमिकता देंगी। पूरी ग्राम पंचायत में बिना भेदभाव विकास कार्य होंगे। इस दौरान पंच एवं ग्रामीण मौजूद थे।

22 पीएस के सरपंच बनवारीलाल का सम्मान

सीमा सन्देश # रायसिंहनगर। रायसिंहनगर पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत 22 पीएस में नवनिर्वाचित सरपंच बनवारी लाल ने गुरुवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सरपंच पूर्ण पंछी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर सरपंच का गर्मजोशी से स्वागत किया। सरपंच बनवारी लाल ने कहा कि जनता ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरेंगे।



हिरणावाली में सरपंच पद पर नीलम गांधी की शानदार जीत, 604 मतों से बनीं विजेता

सीमा सन्देश # लाधूवाला। निकटवर्ती ग्राम पंचायत हिरणावाली में गत दिनों संपन्न हुए सरपंच पद के चुनाव में नीलम गांधी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जसवीर कौर को 604 मतों के बड़े अंतर से पराजित कर जीत दर्ज की है। चुनाव परिणामों के अनुसार, विजेता प्रत्याशी नीलम गांधी को कुल 1215 मत प्राप्त हुए, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी जसवीर कौर को 611 वोट मिले। चुनाव मैदान में अन्य प्रत्याशी भी उतरे थे, लेकिन उन्हें नाममात्र के वोट ही मिल सके।

पत्नियों के बीच था सीधा मुकाबला: ग्राम पंचायत हिरणावाली का यह चुनाव बेहद दिलचस्प रहा। गौरतलब है कि पिछली बार यहां सरपंच पद के लिए प्रगट सिंह और सुनील गांधी के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें प्रगट सिंह विजयी रहे थे। इस बार के चुनाव में दोनों पूर्व प्रत्याशियों की धर्मपत्नियां आमने-सामने थीं। प्रगट सिंह की धर्मपत्नी जसवीर कौर और सुनील गांधी की धर्मपत्नी नीलम गांधी के बीच हुए इस सीधे मुकाबले में जनता ने नीलम गांधी पर अपना विश्वास जताया।



सोनिया सहगल बनीं निर्विरोध उपसरपंच: सरपंच चुनाव के अगले दिन उपसरपंच पद के लिए चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई। इसमें सभी वार्ड पंचों की सहमति से सोनिया सहगल को निर्विरोध उपसरपंच चुन लिया गया। नीलम गांधी और सोनिया सहगल के निर्वाचित होने पर ग्रामीणों और समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

जीत के बाद गांव में आतिशबाजी व गुलाल से मना जश्न, पांच वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित

महियांवाली में 22 साल बाद कासनिया परिवार की ऐतिहासिक वापसी, ईशा 519 वोटों से बनीं सरपंच

सीमा सन्देश # लाधूवाला

निकटवर्ती ग्राम पंचायत महियांवाली में हुए सरपंच पद के चुनाव में कासनिया परिवार ने 22 साल के लंबे अंतराल के बाद जीत दर्ज की है। इस चुनाव में समाजसेवी इंद्रसेन कासनिया की धर्मपत्नी ईशा कासनिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कलावती देवी सरस्वा को 519 मतों के अंतर से पराजित कर सरपंच पद पर कब्जा जमाया। सरपंच पद के लिए चुनावी मैदान में एक अन्य प्रत्याशी प्रेमलता सेन भी अपनी किस्मत आजमा रही थीं। वहीं, ग्राम पंचायत के कुल 13 वार्डों में से पांच वार्डों में वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। रोशनी देवी उप सरपंच निर्वाचित हुई। इस शानदार जीत के बाद गांव में पिछले दो दिनों से जश्न का माहौल बना हुआ है। जीत के पश्चात गांव में होली और दीपावली एक साथ देखने को मिली। समर्थकों व ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया, वहीं आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजियों का नजारा देखने को मिला। नवनिर्वाचित सरपंच ईशा कासनिया और समाजसेवी इंद्रसेन कासनिया ने गांव में घर-घर जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की और इस ऐतिहासिक समर्थन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।



नवगठित ग्राम पंचायत के लिए पंचायत भवन उपलब्ध करवाने की मांग

सीमा सन्देश# श्रीविजयनगर। नवगठित ग्राम पंचायत 12 बीएलएम (ए) की सरपंच सोपती मेघवाल ने पंचायत कार्यालय के संचालन हेतु उपयुक्त सरकारी भवन अथवा स्थान उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। सरपंच सोपती मेघवाल ने मांग पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत 12 बीएलएम (ए) नवगठित ग्राम पंचायत है, जहां हाल ही में सरपंच पद के चुनाव संपन्न हुए हैं। वर्तमान में ग्राम पंचायत के पास अपना पंचायत भवन अथवा कार्यालय संचालित करने के लिए कोई निर्धारित स्थान उपलब्ध नहीं है। इसके अभाव में ग्रामीणों के प्रशासनिक कार्यों, जनसमस्याओं के निस्तारण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच सोपती मेघवाल ने उपखंड अधिकारी से जनहित एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत कार्यालय के लिए शीघ्र उपयुक्त सरकारी भवन अथवा स्थान उपलब्ध करवाने की मांग की, ताकि पंचायत के कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकें तथा आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके।

लीलादेवी रतनपुरा की निर्विरोध उपसरपंच बनी

रतनपुरा। ग्राम पंचायत रतनपुरा (75 एलएनपी) में श्रीमती लीला देवी पत्नी बलराम तरड़ को पंचायत चुनाव में निर्विरोध उपसरपंच बनाया गया। इस मौके पर पंचायत के अनेक ग्रामीण व सरपंच उपस्थित थे। सभी ने लीला बलराम तरड़ को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उप सरपंच लीला देवी ने सभी ग्रामीणों व ग्राम पंचायत के पंचों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे गांव के विकास में योगदान देंगी और सभी को साथ लेकर कार्य करेंगी।



पंचायत चुनाव में मिली भाजपा को कामयाबी, गांवों को नशामुक्त बनाने का आह्वान

सीमा सन्देश# श्रीविजयनगर



पंचायत चुनावों में पूर्व विधायक बलवीर सिंह लूथरा का राजनीतिक प्रभाव देखने को मिला। चुनाव के दौरान उन्होने विभिन्न ग्राम पंचायतों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में नुक्कड़ सभाएं आयोजित करने के साथ रैलियों के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क किया। इसका असर कई ग्राम पंचायतों में देखने को मिला जहां भाजपा समर्थित सरपंच प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की । चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित सरपंचों ने पूर्व विधायक बलवीर सिंह लूथरा के निवास पर मुलाकात की और मिठाई बांटी। लूथरा ने नवनिर्वाचित सरपंचों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने सरपंचों से अपने-अपने गांवों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाने, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने तथा गांवों को नशामुक्त बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास करने का आह्वान किया। युवाओं को शिक्षा एवं खेल गतिविधियों से जोड़कर सकारात्मक दिशा देने पर जोर दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंचों में 7 एपीडी भातिवाला से जगदीप कौर संधू, 41 जीबी से राजवीर सिंह निज्जर, 12 जीबी से सिदक कौर थिंद, 20 जीबी से सीता देवी, 14 बीजीडी गोगामेड़ी से देशराज ओड, 5 एएस मोटरासर से निर्मल कौर चहल, 8 एसटीबी से संतराम कड़वासरा, 17 जीबी से जसपाल सिंह राणा, 6 जेकेएम से चावली देवी नायक, 12 बीएलएम डबजाल से सोपती, सलेमपुरा से गुरविंद्र सिंह सिद्ध (मंगा) तथा 48 जीबी (ए) रेडबग्गी से कलावती देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



ड्यूटी के दौरान हेड कांस्टेबल रतनलाल का निधन

सीमा सन्देश# रतनगढ़। हेड कांस्टेबल रतनलाल का ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से पुलिस विभाग और पैतृक गांव सुलखनिया में शोक की लहर छा गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रतनगढ़ तहसील के गांव सुलखनिया निवासी हेड कांस्टेबल रतनलाल वर्तमान में फतेहपुर में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उनका निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिजनों और पुलिस विभाग में शोक व्याप्त हो गया। बुधवार को उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव सुलखनिया लाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। पुलिसकर्मियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी। इस दौरान ग्रामीणों, परिजनों और पुलिसकर्मियों की आंखें नम हो गईं। रतनलाल के निधन से पुलिस विभाग ने अपना एक कर्तव्यनिष्ठ साथी खो दिया। गांव में शोक का माहौल रहा। ग्रामीणों एवं पुलिसकर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



दुलीचंद घोड़ेला की माता का निधन

कीकरवाली। खेमकरण न्यूज एजेंसी के संचालक दुलीचन्द घोड़ेला की माता परमेश्वरी देवी का विगत दिनों स्वर्गवास हो गया था। उनके निधन पर गणमान्य लोगों ने अपनी ओर से संवेदना जताते हुए शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया। परमेश्वरी देवी की आत्मिक शांति के लिए रस्म पगड़ी एवं पाणी ढाल का कार्यक्रम 20 नवंबर को उनके कीकरवाली स्थित निवास पर होगा। 'सीमा सन्देश' घोड़ेला परिवार के प्रति गहन सम्वेदना व्यक्त करता है।

महिला जनप्रतिनिधि अपना दायित्व स्वयं निर्वाह करें

श्रीकरणपुर



आरक्षण के चलते जो महिलाएं मतदाताओं द्वारा जनप्रतिनिधि चुनी जाती हैं, उसके बाद भी चुनी गईं महिला जनप्रतिनिधि कामकाज स्वयं नहीं देख पातीं, उनके कार्य को उस महिला जनप्रतिनिधि के पति अथवा परिवार के अन्य पुरुष द्वारा निर्वाह किया जाता है, जो कि सरकार के नियमों का उल्लंघन तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य के विपरीत है। वूमेन हेल्पिंग हैंड वेलफेयर सोसाइटी की संयोजिका तेजेंद्रपाल कौर बराड़ ने कहा कि सरकार को इस और अवश्य ध्यान देना चाहिए। वूमेन सोसाइटी की बैठक में उपस्थित वूमेन हेल्पिंग हैंड वेलफेयर सोसाइटी की जिन्द्र कौर, किरनजीत कौर, कलविन्द्र कौर, सोनू खोट, अनीता सोनी, कमल छाबडा, जसवीर कौर व संयोजिका तजिन्द्रपाल कौर बराड़ ने सरकार से मांग की है कि हाल ही में जो जिला परिषद , पंचायत समिति के सदस्यों , सरपंचों और पंचों के चुनाव हुए हैं उसमें यह सुनिश्चित किया जाए कि जो महिला जनप्रतिनिधि हैं वह अपना कार्यभार स्वयं देखेंगी। पंचायत समिति में 36 सरपंचों में से 16 महिला सरपंच बनी हैं।



एथलेटिक्स मीट की ओवरऑल चैम्पियनशिप खालसा कॉलेज ने जीती

भविष्य सिंह व दीपिका बने सर्वश्रेष्ठ एथलीट; चूरू जिले के कॉलेज द्वितीय रहे

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के तत्वावधान में एसजीएन खालसा पीजी कॉलेज, श्रीगंगानगर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 22वीं अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट 2026-27 का गुरुवार को उत्साह और खेल भावना के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया।



दोनों वर्गों में कॉलेज का दबदबा: एसजीएन खालसा पीजी कॉलेज ने महिला और पुरुष दोनों वर्गों में ओवरऑल चैंपियनशिप हासिल की। महिला वर्ग में कॉलेज ने 57 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राजकीय लोहिया कॉलेज, चूरू द्वितीय रहा। पुरुष वर्ग में एसजीएन खालसा कॉलेज ने 79 अंकों के साथ चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। पुरुष वर्ग में मोहता पीजी कॉलेज, सादुलपुर द्वितीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर एसजीएन खालसा कॉलेज के भविष्य सिंह को सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट तथा दीपिका को सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट घोषित किया गया।

विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन: अंतिम दिन महिला वर्ग की 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में एसजीएन खालसा कॉलेज की अनामिका, कविता, निशा और चांदनी कुमारी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बाधा दौड़ में कोमल, लंबी कूद में चंचल कुमारी तथा त्रिकूद में अनामिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मोहता पीजी कॉलेज, सादुलपुर के विकेश कुमार सिंह प्रथम तथा एसजीएन खालसा कॉलेज के सौरभ द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ में एसजीएन खालसा कॉलेज के अरुण कुमार प्रथम और साहिल चौधरी द्वितीय रहे। 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में भी एसजीएन खालसा कॉलेज की टीम विजेता रही।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा समापन समारोह: समापन समारोह में कॉलेज अध्यक्ष गुरंदित्ता सिंह बराड़, सचिव अवतार सिंह सिद्धू, स्पोर्ट्स डायरेक्टर सुरजीत सिंह, विवि प्रतिनिधि कुलवंत सिंह संधू, पर्यवेक्षक अमरजीत सिंह अटवाल और जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को आकर्षक बना दिया। तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. अनुप्रिया जैन ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी।

17 लाख का पंचाट पारित

सूरतगढ़। दुर्घटना में जान गंवाने वाले किसान के परिजनों को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 17 लाख 98 हजार 504 रुपए का पंचाट पारित किया है। अपर जिला न्यायाधीश एवं अधिकरण के पीठासीन अधिकारी महावीर सिंह चारण ने मुआवजा राशि पर 17 नवंबर 2021 से छह प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज देने के आदेश भी दिए हैं। प्रकरण अनुसार 25 अगस्त 2021 की रात करीब साढ़े 9 बजे बजरंगलाल मोटरसाइकिल से 22एलजीडब्ल्यू से अपनी ढाणी 2डीबीएन भगवानगढ़ लौट रहे थे। 22एलजीडब्ल्यू बस स्टैंड के पास कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी कृष्णा, दो पुत्र, एक पुत्री व माता गुड्डी ने न्यायालय में 51 लाख 20 हजार रुपए मुआवजे का परिवाद दायर किया। आदेश के तहत मृतक की पत्नी को 10 लाख 79 हजार 104 रुपए व अन्य चार आश्रितों को 1 लाख 79 हजार 850 रुपए प्रति व्यक्ति देने तय किए गए हैं। बीमा कंपनी को राशि ब्याज सहित दो माह में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

5 साल की लिवांशी ने स्केटिंग में जीते स्वर्ण-रजत पदक

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



धूम स्केटिंग क्लब की 5 वर्षीय नन्ही स्केटर 'वंडर गर्ल' लिवांशी वधवा ने जयपुर में आयोजित चार दिवसीय राजस्थान राज्य रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। जवाहर नगर स्थित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल की यूकेजी छात्रा लिवांशी ने इनलाइन गर्ल स्केट्स वर्ग में तीन लैप रिंक रेस में स्वर्ण तथा दो लैप रिंक रेस में रजत पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर एडीएम (आईएएस) नयन गौतम, एडीएम अश्वनी के. पवार और हॉर्टिकल्चर विभाग की डिप्टी डायरेक्टर प्रीति गर्ग ने लिवांशी को सम्मानित किया। जोन वुड फायर के संचालक दिवेश शर्मा ने भी उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। धूम स्केटिंग क्लब के मुख्य कोच हिमालय और एमडी एवं कोच संजय ने बताया कि लिवांशी ने तीन वर्ष की उम्र में प्रशिक्षण शुरू किया था। अब तक वह 18 पदक जीत चुकी हैं, जिनमें 14 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य शामिल हैं। पिता अमित वधवा और माता रितु वधवा ने बताया कि लिवांशी गोवा स्केटिंग फेस्टिवल की तैयारी कर रही हैं।

डाकघरों में 1.17 करोड़ की वित्तीय अनियमितता, सीबीआई ने पाँच कर्मियों पर दर्ज किया मुकद्दमा

सीमा सन्देश # सुजानगढ़



चूरू जिले के सुजानगढ़ स्थित डाकघरों में नकदी लेनदेन और कैश ट्रांजिट के नाम पर 1 करोड़ 17 लाख 63 हजार 380 रुपए की वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), जोधपुर ने पांच डाककर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीबीआई की एफआईआर में पोस्टल असिस्टेंट एवं ट्रेजरर कृष्णपाल यादव, सुरेश कुमार बाकोलिया, विकास कुलदीप, सब पोस्टमास्टर राम निवास जाट तथा नया बास उप डाकघर, सुजानगढ़ के तत्कालीन सब पोस्टमास्टर विनय कुमार चौहान को नामजद किया गया है।

आउटवर्ड और इनवर्ड ट्रांजिट में सामने आई गड़बड़ी: विभागीय रिकॉर्ड की जांच में डाकघरों के बीच नकदी आवागमन से संबंधित कुल 1,17,63,380 रुपए की राशि लंबित ट्रांजिट के रूप में दर्ज पाई गई। इसमें 24 लाख 22 हजार 700 रुपए आउटवर्ड ट्रांजिट फ्रॉड तथा 93 लाख 40 हजार 680 रुपए इनवर्ड ट्रांजिट फ्रॉड से जुड़े बताए गए हैं। आउटवर्ड ट्रांजिट में डाकघर से अन्य डाकघरों को भेजी गई नकदी का हिसाब लंबित मिला, जबकि इनवर्ड ट्रांजिट में दूसरे डाकघरों से प्राप्त होने वाली राशि का लेखा-जोखा दर्ज नहीं होने की अनियमितता सामने आई।

विभागीय शिकायत के आधार पर कार्रवाई : चूरू डाक मंडल के अधीक्षक अमित कुमार जैन ने 10 नवंबर 2026 को सीबीआई को लिखित शिकायत दी थी। इसके बाद विभागीय रिकॉर्ड और शिकायत के आधार पर सीबीआई जोधपुर ने मामला दर्ज किया। फिलहाल जांच एजेंसी वित्तीय रिकॉर्ड, नकदी लेनदेन और संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की पड़ताल कर रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि इतनी बड़ी राशि में अनियमितता किस स्तर पर हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सीबीआई ने स्पष्ट किया है कि एफआईआर में नाम दर्ज होना आरोप सिद्ध होना नहीं है।

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 28 को, 10 केन्द्रों पर होगा आयोजन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, महियांवाली (श्रीगंगानगर-प्रथम) में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर 2026 (शनिवार) को आयोजित होगी। परीक्षा के लिए ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं।

ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों सुविधाएं उपलब्ध

अभ्यर्थी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट से अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं, जिन अभ्यर्थियों को ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध नहीं है, वे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय (श्रीगंगानगर, पदमपुर, सादुलशहर एवं करणपुर) तथा पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, महियांवाली से भी एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

10 परीक्षा केंद्र बनाए गए

प्रवेश परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए श्रीगंगानगर ब्लॉक में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। ये केंद्र श्रीगंगानगर, पदमपुर, सादुलशहर और करणपुर में स्थापित किए गए हैं। विद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय पर प्रवेश पत्र प्राप्त कर निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की अपील की है।

कथा में संत प्रह्लाद महाराज ने दिया समय प्रबंधन और त्याग का संदेश



सीमा सन्देश # रतनगढ़

पौदार गेस्ट के मैदान में आयोजित श्रीराम कथा में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। कथा के दौरान संत प्रह्लाद महाराज ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार, त्याग और जीवन प्रबंधन की प्रेरणा दी। संत प्रह्लाद महाराज ने कहा कि महापुरुषों की वाणी का श्रवण करने से मनुष्य के भीतर सकारात्मक चेतना का संचार होता है। उन्होंने समय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो व्यक्ति समय का सदुपयोग करता है, वह जीवन में निरंतर सफलता की ओर बढ़ता है। भरत चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि प्रेम, त्याग, समर्पण और भाईचारे की सीख भरत के जीवन से मिलती है। उनका चरित्र निस्वार्थ प्रेम और आदर्शों का अनुपम उदाहरण है। कथा के प्रारंभ में राहुल एवं कुणाल व्यास ने व्यासपीठ पूजन किया। प्रभात फेरी में भी श्रद्धालुओं ने उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर संत रामकिशोरशरण महाराज, विधायक पूसाराम गोदारा, जोधराज बैद, वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी, काशीराम सीमार, पालिकाध्यक्ष सुनील शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

लिटल टैगोरियन्स की टीम ने जीता परशुराम प्रीमियम क्रिकेट लीग सीजन 5



सीमा सन्देश# सूरतगढ़

परशुराम प्रीमियम क्रिकेट लीग सीजन-5 में पहली बार आयोजित जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता में लिटल टैगोरियन्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में टीम ने पुष्करणा रॉयल्स को रोमांचक शिकस्त देकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रस्तावित न्यायालय भवन जगह में दूधिया रोशनी में आयोजित नाइट चैम्पियनशीप के जूनियर खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल से खूब वाहवाही बटोरी।

कप्तान रामेष्ट जेतली के नेतृत्व में टीम के लक्ष्य पराशर, रचित सारस्वत, गौतम शर्मा, जगमीत शर्मा, पारस, नव शर्मा, पीयूष पुरोहित, तनिष्क तावनिया, लोकेश कुमार व तनिष्क कुमार ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गौतम शर्मा को मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। टीम के कोच प्रांजल जेतली व शिवम सैनी रहे। टीम के मुख्य स्पॉन्सर डॉ. सचिन जेतली, नितिन पराशर व मोहित जेतली रहे। उल्लेखनीय है कि पिछले पांच वर्षों से आयोजित की जा रही परशुराम प्रीमियम क्रिकेट लीग में इस बार 8 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए जूनियर प्रतियोगिता शुरू की गई। मुख्य स्पॉन्सर नितिन पराशर ने आभार जताया। टीम प्रबंधन में प्रशांत वर्मा, जितेंद्र शर्मा, श्रीकांत सारस्वत, नव्या शर्मा, मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे। पं. जगदीश शर्मा व प्रबंध निदेशक डॉ. सुशील जेटली, सचिव प्रवीण शर्मा, मोनिका शर्मा व नीतू शर्मा ने बधाई दी।

जमीन व ढाणी पर कब्जे को लेकर विवाद

सूरतगढ़। राजियासर थाना क्षेत्र के गांव गोविंदसर में जमीन व ढाणी पर कब्जे को लेकर चल रहे विवाद में 65 वर्षीय महिला व उसके बेटे के साथ कथित रूप से लाठियों से हमला करने का मामला सामने आया है। गोविंदसर निवासी रोशनी देवी पत्नी गौरीशंकर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 11 नवंबर को अपराह्न करीब तीन बजे चंदूराम उसके बेटे उमेश व अमन, पत्नी राजबाला, महिला के बेटे पूर्णराम व उसकी पत्नी कमलेश लाठियां लेकर ढाणी में आए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उमेश ने रोशनी देवी के दाहिने पैर में घुटने के ऊपर लाठी से चोट मारी और मां को बचाने पहुंचे बेटे राजकुमार पर पूर्णराम ने हमला कर दिया। परिवादिया ने आरोप लगाया कि रिश्तेदार लंबे समय से जमीन व ढाणी पर कब्जा कर उसे बेदखल करने की कोशिश कर रहे हैं। इस विवाद में गुरभजन सिंह सहित कुछ अन्य लोगों पर आरोपियों को उकसाने का भी आरोप लगाया गया है। मामले की जांच हवलदार टीकमचंद कर रहे हैं।

चुनावी मतभेदों को मनभेद में नहीं बदलना चाहिए : पूनिया



मंडी 365 हैड। खानूवाली ग्राम पंचायत 17 केएनडी में सरपंच पद का चुनाव लड़ने वाले पूर्व सरपंच श्रवण कुमार पूनिया ने चुनाव परिणाम को सहर्ष स्वीकार करते हुए ग्रामीणों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। चुनाव में हार के बाद उनके समर्थकों और ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से सवा सात लाख रुपए की राशि एकत्र कर उन्हें भेंट की। श्रवण कुमार पूनिया ने कहा कि लोकतंत्र में हार-जीत स्वाभाविक प्रक्रिया है। जनता ने जो निर्णय दिया है, वह उन्हें पूरी तरह स्वीकार है। उन्होंने कहा कि चुनाव में भले ही उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन ग्रामीणों के साथ उनका रिश्ता, विश्वास और भाईचारा हमेशा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि चुनावी मतभेदों को मनभेद में नहीं बदलना चाहिए। गांव के किसी भी व्यक्ति का काम चुनावी परिणाम के कारण प्रभावित नहीं होगा। जनता को जब भी उनकी जरूरत होगी, वे हमेशा सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। पूनिया ने कहा कि चुनाव केवल पांच वर्ष के लिए होता है, जबकि गांववासियों के बीच संबंध और अपनापन जीवनभर कायम रहते हैं। उनका उद्देश्य पहले भी ग्रामीणों की सेवा करना था और भविष्य में भी वे इसी भावना के साथ लोगों के बीच रहकर कार्य करते रहेंगे।

सूरतगढ़: थानाधिकारी सहित पुलिसकर्मियों को व्यक्तिगत रूप से होना होगा उपस्थित

सूरतगढ़। न्यायालय से जारी जमानती वारंट की करीब दो माह तक पालना नहीं होने पर अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमोहन चंदेल ने सिटी थानाधिकारी कलावती चौधरी सहित संबंधित पुलिसकर्मी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब देने के आदेश दिए हैं। अदालत ने पुलिस की तामील रिपोर्ट को प्रथम दृष्टया त्रुटिपूर्ण मानते हुए कागजी औपचारिकता पर सवाल भी उठाए हैं। मामला मोहम्मद शाह बनाम खुदाबख्श से संबंधित वित्तीय लेन-देन का है। आरोपी के खिलाफ जारी जमानती वारंट की पालना नहीं होने पर परिवादी पक्ष के अधिवक्ता विवेक सेतिया ने न्यायालय में आपत्ति उठाई। न्यायालय के रिकॉर्ड के अनुसार 14 सितंबर को एलसी को वारंट सौंपा गया था। अदालत ने टिप्पणी की, कि बिना ठोस आधार के रिपोर्ट देकर कानूनी दायित्व से बचने का प्रयास न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करता है। बार-बार तारीखें बढ़ने से आम लोगों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा कमजोर होता है और न्याय में देरी उसके न मिलने के समान है।

पूर्व विधायक पं. जयदेव इंदौरिया को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



सीमा सन्देश # रतनगढ़। पूर्व विधायक पं. जयदेवप्रसाद इंदौरिया की पुण्यतिथि पर शहर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने उनके व्यक्तित्व, जनसेवा और सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में सुबोध सारस्वत, गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति अध्यक्ष जयप्रकाश ताम्रायात, सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी अनवर कुरैशी, समाजसेवी विनोद डागा एवं निरंजन ताम्रायात ने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि पं. इंदौरिया का सार्वजनिक जीवन जनसेवा, सामाजिक समर्पण और जनहित के कार्यों के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता रमेशचंद्र इंदौरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष रमेश कुमावत, पार्षद संतोष इंदौरिया, रामनारायण व्यास, राजेश गहलोत सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों और सेवाभाव को स्मरण किया।

रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर लक्ष्मीबाई चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवाओं और नागरिकों ने चौक की साफ-सफाई कर महारानी लक्ष्मीबाई को पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को याद किया। समाजसेवी योगेश स्वामी और पार्षद किशनलाल स्वामी के नेतृत्व में युवाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। इसके बाद रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। महारानी लक्ष्मीबाई अमर रहें, भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से वातावरण देशभक्ति से भर गया। योगेश स्वामी और किशनलाल स्वामी ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई भारतीय इतिहास की महान वीरांगना और नारी शक्ति की प्रतीक थीं। उनका जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है।

उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह शेखावत, इंजी. रमेशचंद्र माथुर, एड. सहदेव जोशी, रतन शर्मा, प्रेम अग्रवाल, बंशीधर सोनी, कमलेश शेवदा, लालचंद स्वामी और योगेश कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

श्री बालाजी के दरबार में लगाई हाजिरी

सादुलशहर। चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड की अगुवाई में श्रद्धालुओं का पैदल यात्रा जत्था सालासर धाम पहुंचा। यहां विधि विधान से पूजा-अर्चना कर श्री बालाजी के समक्ष धोक लगाई। पवित्र ध्वजा भी अर्पित की गई। इलाके की सुख-शांति एवं खुशहाली का प्रार्थना कर प्रसाद अर्पित किया। श्री बालाजी के दरबार में हाजिरी लगाने वालों में खीचड के अलावा पार्षद प्रतिनिधि स्वरूप चौधरी, साजन पायलट, एडवोकेट महेंद्र शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, प्रदीप मूढ आदि शामिल थे।

122 टेबलों पर 106 राउंड में होगी मतगणना, दोपहर तक साफ होने लगेंगे जीत-हार के संकेत

चूरू में आज खुलेगा पंचायत चुनाव का पिटारा, 13 पंचायत समितियों और जिला परिषद सीटों का आएगा फैसला

सीमा सन्देश # चूरू



पंचायतीराज चुनाव के बाद अब प्रत्याशियों और समर्थकों की निगाहें मतगणना पर टिक गई हैं। जिले की 13 पंचायत समितियों और जिला परिषद सदस्य पदों के चुनाव परिणाम शुक्रवार को घोषित किए जाएंगे। चूरू के राजकीय लोहिया महाविद्यालय में सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। प्रशासन का अनुमान है कि दोपहर 12 बजे तक कई सीटों पर चुनावी तस्वीर साफ होने लगेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि मतगणना को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के लिए करीब 1000 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा 2500 से अधिक काउंटिंग एजेंट और प्रत्याशी भी मतगणना प्रक्रिया में शामिल होंगे।

अलग-अलग कक्षों में होगी मतों की गणना : जिले की सभी 13 पंचायत समितियों के लिए अलग-अलग मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। इनमें पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य पदों के मतों की गणना एक साथ की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मतगणना केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहेगा। मतगणना की शुरूआत सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती से होगी। इसके बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गणना की जाएगी। सभी काउंटिंग एजेंटों और कर्मचारियों को सुबह 6 बजे तक मतगणना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

122 टेबलों पर पूरी होगी 106 राउंड की मतगणना : जिले में मतगणना के लिए कुल 122 टेबलें लगाई गई हैं। इनके माध्यम से 106 राउंड में मतों की गिनती पूरी होगी। पंचायत समितियों में वार्डों की संख्या और टेबलों के आधार पर राउंड निर्धारित किए गए हैं। रतनगढ़ में सबसे अधिक 15 टेबलों पर 11 राउंड में मतगणना होगी। सुजानगढ़ में 13 टेबलों पर 10 राउंड, बीदासर में 12 टेबलों पर 7 राउंड और राजगढ़ में 9 टेबलों पर 9 राउंड में गणना होगी। वहीं सरदारशहर, चूरू, तारानगर, सिद्धमुख, चांदगोठी सहित अन्य पंचायत समितियों में भी निर्धारित टेबलों और राउंड के अनुसार मतगणना होगी।

प्रत्याशियों की धड़कनें तेज, आज होगा राजनीतिक भविष्य का फैसला: अलग-अलग पंचायत समितियों में वार्डों की संख्या और राउंड के अंतर के कारण परिणाम आने का समय भी अलग-अलग रहेगा। अधिक राउंड वाली पंचायत समितियों के नतीजे देर से आने की संभावना है, जबकि कम राउंड वाली सीटों के परिणाम पहले घोषित हो सकते हैं। मतगणना के साथ ही गांवों की चौपालों से लेकर राजनीतिक गलियारों तक हलचल बढ़ जाएगी। ईवीएम में बंद प्रत्याशियों की किस्मत शुक्रवार को खुलेगी और तय होगा कि किसके सिर जीत का ताज सजेगा तथा किसे हार का सामना करना पड़ेगा।

‘टाइम 100 नेक्स्ट इंडिया’ में भारत के 100 उभरते चेहरों को जगह

रिलायंस की पार्टनरशिप में भारत में लॉन्च हुआ टाइम का पहला इंटरनेशनल एडिशन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, फिल्म निर्माता आर्यन खान और क्रिकेट के युवा सितारे वैभव सूर्यवंशी समेत भारत के 100 उभरते चेहरों ने टाइम की प्रतिष्ठित सूची में स्थान बनाया है। दुनिया की प्रसिद्ध मैगजीन टाइम ने पहली बार भारत के लिए ‘टाइम 100 नेक्स्ट इंडिया’ सूची जारी की है। इसमें फिल्म, क्रिकेट, बिजनेस, विज्ञान, संगीत और सामाजिक बदलाव से जुड़े ऐसे लोगों को शामिल किया गया है, जो अपने क्षेत्रों में नई पहचान बना रहे हैं। विशेष बात यह है कि यह अंक रिलायंस की पार्टनरशिप में भारत में लॉंच हो रहा है।



सूची में कई क्षेत्रों की प्रतिभाओं को मिली जगह

टाइम की इस पहली इंटरनेशनल एडिशन सूची में केवल बॉलीवुड और क्रिकेट ही नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को स्थान दिया गया है। खेल जगत से हरमनप्रीत कौर, लवलीना बोरगोहेन और सानिया मिर्जा शामिल हैं। संगीत क्षेत्र से दिलजीत दोसांझ और अनिरुद्ध रविचंदर को जगह मिली है। वहीं बिजनेस और टेक्नोलॉजी क्षेत्र में पीयूष बंसल, अलबिंदर सिंह ढींडसा, तरुण मेहता और राधिका गुप्ता जैसे नाम शामिल हैं। विज्ञान और अंतरिक्ष क्षेत्र से अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को भी सूची में स्थान मिला है।

भारत की नई पीढ़ी पर टाइम का भरोसा : टाइम की सीईओ जेसिका सिबली ने कहा कि भारत में नई पीढ़ी के ऐसे नेतृत्वकर्ता उभर रहे हैं, जिनके विचार और कार्य का प्रभाव वैश्विक स्तर पर दिखाई दे रहा है। टाइम के एडिटर-इन-चीफ सैम जैकब्स ने कहा कि यह पीढ़ी भारत के साथ-साथ दुनिया के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। टाइम के पत्रकारों ने भारत और दुनिया भर से चयन प्रक्रिया पूरी कर इन 100 नामों को चुना है। ‘टाइम 100 नेक्स्ट इंडिया’ का गाला 12 दिसंबर को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। इसका विशेष अंक 7 दिसंबर को दुनियाभर के न्यूजस्टैंड्स पर उपलब्ध होगा।

तीन ग्लोबल कवर पर भारतीय चेहरे

टाइम ने इस अवसर पर तीन ग्लोबल कवर जारी किए हैं। पहले कवर पर आलिया भट्ट, दूसरे पर अंतरिक्ष तकनीक कंपनी स्काईरूट के सह-संस्थापक पवन कुमार चंदाना और तीसरे ग्रुप कवर पर फिल्म निर्माता आर्यन खान, पायल कपाड़िया और थेजा रियो को जगह दी गई है। सूची में शामिल हस्तियों के बारे में कई प्रसिद्ध लोगों ने लेख लिखे हैं। एसएस राजामौली ने आलिया भट्ट, विशाल भारद्वाज ने आर्यन खान और आयुष्मान खुराना ने वैभव सूर्यवंशी पर अपनी राय व्यक्त की है।

खुशबू ने हासिल किया प्रथम स्थान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर की ओर से आयोजित एलएलएम प्रथम एवं द्वितीय वर्ष परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें नेहरू मेमोरियल विधि महाविद्यालय, हनुमानगढ़ टाउन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। दोनों कक्षाओं में विद्यार्थियों ने प्रथम तीन स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। एलएलएम द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में खुशबू ग्रोवर पुत्री मुकेश ग्रोवर ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दुर्गेश अरोड़ा पुत्र भगवानदास अरोड़ा द्वितीय तथा अंजली पुत्री जगबीर ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार एलएलएम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में रजनी बाला पुत्री विनोद कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरमनदीप सिंह पुत्र सुरिंद्र सिंह द्वितीय तथा समृद्धि बिश्नोई ने तृतीय स्थान हासिल किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीताराम ने बताया कि एलएलएम प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर की वरीयता सूची में भी उच्च स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है।

गर्ल्स कॉलेज में कौमी एकता सप्ताह का शुभारम्भ, विचार गोष्ठी व प्रतियोगिता हुई

एनएसएस की चारों इकाइयों ने राष्ट्रीय एकता पर किया मंथन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया के नेतृत्व में कौमी एकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर व्याख्यानमाला, विचार गोष्ठी और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय एकता में नागरिकों की भूमिका पर चर्चा

कार्यक्रम में सहायक आचार्य इतिहास श्री वीरेंद्र सिंह यादव ने ‘राष्ट्रीय एकता एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सांप्रदायिक सद्भाव का महत्व’ विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में नागरिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। द्वितीय वक्ता डॉ. मोनिका कटारिया ने ‘कौमी एकता, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक विविधता’ विषय पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और सभी धर्मों व समुदायों के प्रति सम्मान तथा सद्भाव की भावना आवश्यक है।

सप्ताहभर होंगी विविध गतिविधियां

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द पर अपने विचार प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। उपस्थित स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। एनएसएस प्रभारी डॉ. मोनिका कटारिया ने बताया कि 19 से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाले कौमी एकता सप्ताह में काव्य पाठ, देशभक्ति गायन, प्रांतीय नृत्य और वेशभूषा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोनिका कटारिया, सारिका, संतोष परिहार और सुश्री ममता के निर्देशन में किया गया।

आरएसएमएमएल में पेंशनर्स के जीवन प्रमाण पत्र के सत्यापन के लिए शिविर

उदयपुर। राजस्थान स्टेट माइन्स एंड मिनरल्स लिमिटेड (आरएसएमएमएल) द्वारा पेंशनर्स की सुविधा के लिए जीवन प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन 18 अक्टूबर से संस्था के मुख्य कार्यालय में किया जा रहा है। यह पहल राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवासन की प्रेरणा तथा आरएसएमएमएल के प्रबंध निदेशक पी. रमेश एवं वित्तीय सलाहकार व मुख्य वित्तीय अधिकारी भारती राज के मार्गदर्शन में आरएसएमएमएल पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से आयोजित की जा रही है। शिविर का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को



जीवन प्रमाण पत्र सत्यापन की प्रक्रिया सरल और सुविधाजनक रूप से उपलब्ध कराना है। इसमें करीब 200 पेंशनर्स के शामिल होने की संभावना है। पेंशनर्स को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने में सहयोग और मार्गदर्शन दिया जा रहा है। आरएसएमएमएल की यह पहल अपने पूर्व कर्मचारियों के प्रति सम्मान और कल्याण भावना को दर्शाती है।

पॉक्सो कोर्ट से भागा, पहाड़ियों से दबोचा

अलवर। पॉक्सो कोर्ट परिसर में पेशी पर लाए गए एक आरोपी ने गुरुवार को चालानी गार्ड रजत कुमार को नुकीली वस्तु से घायल कर फरार होने का प्रयास किया। आरोपी कोर्ट परिसर से भागकर बाला किला की पहाड़ियों में छिप गया, लेकिन जज के ड्राइवर संजय कुमार ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। बाद में अखेपुरा थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। मामले की जांच जारी है।

कन्या महाविद्यालय में ‘आओ संविधान को जानें’ कार्यक्रम शुरू

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता और संवैधानिक मूल्यों की समझ विकसित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय विशेष कार्यक्रम ‘आओ संविधान को जानें’ शुरू किया गया। यह कार्यक्रम 19 से 26 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस ‘सफर संविधान का’ विषय पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की गई। इसके माध्यम से छात्राओं को संविधान निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संविधान सभा की भूमिका, संविधान निमार्ताओं के योगदान और भारतीय लोकतंत्र की विकास यात्रा से अवगत कराया गया।

प्राचार्या प्रो. पूनम सेतिया ने छात्राओं को संविधान के मूल्यों,



लोकतांत्रिक आदर्शों, नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. सोहनलाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान व्याख्यान, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, पोस्टर प्रतियोगिता और संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी। सहायक आचार्य गरिमा यादव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में संवैधानिक चेतना और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम में संकाय सदस्य व छात्राएं उपस्थित रहीं।

पाकिस्तानी हिन्दु परिवारों ने किया हनुमान चालीसा हवन

कुंडा (प्रतापगढ़)। बेंती में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश देखने को मिला। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थी परिवारों के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा हवन में भाग लिया। अनुष्ठान से पहले सभी परिवारों का तिलक लगाकर और कलावा बांधकर स्वागत किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्हें अलग-अलग यज्ञ कुंडों में बैठाकर पूजन कराया गया। पाकिस्तानी हिंदू परिवारों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर आहुतियां अर्पित कीं और आयोजकों का आभार जताया।

अक्षय नवमी पर आँवला पूजन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। गांव दुल्लापुर कैरी में अक्षय नवमी पर आँवला पूजन किया गया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर आँवला पूजन किया जाता है। मान्यता है कि आँवला के पेड़ में भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और भगवान शिव का वास होता है। पेड़ की जड़ में जल अर्पित कर रोली, अक्षत, पुष्प, कलावा व प्रसाद चढ़ा कर परिक्रमा की गई। डॉ. वाटिका किनरा ने बताया कि अक्षय नवमी के समय मौसम में बदलाव होने लगता है। शरद ऋतु की शुरूआत के साथ आँवले का फल भी बाजार में आने लगता है। आँवला सेहत के लिए काफी सेहतमंद माना जाता है। इसमें विटामिन ‘सी’ के साथ कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने में मदद करते हैं। नर्स विजयलक्ष्मी जेम्स, परिचारक केसरी बाई, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता पालकौर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

श्री खुशाल दास विवि में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए गुरुवार को इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अन्य उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. मयंक माथुर ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं, नियमों एवं व्यवस्थाओं से अवगत करवाया। साथ ही उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने और शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। विश्वविद्यालय के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विश्वविद्यालय निरंतर प्रयासरत है। यहां पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा एवं कौशल निखारने के पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाते हैं। वाइस चांसलर प्रो. डॉ. अमरजीत सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच का विशेष महत्व है। विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से उन्हें प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
क्षेत्रीय कार्यालय : 9वीं एवं 10वीं मंजिल, बीमा भवन एनबीसीसी सेंटर, सहकार मार्ग, जयपुर - 302015
फोन नं. 0141-2850440, 2850473, 9911672602

विषय- हनुमानगढ़ शहर में कार्यालय भवन लीज / किराए पर लेने हेतु

दो निविदा प्रणाली के अंतर्गत सील किए गए प्रस्तावों को व्यावसायिक परिसर को किराए पर लेने के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसमें हाल/हाल्स के रूप में 1000 Sq. Ft. (बाथरूम, शौचालय, बरामदा आदि को छोड़कर) कालीन क्षेत्र होना चाहिए। यह परिसर हनुमानगढ़ शहर में अंबेडकर सर्कल, लाल चौक, बस स्टैंड रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन रोड एवं आसपास के इलाकों में होना चाहिए। न्यूनतम 9 वर्षों की अवधि के लिए यह पट्टा होना चाहिए और उपयुक्त प्राधिकरण के साथ पंजीकृत किया जाएगा, जिसकी पंजीकरण शुल्क 50:50 आधार पर साझा की जाएगी। तकनीकी बोली और वित्तीय बोली केवल कालीन क्षेत्र के आधार पर चयनित की जाएगी। परिसर चालू हालत में होना चाहिए, जिसमें पावर बैकअप और महिलाओं एवं पुरुषों के लिए शौचालय हो, उचित वेंटिलेशन हो, और चौड़ी सड़क पर स्थित हो जिससे आसानी से प्रवेश किया जा सके।

इच्छुक पक्ष दो अलग-अलग लिफाफों में अपनी बोली प्रस्तुत कर सकते हैं, जिन पर “तकनीकी बोली” और “वित्तीय बोली” लिखा होना चाहिए। इन दोनों बोलियों को एक तीसरे लिफाफे में डालकर, जिस पर “किराए पर कार्यालय परिसर का प्रस्ताव” लिखा हो, निम्न पते पर भेजा जाना चाहिए: श्री गिरीश ए. मोहन, क्षेत्रीय प्रबंधक, एस्टेट विभाग, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, बीमा भवन, 9वीं और 10वीं मंजिल, एनबीसीसी सेंटर, सहकार मार्ग, जयपुर-302015। आवेदन 18.12.2026 को शाम 5:30 बजे तक जमा किए जाने चाहिए। तकनीकी बोली को 21.12.2026 को दोपहर 3:00 बजे खोला जाएगा।

बोली के प्रारूप को ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की व्यावसायिक कार्यालय, दुकान नंबर 22लोहा मंडी, रेल्वे स्टेशन रोड, हनुमानगढ़ टाउन - 335513 से कार्यालय समय में 17.12.2026तक प्राप्त किया जा सकता है या हमारी कंपनी की वेबसाइट www.orientalinsurance.org.in (टेंडर) से डाउनलोड किया जा सकता है। सील की गई बोलियों को निर्धारित समय और तिथि से पहले निविदाकार या उसके प्रतिनिधि द्वारा टेंडर बॉक्स में डाला जाना चाहिए। यदि कोई बोली देर से प्राप्त होती है या ट्रांजिट में खो जाती है तो कंपनी इसके लिए उत्तरदायी नहीं होगी। ब्रोकरों को कंपनी द्वारा कोई कमीशन नहीं दिया जाएगा और उनकी बोली के साथ मालिक की ओर से उन्हें बोली लगाने का अधिकार देने वाला पत्र संलग्न होना चाहिए। कंपनी बिना किसी कारण बताए सभी या किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

संजय जैन
उप महाप्रबंधक प्रभारी

नशे के जाल में फंस रही युवा पीढ़ी, गलत संगति व दोस्तों का दबाव बन रहा कारण



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन स्थित राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को ‘नई किरण नशा मुक्ति अभियान’ के तहत विशेष जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. रामपाल अहरोदिया ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद् एवं अधिवक्ता डॉ. सुचेता जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. अहरोदिया ने महाविद्यालय एवं राज्य स्तर पर संचालित ‘नई किरण नशा मुक्ति अभियान’ के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित जीवनशैली अपनाने और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. सुचेता जैन ने राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के आंकड़ों का हवाला देते हुए देश में नशे की भयावह स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि देश में लगभग 16 करोड़ लोग शराब का सेवन कर रहे हैं। वहीं करीब 3.1 करोड़ लोग भांग या गांजा उत्पादों तथा 2.26 करोड़ लोग अफीम और चिट्टा जैसे ओपिओइड्स के सेवन की गिरफ्त में हैं। इनमें से करोड़ों लोगों को नशामुक्ति उपचार की आवश्यकता है, लेकिन जागरूकता के अभाव में बहुत कम लोग ही उपचार के लिए आगे आ पाते हैं। डॉ. जैन ने कहा कि युवा अक्सर गलत संगति और दोस्तों के दबाव में आकर नशे की शुरुआत कर देते हैं। शुरुआत में इसे सामान्य आदत समझा जाता है, लेकिन धीरे-धीरे यह गंभीर लत बन जाती है। नशा व्यक्ति के शरीर को नुकसान पहुंचाने के साथ मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। इसका दुष्प्रभाव केवल नशा करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरा परिवार तनाव और अशांति का शिकार हो जाता है। इससे पारिवारिक एवं सामाजिक रिश्तों में भी दरार आने लगती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छी संगति अपनाने, दोस्तों के दबाव में गलत कदम नहीं उठाने और नशे से पूरी तरह दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति केन्द्र की प्रभारी भागवंती ने राज्यभर में संचालित ‘तंबाकू मुक्त युवा कैंपेन’ की जानकारी दी। उन्होंने तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशामुक्त एवं तंबाकूमुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई। इस मौके पर डॉ. भावना, कीर्ति गोयल, ममता, भगवाना राम सहित महाविद्यालय के अन्य संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर(राज.)
क्रमांक: नियमन/2026/9104 दिनांक: 20.11.2026
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 01 के किला नं. 24 में भूखण्ड संख्या जे-18 का माप 30'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री ठाकर दान निवासी 25, वार्ड नं0 06, नजदीक श्याम नगर, सिद्धि-विनायक एन्क्लेव, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पट्टा सं. 14076 दिनांक 15.03.2022 के द्वारा जारी किया गया था। आवेदक/पट्टाधारक द्वारा उक्त जारी पट्टे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पट्टे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पट्टा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पट्टा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पट्टे के आधार पर नया पट्टा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सुबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री ठाकर दान निवासी 25, वार्ड नं0 06, नजदीक श्याम नगर, सिद्धि-विनायक एन्क्लेव, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/जारी पट्टे के आधार पर चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 01 के किला नं. 24 में भूखण्ड संख्या जे-18 का माप 30'-0' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा **सचिव नगर विकास न्यास,श्रीगंगानगर**

सूचना सर्व साधारण हर खास व आम
सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मेरी कक्षिकारान लक्ष्मीदेवी पत्नी निरंजन कुमार जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 16, बगींची मोहल्ला, ऐलनाबाद व हर्षा मोदी पत्नी हरीश तलवाड़िया जाति अग्रवाल निवासी गली नं0 45 क्रोसिंग सरकूलर रोड अबोहर जिला फाजिल्का पार्टनर मैसर्स श्री बालाजी एग्रो इण्डस्ट्रीज, रावतसर जिला हनुमानगढ़ की संयुक्त रूप से मालिक है। उक्त इण्डस्ट्रीज के नाम रावतसर के चक 18 एन.डब्ल्यू.डी. के पेा नं. 132/24(7) के किला नं. 4, 7 की 0.506 है. यानि 5060 वर्गमीटर औद्योगिक प्रयोजनार्थ भूमि है। उक्त भूमि का रुपान्तरण के पश्चात् सर्वश्रेष्ठम बेचान सुनीतादेवी पत्नी बेगराज जाट जरिये मुखत्यारआम पति बेगराज जाट व नरेश कुमार पुत्र सुखलाल माहेश्वरी रावतसर द्वारा संयुक्त रूप से उप-पंजिकक रावतसर में पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 292, पृष्ठ संख्या 186, क्रम संख्या 2018032981027 59 दिनांक 12.11.2018 को श्री बालाजी एग्रो इण्डस्ट्रीज, रावतसर के पक्ष में पंजीकृत करवाया था। उक्त बेचान में जो मुख्तयारआम सुनीतादेवी जाट द्वारा अपने पति बेगराज जाट के पक्ष में दिनांक 06.11.2018 को तहसील परिसर रावतसर में नोटरी एडवोकेट श्री नत्थुराम शर्मा द्वारा तैयार किया गया था जो कि नोटरी एडवोकेट के रजिस्टर में क्रम संख्या 247 दिनांक 06.11.2018 पर दर्ज है। मेरी कक्षिकारान द्वारा रावतसर में स्थित श्री बालाजी एग्रो इण्डस्ट्रीज के परिसर से दिनांक 04.07.2026 को कहीं गुम हो गया है उस बाबत दिनांक 05.10.2026 को जरिये LR No.3304520/2026 द्वारा साईबर क्राईम पुलिस थाना राजस्थान, जयपुर में मूल मुख्तयारआम दिनांकित 06.11.2018 बहक बेगराज जाट के खोने की रिपोर्ट दर्ज करवा दी है मेरी कक्षीकारान ने उक्त मूल मुख्तयारआम को रावतसर स्थित श्री बालाजी एग्रो इण्डस्ट्रीज के परिसर में हर उस जगह तलाश की जहां उसके मिलने की पूर्ण सम्भावना थी, लेकिन उक्त मूल मुख्तयारआम मेरी कक्षीकारान को आज दिनांक तक कहीं नहीं मिला अगर भविष्य में उक्त मूल मुख्तयारआम मेरी कक्षीकारान को मिल जाता है तो इसकी सूचना सम्बन्धित पुलिस थाना को कर देगी, अगर इस बाबत कोई आपत्ति हो तो नोटिस प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर मेरे नीचे लिखे कार्यालय में आपत्ति दर्ज करवा सकता है व 7 दिवस के बाद में किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। यदि किसी व्यक्ति को उक्त मूल मुख्तयारआम मिले तो मेरे कार्यालय चैम्बर नं. 24 ए.डी.जे. कोर्ट कैम्पस रावतसर तहसील रावतसर को सूचित करें। **दिनांक : 12-10-2026**
- संजय बराड़ा एडवोकेट, चैम्बर नं. 24 ए.डी.जे. कोर्ट कैम्पस रावतसर तहसील रावतसर। मो. नं. 9414509865

कार्यालय नगरपालिका मण्डल नोहर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)
क्रमांक: नगरनो/कृ.भू.रू./2026-27/5603 दिनांक : 17/11/2026
आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री सतीश कुमार सहु पुत्र श्री हरी राम सहु जाति जाट निवासी कस्बां नोहर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़ (राज.) द्वारा कस्बां नोहर के सैक्टर नं. 05 नोहर में आवासीय भूखण्ड का साईज 2160 वर्गफुट यानि 200.74 वर्गमीटर का आवासीय भूमि से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन कराने हेतु निर्धारित प्रारूप के तहत प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया है। अतः कस्बां नोहर के सैक्टर नं. 05 नोहर में आवासीय भूखण्ड का साईज 2160 वर्गफुट यानि 200.74 वर्गमीटर का आवासीय भूमि से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने के संबंध में किसी को कोई ऐतराज हो तो 15 दिवस में कार्यालय समय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति मय सबूत प्रस्तुत करें। अन्यथा समय अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। सूचित रहे।
- **अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका नोहर**

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, "द श्रेणी" टिब्बी जिला हनुमानगढ़
क्रमांक : राजकाज संदर्भ संख्या 25485918 दिनांक : 17/11/2026
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
कृषि उपज मण्डी समिति टिब्बी द्वारा ई-निविदा सूचना संख्या 07/2026-27 राजकाज रेफरेन्स संख्या 25480686 दिनांक 17.11.2026 का प्रकाशन हेतु निम्न यूबीएन क्रमांक से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in, www.shpp.rajasthan.gov.in** व **www.eproc.rajasthan.gov.in** तथा विभागीय पोर्टल **agriculture.rajasthan.gov.in/mandi** पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

आईटम नं.	कार्य का विवरण	निविदा जमा कराने की अंतिम दिनांक व समय	निविदा खोलने/बोली की तिथि व समय
1	सफाई एण्ड इनस्टालेशन ऑफ डेन औपल टैरिटंग क्लीन विद एसेसरीज UBN : DAM2627GLOB00710	02.12.2026 सायं 5:00 बजे तक	03.12.2026 सुबह 11:00 बजे तक

राज./संवार/सी/26/13464 सचिव कृषि उपज मण्डी समिति, टिब्बी

कार्यालय नगरपालिका गोलूवाला, जिला-हनुमानगढ़
क्रमांक / नगपो / नामान्तरण / आर०पी० / 2026-27/2219 दिनांक :- 19/11/26
-: आपत्ति सूचना :-
सर्वसाधारण को सूचनार्थ एतद्प्रकारार्थ सूचित किया जाता है कि श्री करण पुत्र सूरी कुमार जाति जाट निवासी 12बी.बी. रोडवाला तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर ने नीचे लिखे अनुसार नामान्तरण अपने नाम से नामान्तरित करवाना चाहते हैं वहीं समूह आवेदक द्वारा दस्तावेज ऑथोरोटेड पीटेल / ऑथोरोटेड पालिका में निम्न प्रकार से प्रस्तुत किये गये है :- भूमिक्रय प्रस्तुत ग्राम पंचायत गोलूवाला निवादन निखार्द अनुसार उक्त भूखण्ड श्री बीरबल पुत्र श्री मेहरचन्द, निवासी गोलूवाला तहसील पीलीबंगा के नाम गोलूवाला निवादन, में आवासीय भूखण्ड संख्या भूखण्ड संख्या F-47 साईज 30×60 1800 वर्गफुट का पट्टा ग्राम पंचायत गोलूवाला निवादन द्वारा के द्वारा जारीशुदा है। दस्तावेज बैनामा दिनांक 26.04.88 द्वारा श्री बीरबल पुत्र श्री मेहरचन्द, निवासी गोलूवाला निवादन तहसील पीलीबंगा के नाम गोलूवाला निवादन, में आवासीय भूखण्ड संख्या भूखण्ड संख्या F-47 साईज 30×60 1800 वर्गफुट का बैचान श्री विक्रमात सिंह पुत्र श्री अनन्त राम जाति जाट निवासी गोलूवाला सिसपाल तहसील पीलीबंगा जिला श्रीगंगानगर के पक्ष में किया जो उपपंजीयक पीलीबंगा से पंजीकृत है। जरिये पत्र पत्र दिनांक 03.02.2021 रजिस्ट्रेशन कुमार पुत्र अनन्त राम जाति जाट निवासी गोलूवाला सिसपाल तहसील पीलीबंगा जिला श्रीगंगानगर आवासीय भूखण्ड संख्या भूखण्ड संख्या F-47 साईज 30×60 1800 वर्गफुट का दूत विक्रमात पुत्र श्री अ

न्यूज इन ब्रीफ

चुनावी ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को पीएल देने की मांग

सीमा सन्देश # बरवाली। राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) ने पंचायत चुनाव 2026 के दौरान दीपावली अवकाश में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों एवं कार्मिकों को उपार्जित अवकाश (पीएल) देने की मांग की है। जिला मंत्री अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि शिविरा पंचांग के अनुसार दीपावली का अवकाश शिक्षकों का वैधानिक अवकाश है। चुनाव के दौरान मतदान, मतगणना और प्रशिक्षण कार्यों में ड्यूटी के कारण शिक्षक त्योहार परिवार के साथ नहीं मना सके। संघ ने जिला कलक्टर को ज्ञापन भेजकर राजस्थान सेवा नियमों के तहत क्षतिपूर्ति अवकाश देने तथा संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

ताले तोड़कर लैपटॉप और नकदी चोरी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। संगरिया के वार्ड नंबर 17 स्थित कोरियर ऑफिस में अज्ञात चोर ने ताले तोड़कर लैपटॉप और नकदी चोरी कर ली। आरोपी ने अलमारी का गेट तोड़कर कैश लॉकर खोलने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुआ। वह एचपी प्रोबुक लैपटॉप और गल्ले में रखे 1130 रुपए ले गया। ऑफिस संचालक सोहनलाल के अनुसार, 1 नवंबर की रात वारदात हुई। सुबह करीब 5.50 बजे पहुंचने पर चोरी का पता चला। सीसीटीवी फुटेज में मुंह पर कपड़ा बांधे संदिग्ध दिखाई दे रहा है। संगरिया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई वीर सिंह को सौंपी है।

पुण्यतिथि पर शिविर 13 दिसंबर को

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। सेठ रामरूप अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर सेठ रामरूप धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से 13 दिसंबर को अग्रवाल धर्मशाला में निःशुल्क रक्तदान एवं चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। वरिष्ठ व्यवसायी सुनील जौहरी और कर्ण गोयल ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे तथा लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचने की अपील की। साथ ही रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में भाग लेकर जरूरतमंदों की मदद करने और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

टक्कर से युवक की मौत

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। रावतसर थाना क्षेत्र के गांव चाईया में खेत जा रहे 34 वर्षीय मदनलाल की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, 18 नवंबर सुबह करीब 6 बजे मदनलाल पैदल नोहर रोड से अपने खेत जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। गंभीर हालत में परिजन उसे रावतसर के राजकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के चचेरे भाई विनोद कुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जांच एएसआई शंकरलाल कर रहे हैं।

सूर्योदय की लालिमा से बन रहा मनमोहक दृश्य

सीमा सन्देश # चारणवासी। क्षेत्र में तापमान गिरने के साथ ही सर्दी का असर बढ़ने लगा है। सुबह के समय ठिठुरन के बीच सूर्योदय का मनमोहक नजारा देखने को मिल रहा है। क्षितिज से निकलती सूरज की नारंगी किरणें खेतों और नई फसल के अंकुरों पर जमी ओस की बूंदों को मोतियों की तरह चमका रही हैं। सुनहरे आसमान, पेड़ों की लंबी छाया और खेतों में फैलती हरियाली से ग्रामीण अंचल की खूबसूरती बढ़ गई है। सुबह की हल्की धूप और ठंडी हवा का संगम किसानों एवं प्रकृति प्रेमियों को सुकून और ताजगी का अहसास करा रहा है।

श्रमदान कर संवारा विद्यालय परिसर

हनुमानगढ़। जंक्शन स्थित सरस्वती कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेविकाओं ने विद्यालय परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्रवाई: जंक्शन सब डिविजन में घरेलू उपभोक्ताओं पर 2.5 करोड़ और अघरेलू श्रेणी पर 2 करोड़ बकाया

बिजली बिल जमा नहीं करवाने वालों पर सख्ती, काटे जा रहे कनेक्शन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। बिजली बिलों की लंबे समय से बकाया राशि जमा नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ जोधपुर डिस्कॉम ने सख्ती शुरू कर दी है। हनुमानगढ़ जंक्शन सब डिविजन के अंतर्गत घरेलू एवं अघरेलू श्रेणी के ऐसे उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे जा रहे हैं, जिनकी बकाया राशि काफी अधिक हो चुकी है। बकाया बिलों की वसूली के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कनिष्ठ अभियंता स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें मौके पर पहुंचकर रिकवरी की कार्रवाई कर रही हैं।



बिजली बिल बकाया वसूली के लिए डिस्कॉम ने चलाया अभियान

गुरुवार को रिकवरी अभियान के तहत कनिष्ठ अभियंता भगतसिंह चौक और कनिष्ठ अभियंता खुंजा के अधीन स्टाफ की टीमें गठित कर कार्रवाई की गई। टीमों ने बकायादार उपभोक्ताओं से बिल जमा करवाने के लिए संपर्क किया तथा बकाया राशि की वसूली के प्रयास किए। जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिल जमा नहीं करवाए हैं, उनके विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी की जा रही है। डिस्कॉम के हनुमानगढ़ जंक्शन सहायक अभियंता कार्यालय के अंतर्गत घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं पर करीब ढाई करोड़ रुपए की राशि बकाया चल रही है। वहीं अघरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं पर लगभग दो करोड़ रुपए बकाया हैं। इस तरह दोनों श्रेणियों के उपभोक्ताओं पर कुल साढ़े चार करोड़ रुपए की बकाया राशि है। जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता मुकेश शर्मा ने बकायादार विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय रहते अपने बकाया बिजली बिल जमा करवा दें, ताकि कनेक्शन कटने से होने वाली असुविधा से बच सकें। उन्होंने बताया कि दीपावली के दौरान मेंटेनेंस कार्य और चुनाव संबंधी जिम्मेदारियों में व्यस्तता के चलते रिकवरी अभियान शुरू करने में देरी हुई। अब अभियान के तहत बकाया राशि की वसूली पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

तीन साल से नहर सूखी, पानी के लिए किसानों ने लगाया धरना

रेगुलेशन जारी, फिर भी नहरों में नहीं पहुंचा पानी, किसानों का फूटा गुस्सा





सीमा सन्देश # नोहर। अमरसिंह ब्रांच के 5 व 6 आरएमजी नहर में पानी नहीं पहुंचने से गुरुवार को किसानों का आक्रोश बढ़ गया। आक्रोशित किसानों ने गुरुवार को नहर किनारे धरना शुरू कर दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि पिछले 3 साल से नहर में एक बूंद भी पानी नहीं आया अधिकारियों के चक्कर काटकर थक चुके हैं मगर उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। हालात इस कदर खराब हो चुके हैं कि सिंचाई पानी तो दूर की बात पीने के पानी का भी संकट बन गया है करीब सो ढाणिया पीने के पानी से वंचित हो रही है। जिस कारण उन्होंने मजबूर होकर अन्य स्थानों से महंगे दामों पर पानी खरीद कर लाना पड़ता है। रेगुलेशन जारी होने के बावजूद नहरों में पानी नहीं आने से परेशान बडबिराना के किसानों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना शुरू कर दिया।

जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई हो

किसानों ने कहा कि जब रेगुलेशन जारी किया जा चुका है तो फिर नहरों में पानी क्यों नहीं पहुंच रहा। किसानों ने विभाग से जल वितरण व्यवस्था की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा टेल तक पूरा पानी पहुंचाने की मांग की है। किसानों ने बताया कि अधिकारियों कीज़लापरवाही के चलते नहर की सफाई के टेंडर हो चुके हैं इसके बावजूद भी आज तक नहर की सफाई नहीं हुई। सिंचाई पानी चोरी की लगातार शिकायत करने के बावजूद भी कोई ठोस कार्य योजना बनाकर कार्रवाई नहीं की जा रही है। किसानों के अनुसार 13 से 21 नवंबर तक नहर का रेगुलेशन होने के बावजूद नहर में एक बूंद पानी नहीं आना सिंचाई विभाग के अधिकारियों के लापरवाही दशार्ता है। किसानों के धरने की सूचना मिलने पर प्रशासनिक व सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से समझाईश की जिसके बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। किसानों ने बताया कि अगर समय रहते हैं उनके पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो अनेक गांवों के किसानों को साथ लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा

किसानों ने कहा

किसानों का कहना है कि रेगुलेशन जारी होने के बावजूद उन्हें सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा। बार-बार समस्या सामने आने के बावजूद समाधान नहीं होने से किसानों में रोष व्याप्त है। विरोध के दौरान पूर्व सरपंच प्रताप सहारण की नहरी विभाग के जेईएन के साथ दुरभाष पर तीखी नोकझोंक भी हुई। किसानों ने विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताते हुए मौके पर धरना लगा दिया और नहरों में निर्धारित रेगुलेशन के अनुसार पानी पहुंचाने की मांग उठाई।?

स्नेह मिलन समारोह में उपहार भेंट कर किया सम्मानित

हनुमानगढ़ : बीपीएल-7 की जीत का जश्न, खिलाड़ियों का किया सम्मान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। भटनेर किंग्स क्लब की ओर से बीपीएल-7 के सफल आयोजन के बाद विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में सिविल लाइंस स्थित सामुदायिक भवन में सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता की यादें साझा की गईं। इस दौरान विजेता टीम सतनाम एंड ऋषभ स्पैशर्स के खिलाड़ियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कप्तानों एवं मेंटोर का पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। विजेता टीम के मेंटोर सतनाम सिंह ने कहा कि यह जीत किसी एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि पूरी टीम की मेहनत, एकजुटता और आपसी विश्वास का परिणाम है। कप्तान ऋषभ शर्मा ने कहा कि बीपीएल-7 का अनुभव हमेशा यादगार रहेगा। क्लब संरक्षक आशीष विजय ने आयोजन की सफलता का श्रेय सभी कप्तानों, मेंटोर, खिलाड़ियों और क्लब सदस्यों की मेहनत व समर्पण को दिया।



हार-जीत खेल का अभिन्न हिस्सा

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। क्लब अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल ने कहा कि हार-जीत खेल का अभिन्न हिस्सा हैं। ट्रॉफी भले ही एक टीम को मिलती है, लेकिन आयोजन की सफलता पूरे क्लब परिवार की जीत है। खेल में जीत को विनम्रता और हार को खुले दिल से स्वीकार करना ही सच्ची खेल भावना है। समारोह में गीत-संगीत का भी आयोजन हुआ। डॉ. पुनीत जैन ने गायन प्रस्तुति देकर समां बांधा, वहीं एडवोकेट गणेश गिल्होत्रा ने भी गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मंच संचालन क्लब कोषाध्यक्ष दारा सिंह ने किया। इस अवसर पर क्लब संरक्षक अदरीश खान, रवि दाधीच, गजेंद्र दाधीच, हरि चारण, सतविंद्र सिंह, विशाल मुदगिल, प्रगट सिंह, लेखराज गिरधर, महक गर्ग, गौरव बेनीवाल, अनिल नैन, खुशनीत सिंह, संदीप चौधरी, मनप्रीत सिंह, शुभम कत्याल, गोपाल राम, इंद्र सिंधी सहित क्लब सदस्य, टीम कप्तान एवं मेंटोर मौजूद रहे।

लिखमीसर के राजकीय विद्यालय में नशा मुक्ति शिविर आयोजित



सीमा सन्देश # पीलीबंगा। गांव लिखमीसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच रजनीश थापन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की रानी बहन ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अच्छे संस्कार अपनाने चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजपाल कुलहरी, फकीरचंद जोशी, आत्माराम खीचड़, कृष्ण सींवर, हरीराम, राजेश गोदारा, हरीश सोलंकी, कृष्ण पंवार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

श्याम भजनों से रातभर गूंजा श्री श्याम मंदिर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन स्थित श्री संकट मोचन बालाजी धाम परिसर में बने श्री श्याम मंदिर हनुमानगढ़ धाम में बुधवार रात्रि को श्री श्याम कथा महोत्सव-2026 श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। समिति अध्यक्ष सुमित रणवां के निर्देशन में करीब 15 दिनों की तैयारियों के बाद आयोजित महोत्सव का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम में 11 यजमान जोड़ों की ओर से बाबा श्याम का विधिवत पूजन किया गया। पंडित विकास शर्मा और मनोज शर्मा ने पूजा-अर्चना सम्पन्न करवाई। इसके बाद समिति अध्यक्ष सुमित रणवां, नगर परिषद सभापति मंजू रणवां, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बंसल, पार्षद रेखा दादरी एवं राजेश दादरी ने संयुक्त रूप से बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर जागरण का शुभारंभ किया।

बढ़ने लगी सर्दी, अगले एक सप्ताह मौसम रहेगा मुख्यतः शुष्क

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान में सर्दी का असर लगातार बढ़ने लगा है। प्रदेश के शेखावाटी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 6 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जबकि राज्य के अधिकांश अन्य हिस्सों में न्यूनतम तापमान 10 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में सीकर जिले के फतेहपुर में प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान तापमान में विशेष परिवर्तन होने के आसार नहीं हैं। हालांकि, एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 21 और 22 नवम्बर को पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार फिलहाल प्रदेश में किसी बड़े मौसमी बदलाव के संकेत नहीं हैं, लेकिन न्यूनतम तापमान में गिरावट के चलते सुबह और रात के समय सर्दी का असर बना रहेगा।

रतनपुरा में सरपंच के शपथ ग्रहण समारोह में बैलगाड़ी बनी चर्चा का विषय

बैलगाड़ी से पहुंचे, उसी का माला पहनाकर स्वागत किया

सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत राज चुनाव संपन्न होने के बाद गांवों में चुनाव से जुड़े रोचक किस्से अब सामने आने लगे हैं। ऐसा ही एक दिलचस्प नजारा बुधवार को ग्राम पंचायत रतनपुरा में नवनिर्वाचित सरपंच के पदभार ग्रहण समारोह के दौरान देखने को मिला। यहां एक बैलगाड़ी के साथ हुए घटनाक्रम ने ग्रामीणों को पुरानी यादें ताजा करवा दीं। ग्रामीणों के अनुसार, पूर्व सरपंच के कार्यकाल में गांव के रामजी नाई की बैलगाड़ी को गली से हटवाकर पंचायत भवन में खड़ा करवा दिया गया था। उस समय इस कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों में विरोध भी हुआ था। बाद में बेलगाडी मालिक को दे गई। अब पंचायत चुनाव में जेता बाई पत्नी डॉ. रोहताश थोरी सरपंच निर्वाचित हुई और बुधवार को उन्होंने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस दौरान गांव के कुछ युवा और ग्रामीण रामजी नाई की उसी बैलगाड़ी को लेकर पंचायत भवन पहुंच गए। यहां बैलगाड़ी को माला पहनाकर उसका स्वागत किया गया तथा पुष्प वर्षा कर खुशी जाहिर की गई। इस अनूठे स्वागत को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने कहा कि जिस बैलगाड़ी को कभी पंचायत भवन में खड़ा करवाने को लेकर विवाद हुआ था, उसी बैलगाड़ी का आज पंचायत भवन में माला पहनाकर स्वागत किया गया।



श्रेष्ठा योजना 2027 के लिए आवेदन शुरू, गोलूवाला में मिलेगी निःशुल्क मार्गदर्शन व आवेदन सहायता

सीमा सन्देश # गोलूवाला। अनुसूचित जाति (एससी) एवं गैर-अधिसूचित जनजाति (डीएनटी) वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए केंद्र सरकार की श्रेष्ठा योजना 2027 के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए देशभर से 2400 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों की शिक्षा का पूरा खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी। क्षेत्र के विद्यार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से नोबल इंटरनेशनल एकेडमी, गोलूवाला की ओर से निःशुल्क मार्गदर्शन एवं ऑनलाइन आवेदन में सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। विद्यार्थी एवं अभिभावक विद्यालय पहुंचकर योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और प्रवेश परीक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है, जबकि प्रवेश परीक्षा 10 जनवरी 2027 को आयोजित होगी।

भरोसे पर खरा उतरना पहली प्राथमिकता, सबको साथ लेकर करेंगे गांव का विकास

सीमा सन्देश # थालड़का। ग्राम पंचायत 25 आरडब्ल्यूडी की नवनिर्वाचित सरपंच इंद्रावती सहारण की जीत के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। चुनाव में विजय के बाद नेहरा वाली ढाणी स्थित उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। ग्रामीणों और समर्थकों ने फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सम्मान समारोह आयोजित कर उनका अभिनंदन किया गया। गौरतलब है कि इंद्रावती सहारण पूर्व उप जिला प्रमुख मुकेश सहारण की माता हैं। इस मौके पर मुकेश सहारण ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरना प्राथमिकता रहेगी। पंचायत के विकास में कोई राजनीतिक भेदभाव नहीं होगा। सभी को साथ लेकर गांव का सर्वांगीण विकास करवाया जाएगा। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करवाने के लिए भी प्रतिबद्धता से प्रयास किए जाएंगे।



फेफाना चौथी बार प्रधानी की दौड़ में, कई वार्डों के परिणाम चौंकाएंगे, तैयारिया पूरी

चारणवासी : जोन 19 और ब्लॉक 30 में दिग्गजों की अग्नि परीक्षा

सीमा सन्देश # चारणवासी। आज जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के आने वाले परिणाम में कई जोन व वार्डों से चौंकाने वाले परिणाम आएंगे। इस बार जोन व ब्लॉक में कई दिग्गज परिवारों ने चुनाव लड़ा था। ब्लॉक 25 से भाजपा की टिकट पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामकिशन भाकर की पत्नी परमेश्वरी देवी ने चुनाव लड़ा, जिनका प्रधान की लिस्ट में नाम प्रथम स्थान पर है। जिले के सबसे बड़े गांव फेफाना में सरपंच पद का चुनाव विनोद गोदारा हार गए, जबकि उनकी पत्नी संतोष गोदारा पूर्व पंचायत समिति सदस्य हैं और उन्होंने ब्लॉक 30 से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा। अब संतोष गोदारा कांग्रेस की तरफ से प्रधान की दावेदारी जता रही हैं, जिनके सामने भाजपा से संतोष सुथार हैं। ब्लॉक 34 से भाजपा टिकट पर पिचकरांई के पूर्व सरपंच विनोद कुमार नायक व ब्लॉक 32 से भाजपा की टिकट पर दिग्गज ठेकेदार मदन न्योल रतनपुरा ने चुनाव लड़ा। जोन 19 में भी फेफाना के दो प्रत्याशी चुनाव लड़े थे, जिनमें भाजपा की टिकट पर पूर्व जिलाध्यक्ष काशीराम गोदारा की पत्नी सरस्वती गोदारा व कांग्रेस से सुमन ज्याणी तथा इनेलो समर्थित विनोद कुमारी बेनिवाल पूर्व पंस सदस्य रमेश बेनिवाल जसाना के भाई की बहू ने चुनाव लड़ा था। जोन 19 में भाजपा द्वारा पूर्व जिलाध्यक्ष काशीराम गोदारा की पत्नी सरस्वती को टिकट देने से पार्टी में कलह छिड़ने के कारण पिछले चुनाव में भाजपा की टिकट से पंस सदस्य बने रमेश बेनिवाल ने अपने भाई की बहू विनोद कुमारी को निर्दलीय-इनेलो समर्थित प्रत्याशी बनाकर चुनाव लड़ाया था, इसलिए जोन 19 में भाजपा के लिए जीतना अग्नि परीक्षा से कम नहीं है। जोन 19 के परिणाम पर सबकी निगाहें हैं और पूर्व जिलाध्यक्ष की पत्नी जिला प्रमुख की दावेदारी जता रही हैं।



इसलिए फेफाना से प्रधानी के दावेदार

20 साल के लंबे अंतराल के बाद नोहर पंचायत समिति में प्रधान पद की सीट दूसरी बार सामान्य महिला के लिए आरक्षित की गई है समिति के कुल 35 वार्डों में से 17 वार्ड महिला प्रत्याशियों के लिए आरक्षित किए गए हैं, जिससे प्रधानी में महिलाओं का आधा प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो गया है इससे पहले वर्ष 2005 के चुनावों में पहली बार सामान्य महिला सीट पर फेफाना की उर्मिला बिजारणियां प्रधान चुनी गई थीं, जिसके बाद वर्ष 2026 के चुनाव में यह सीट पुनः सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई है। नोहर पंचायत समिति के राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 2005 से 2020 तक लगातार तीन बार प्रधान पद फेफाना गांव के ही जनप्रतिनिधियों के पास रहा। वर्ष 2005 से 2010 तक भाजपा की उर्मिला बिजारणियां, वर्ष 2010 से 2015 तक कांग्रेस के विशुपाल आर्य (पूर्व विधायक सुचित्रा आर्य के पुत्र एवं मंत्री कुंभाराम आर्य के पौत्र) तथा वर्ष 2015 से 2020 तक भाजपा के अमर सिंह पूनियां प्रधान पद पर आसीन रहे।

टिब्बी : डॉ. गौरीशंकर निमिवाळ राष्ट्रीय सेमिनार में करेंगे पत्रवाचन

सीमा सन्देश # टिब्बी। साहित्य अकादमी नई दिल्ली और माधव महाविद्यालय, बाड़मेर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी राजस्थानी संत परंपरा और साहित्य 21 -22 नवंबर 2026 को कॉलेज सभागार, माधव महाविद्यालय, बाड़मेर में प्रो. (डॉ) अर्जुन देव चारण , संयोजक,राजस्थानी भाषा परामर्श मंडल साहित्य अकादमी के सान्निध्य में आयोजित होगी। राष्ट्रीय संगोष्ठी संयोजक रमेश सिंह राजपुरोहित ने बताया कि 21 नवंबर को उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि कुलगुरु पवन कुमार शर्मा कुलगुरु, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर विशिष्ट अतिथि गोपाल सिंह राजपुरोहित तथा सत्र की अध्यक्षता प्रो.(डॉ) अर्जुन देव चरण करेंगे, इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम सत्र की अध्यक्षता जयनारायण विश्वविद्यालय, जोधपुर के राजस्थानी विभाग के अध्यक्ष डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित के सान्निध्य में युवा आलोचक, चिंतक डॉ. गौरीशंकर निमिवाळ राजस्थानी संत परंपरा पर पत्र वाचन करेंगे। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में राजस्थानी के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार, आलोचक, चिंतक व विशेषज्ञ पांच सत्रों में राजस्थानी संत परंपरा और साहित्य पर आलोचनात्मक तथा विशेष व्याख्यान देंगे।



वर्ग पहली क्रमांक 7984



ó *बायें से दायें:-* 1) हिचकना; डरना, 4) हाथापाई, 7) अकस्मात, 8) खिंचा, 9) वास्ते, 11) श्वास, 13) अग्रजा, 15) गर्मजोशी, 17) पथिक, 19) बेईमानी, 21) तैयार दाल के बीज, 23) जंगल, 24) घमंड, 26) रिआयत, 27) छड़, 29) मशक, 32) कृत्य, 33) तथ्यान्वेषण. ó *ऊपर से नीचे:-* 1) छीजना; वारदात, 2) मत, 3) चौकी, 4) अभियोग, 5) नहीं, 6) घोषणा, 10) एक संख्या, 12) सुगंध, 14) लंबा, 15) विष, 16) अल्पवर्षा, 18) सियार, 20) एक *अंग्रेजी* तौल, 22) अत्यंत दुबलापतला, 25) एक हिंदी संत कवि, 27) कुल, 28) पत्र, 30) ढाँचा, 31) व्यसन.

(उत्तरः अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

अ	व	न	ति		प्र		इ	च्छु	क
	ज़		त	र्क	सं	ग	त		ठि
आ	ह		र		ग		वा	म	न
वा		सा	वि	त		पु	र	ज़	
ज़	ह	म	त		द	र		क	मी
	म		र	ख़ा	र	ख़ा	ब		रा
इ	ल	ज			कि		सा	र	स
	व	रा	ह		ना	ते			दा
ग़ी	र		द	ल्ल	र		प	क्का	र

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 20 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं -

1719 - स्टॉकहोम ने स्वीडन और हनोवर से शांति समझौता किया।
1750 - मैसूर राज्य का शासक टीपू सुल्तान का जन्म।
1815 - यूरोप में शांति व्यवस्था के लिए रूस, प्रशिया, आस्ट्रिया और इंग्लैंड ने गठबंधन किया।
1829 - रूस के निकोलायेव और सेवेस्तोपोल क्षेत्र से यहूदियों को निकाला गया।
1866 - अमेरिका के वांशिगटन में हावर्ड विश्वविद्यालय की स्थापना।
1917 - यूक्रेन गणराज्य घोषित हुआ।
1917 - कलकत्ता (अब कोलकाता) में बोस अनुसंधान संस्थान की स्थापना।
1945 - जापान का अमेरिका के समक्ष पूर्ण आत्मसमर्पण एवं द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति।
1949 - इजरायल में यहूदियों की संख्या दस लाख हुई।
1955 - पॉली उमरीगर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में भारत की ओर से पहला दोहरा शतक लगाया।
1968 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1981 - भास्कर उपग्रह को छोड़ा गया था।
1985 - माइक्रोसाफ्ट विंडोज 1.0 जारी हुआ।
1989- भारतीय महिला फ्रीस्टाइल पहलवान बबीता फोगाट का जन्म।
1997 - अमेरिकी अंतरिक्ष शटल यान 'कोलम्बिया' का सफलतापूर्वक प्रक्षेपित।
1998 - अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जारया का पहला माड्यूल जारी।
2002 - अटलांटिक महासागर में स्पेन के तट से करीब 150 मील दूर बहामा जा रहा 'प्रेस्टीज तेल टैंकर' डूबा।
2003 - तुर्की के इस्ताम्बल में हुए बम विस्फोट में ब्रिटेन के महावाणिज्य दूत सहित 27 लोगों की मृत्यु।
1917 - प्रथम विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस के कैम्ब्राई में ब्रिटिश सेना ने टैंक से बड़ा हमला किया।
1989 - संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों पर कन्वेंशन को अपनाया।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 21 नवंबर (एनएनएस) शनिवार कार्तिक सुदी द्वादशी को जौ, गेहूं, जई, ढैंचा, बासमती चावल, देशी चना, मसूर, मोठ, राजमा चित्रा, काबुली चना, मटर, ग्वार, ग्वार गम, सरसों व सभी खाद्य तेलों में, लोबिया, महुआ फूल, हल्दी, अजवायन, जावित्री, अमचूर, पिस्ता, जीरा, धनिया, कॉपर, पीतल, देशी घी, लाल मिर्च, दूध पाउडर, द्राख में लाभ तथा ज्वार, तुवर, मूंग, बिनौला, गोला, किशमिश, इमली, लौंग, चीनी, वनस्पति घी, शक्कर, लाल मिर्च, अंजीर, बादाम, पारा, गुड़, जायफल, काजू, सोना-चांदी में हानि की संभावना है। भाग्यांक 3-6-8-9 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 11.18 बजे पूर्वा? से पहले यात्रा करना लाभप्रद होगा।

आज का राशिफल

20 नवम्बर शुक्रवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक शुक्ल पक्ष दशमी (सुबह 7:16 बजे तक, इसके बाद एकादशी), नक्षत्र - उत्तराभाद्रपदा, योग - सिद्धि, करण - वणिज, दिशाशूल - पश्चिम, सूर्योदय 7.03 बजे, सूर्यास्त 5.38 बजे।

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - कुम्भ, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध, सूर्य - तुला, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : खर्चों में बढ़ोतरी और नौकरी में काम का दबाव रह सकता है। बेवजह तनाव न लें और सेहत का ध्यान रखें।

वृषभ : आय के नए स्रोत बनने और धन लाभ के योग हैं। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और पुराने काम दोबारा शुरू हो सकते हैं।

मिथुन : नौकरी और कारोबार में सफलता मिल सकती है। कार्यस्थल पर तारीफ और नई जिम्मेदारी मिलने के संकेत हैं।

कर्क : कामकाज में देरी से मन परेशान हो सकता है। धैर्य रखें और कोई भी फैसला जल्दबाजी में न लें।

सिंह : गुस्से पर नियंत्रण रखें, छोटी बातों पर विवाद हो सकता है। व्यस्तता के बीच आराम करें और सेहत का ध्यान रखें।

कन्या : कारोबार में लाभ और रिश्तों में मधुरता आएगी। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा और कहीं घूमने का प्लान बन सकता है।

तुला : पुराने तनाव से राहत और धन संबंधी अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधियों से सतर्क रहें और मेहनत जारी रखें।

वृश्चिक : काम में रुकावट और आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। सोच-समझकर फैसले लें और परिवार में शांति बनाए रखें।

धनु : छोटी बातों से तनाव और काम का दबाव बढ़ सकता है। बातचीत में संयम रखें और स्वास्थ्य व नींद का ध्यान रखें।

मकर : धन लाभ और रुके हुए काम पूरे होने के योग हैं। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी और दोस्तों व परिवार का सहयोग रहेगा।

कुंभ : घर और काम के बीच संतुलन बनाए रखें, विवाद से बचें। खर्चों पर नियंत्रण रखें और शांत मन से फैसले लें।

मीन : आत्मविश्वास और मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। नए काम की योजना बन सकती है, लेकिन महत्वपूर्ण फैसले सोच-समझकर लें।

टैगोर चौक से मुख्य बाजार तक वाहनों की लंबी कतारें, बेतरतीब पार्किंग बनी आमजन की परेशानी

नोहर : सड़कों पर जाम का जंजाल, यातायात व्यवस्था बेपटरी

सीमा सन्देश # नोहर। शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराई हुई है। शहर की प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों और बाजारों में दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। हालात ऐसे हैं कि लोगों को कुछ दूरी तय करने में भी काफी समय लग जाता है। बेतरतीब पार्किंग, यातायात नियंत्रण का अभाव और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की अनदेखी के चलते आमजन को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। शहर के टैगोर चौक से भगत सिंह चौक तक तथा टैगोर चौक से मुख्य बाजार की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात का दबाव लगातार बना रहता है। यहां चौपहिया वाहन चालक सड़क के बीच या किनारे कहीं भी वाहन खड़ा कर चले जाते हैं। इससे सड़क की चौड़ाई सिमट जाती है और पीछे आने वाले वाहनों की कतार लग जाती है। कई बार राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को भी निकलने के लिए जगह नहीं मिलती। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले प्रशासन ने स्टेट बैंक मार्ग बाजार की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए फुटपाथों को तोड़ने की कार्रवाई की थी। इसके साथ ही बाजार में भारी वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए हाइटेक बेरिकेड्स भी लगाए गए थे। उस समय उम्मीद जताई गई थी कि इन व्यवस्थाओं से बाजार में यातायात सुचारू होगा और जाम की समस्या से राहत मिलेगी। लेकिन वर्तमान में बेरिकेड्स भी हटा दिए गए हैं। ऐसे में बाजार में भारी वाहनों की आवाजाही और बेतरतीब पार्किंग की समस्या फिर सामने आने लगी है।





बेरिकेड्स निर्धारित स्थान पर लगाए जाएंगे

इस संबंध में नगरपालिका के जेईएन सुशील सिहाग ने बताया कि बेरिकेड्स सही जगह पर नहीं लगने के कारण उन्हें हटाया गया था। बैरिकेड इस किसी दुकान के आगे लगे थे दुकानदार द्वारा आपति दर्ज कराई जाने के बाद उन्हें हटाए गए हैं।आगामी दिनों में इन्हें निर्धारित स्थान पर लगाया जाएगा। अब सवाल यह है कि आखिर नोहर की यातायात व्यवस्था कब सुधरेगी? क्या बाजार में बेतरतीब पार्किंग पर प्रभावी कार्रवाई होगी और होलिका चौक सहित प्रमुख मार्गों पर स्थायी यातायात व्यवस्था बनाई जाएगी? शहरवासियों को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जाम से स्थायी राहत देने वाली ठोस व्यवस्था का इंतजार है।

होलिका चौक बना जाम का प्रमुख केंद्र

शहर के होलिका चौक पर स्थिति और भी गंभीर है। यहां निर्धारित पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के बावजूद लोग अपने चौपहिया वाहन सड़क पर ही खड़े कर बाजार के कामकाज में व्यस्त हो जाते हैं। सड़क पर खड़े इन वाहनों के कारण चौक से गुजरने वाले अन्य रास्तों के वाहन आपस में उलझ जाते हैं। कई बार वाहनों के आमने-सामने आने से टकराव की स्थिति भी बन जाती है। यहां दिनभर जाम जैसे हालात बने रहते हैं। इसी तरह मुख्य बाजार, गांधी चौक, सिंधी बाजार और स्टेट बैंक से घंटाघर मार्ग तक यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है। बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों के वाहन सड़क पर खड़े होने से आवागमन बाधित होता है। दुकानदारों, ग्राहकों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को होती है।

विज्ञान मॉडल एवं टीचिंग एड प्रतियोगिता में आरएसवी स्कूल ने हासिल किया प्रथम स्थान

गरिमा और स्नेह ने वाई-फाई डिटेक्टिव रोबोट मॉडल से जीता ईनाम

सीमा सन्देश # बीकानेर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बीकानेर की ओर से आयोजित खंड स्तरीय विज्ञान मॉडल एवं टीचिंग एड प्रतियोगिता-2026 में जय नारायण व्यास कॉलोनी स्थित आरएसवी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बीकानेर सहित विभिन्न क्षेत्रों के 18 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने विज्ञान मॉडल एवं नवाचारों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आरएसवी स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्राओं गरिमा सिंह एवं स्नेह स्वामी ने विज्ञान एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल श्रेणी में अपना प्रोजेक्ट 'वाई-फाई डिटेक्टिव रोबोट' प्रस्तुत किया। डॉ. श्वेता द्विवेदी के निर्देशन में तैयार किए गए इस मॉडल को निर्णायकों ने सराहा और प्रथम स्थान प्रदान किया।



विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल

छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय समूह की प्रबंध निदेशक निधि स्वामी ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने प्रोजेक्ट तैयार करवाने में मार्गदर्शन देने वाली मेंटर डॉ. श्वेता द्विवेदी के प्रयासों की भी सराहना की। सीनियर विंग कोऑर्डिनेटर डॉ. पुनीत चोपड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता में बीकानेर के विद्यालयों के अलावा श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, राजगढ़, डीडवाना-कुचामन सहित अन्य क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने भी अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

900 प्रेगाबलिन कैप्सूल जब्त, गिरफ्तार

सीमा सन्देश # नोहर। नोहर थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए साहवा न्यू बाइपास से एक युवक को गिरफ्तार कर 900 प्रेगाबलिन आईपी-300 कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी की बाइक और मोबाइल भी जब्त किया है। हेड कांस्टेबल रणधीर सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। आरोपी की पहचान रफीक उर्फ विक्की (35) निवासी वार्ड नंबर 13, नोहर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान बाइक पर रखे बैग से तीन डिब्बों में कैप्सूल मिले। आरोपी कैप्सूल रखने का लाइसेंस या डॉक्टर की पर्ची नहीं दिखा सका। पूछताछ में उसने कैप्सूल धक्का बस्ती निवासी सलीम से खरीदकर लाना बताया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सप्लाई नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

दो लाख प्रतिबंधित टैबलेट बरामद, नशा तस्कर फरार

लग्जरी अर्टिगा गाड़ी को पुलिस ने जब्त किया

सूरतगढ़। सिटी थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी अर्टिगा गाड़ी से 2 लाख 2 हजार प्रतिबंधित टैबलेट बरामद की हैं। पुलिस ने टैबलेट सहित वाहन को जब्त कर लिया, जबकि गाड़ी में सवार दो युवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। बरामद दवाओं में प्रेगाबलीन और टपेंटाडोल साल्ट की टैबलेट शामिल हैं। पुलिस ने अज्ञात नशा तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। हवलदार वेदप्रकाश ज्याणी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हरिशंकर के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत गुरुवार रात हनुमानगढ़ फोरलेन बाईपास स्थित चेतक चौराहे के पास नाकाबंदी की गई थी। मानकसर चौक की ओर से आ रही एक अर्टिगा गाड़ी को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने वाहन रोकने के बजाय तेज गति से सूरतगढ़ शहर की ओर दौड़ा दिया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने गाड़ी का पीछा किया।

आगे रेलवे फाटक बंद होने के कारण वाहन रुक गया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही उसमें सवार दोनों युवक गाड़ी छोड़कर अंधेरे में फरार हो गए। तलाशी लेने पर वाहन में भारी मात्रा में प्रतिबंधित टैबलेट मिलीं। पुलिस ने अर्टिगा और नशीली दवाओं को जब्त कर लिया। कार्रवाई में सिपाही राकेश बेनीवाल, विकास दड़िया और संजीव कुमार शामिल रहे। मामले की जांच उप निरीक्षक सुनील कुमार को सौंपी गई है। पुलिस फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

संविधान दिवस पर अम्बेडकर चौक पर जुटेंगे संविधान प्रेमी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। संविधान सेना राजस्थान की ओर से 26 नवम्बर को संविधान दिवस के मौके पर जंक्शन स्थित अम्बेडकर चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 5.30 बजे शुरू होगा। इसमें संविधान पर संगोष्ठी आयोजित करने के साथ आतिशबाजी भी की जाएगी। संविधान सेना हनुमानगढ़ की ओर से निमंत्रण पत्र वितरण कर अधिकाधिक नागरिकों, सामाजिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संविधान प्रेमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की जा रही है। आयोजकों ने कहा कि संविधान दिवस सामाजिक एकता, भाईचारे और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करने का मौका है। आयोजकों के अनुसार संविधान किसी एक समाज का नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक का गौरव और स्वाभिमान है।

गायत्री सहारण ने 669 मतों से दर्ज की जीत

सीमा सन्देश # भोमपुरा। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत ग्राम पंचायत भोमपुरा में सरपंच पद के लिए हुई मतगणना में गायत्री सहारण ने 669 मतों से जीत दर्ज की। उन्हें 1647 मत मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी लीलावती गोदारा को 978 मत प्राप्त हुए। पंचायत में कुल 3993 मतों में से 3717 मतदाताओं ने मतदान किया। परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। रिटर्निंग अधिकारी ने गायत्री सहारण को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं, मंगलवार को उपसरपंच चुनाव में सभी 15 वार्डों के पंचों की सहमति से लॉटरी प्रक्रिया अपनाई गई। नन्हे बच्चे द्वारा निकाली गई पर्ची में रिंकू मेघवाल का नाम आने पर उन्हें उपसरपंच घोषित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी राजेंद्र सहारण ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि 27 साल के संघर्ष के बाद भी उनके दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। गांव के सभी क्षेत्रों में विकास कार्य करवाए जाएंगे।



नवनिर्वाचित सरपंच संदीप सियाग का किया भव्य स्वागत

सीमा सन्देश # पल्लू। मां ब्रह्माणी की पावन नगरी पल्लू स्थित मरुधरा बीज भंडार पर झाम्बर के नवनिर्वाचित सरपंच संदीप सियाग का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ पहुंचे विनोद सियाग, मदन सियाग, ओम खिचड़, ऋषिक बुगालिया एवं गज्जानंद सिंधड़िया का भी आत्मीय अभिनंदन किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच संदीप सियाग ने सर्वप्रथम मां ब्रह्माणी के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इसके बाद वे मरुधरा बीज भंडार पहुंचे, जहां प्रतिष्ठान के संचालक एवं गणमान्य लोगों ने फूल-मालाओं और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया तथा सरपंच निर्वाचित होने पर बधाई दी। इस अवसर पर मरुधरा बीज भंडार के प्रोपराइटर डॉ. कुलदीप औलख, प्रमोद सियाग, सुरेश सियाग, रोहित सियाग, कान्नाराम जोशी, राहुल, महेंद्र राठौड़, पुष्पेंद्र मील, जगदीश मटोरिया एवं सुभाष धारीवाले सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में अतिथियों के लिए चाय-पानी की व्यवस्था भी की गई। उपस्थित लोगों ने संदीप सियाग के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। पूरे कार्यक्रम में आपसी भाईचारे और उत्साह का माहौल रहा।



सरपंच गोदारा ने संभाली ग्राम पंचायत की कमान

सीमा सन्देश # टोपरियां। ग्राम पंचायत भवन में गुरुवार दोपहर 1:15 बजे नवनिर्वाचित सरपंच राममूर्ति प्रेमसिंह गोदारा ने पदभार ग्रहण किया। ग्राम विकास अधिकारी पूजा और पूर्व सरपंच सुलोचना बारूपाल ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। इस दौरान गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं दी गईं। पंचों और उपसरपंच भूपसिंह ने भी उनका स्वागत किया। सरपंच गोदारा ने कहा कि टोपरियां और चक गोकुलपूरा का विकास करवाना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होंने 36 कौम के लोगों का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से 909 मतों से जीत मिली है। गांव का विकास बिना भेदभाव सभी को साथ लेकर करवाया जाएगा। उन्होंने युवाओं के लिए खेल मैदान विकसित करवाने, शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं में सुधार, सड़कों का निर्माण तथा बस स्टैंड पर लाइटें लगवाने की बात कही। चुनाव में प्रतिद्वंद्वी रहे प्रत्याशियों का भी विकास कार्यों में सहयोग लिया जाएगा।



पल्लू में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को पल्लू में मिठाई प्रतिष्ठानों एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के 7 सैंपल संग्रहित किए। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में अटवालिया, थार रेस्टोरेंट, खंडेलवाल, नीलकंठ, जोधपुर, गणेश होटल और तेनगरिया मिष्ठान भंडार से मावा, लड्डू, बादाम कतली व गुलाब जामुन के सैंपल लिए गए। इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से मिली 50 किलो दूषित मिठाई मौके पर ही नष्ट करवाई गई। टीम ने संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार व दीपक कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

मामला उठने और ऑनलाइन शिकायत मिलने पर हरकत में आया विभाग, वन विभाग के सामने पाइप लाइन की लीकेज की दुरुस्त

लीकेज से बर्बाद हो रहा था हजारों लीटर पानी, शिकायत के बाद जागे अधिकारी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन में तिलक सर्किल से धानमंडी रोड पर वन विभाग कार्यालय के सामने पाइप लाइन में लंबे समय से हो रहे लीकेज को आखिरकार जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग ने गुरुवार को दुरुस्त कर दिया। ऑनलाइन शिकायत मिलने के बाद विभाग हरकत में आया और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर लीकेज ठीक किया। इससे पहले बुधवार को स्थानीय निवासियों ने इस गंभीर समस्या को मीडिया के समक्ष उठाते हुए विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे।



बार-बार सामने आती है यही समस्या

पीएचईडी कर्मी कृपाल सिंह ने बताया कि उक्त पाइप लाइन में लीकेज की समस्या पहले भी तीन-चार बार सामने आ चुकी है। हर बार इसे दुरुस्त किया गया, लेकिन कुछ समय बाद दोबारा लीकेज शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन शिकायत प्राप्त होने पर लीकेज ठीक करवाया जा रहा है। शिकायत देरी से मिलने के कारण कई बार मरम्मत कार्य में समय लग जाता है। यदि विभाग को समय पर सूचना मिल जाए तो समस्या का जल्द समाधान किया जा सकता है। गौरतलब है कि पाइप लाइन में लीकेज के कारण रोजाना सैकड़ों-हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा था। लंबे समय से पानी बहने के कारण सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई थी और मौके पर गहरा गड्ढा बन गया था, जो लगातार बढ़ता जा रहा था। इससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बना हुआ था। इतना ही नहीं, लीकेज के चलते आसपास के घरों में गंदे पानी की सप्लाई होने की समस्या भी सामने आ रही थी। स्थानीय निवासियों के अनुसार यह समस्या पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव से पहले से बनी हुई थी। लंबे समय तक समाधान नहीं होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। रहवासियों ने विभाग से पाइप लाइन की स्थाई मरम्मत करवाने, पेयजल की बर्बादी रोकने, क्षतिग्रस्त सड़क को दुरुस्त करने तथा घरों में गंदे पानी की सप्लाई की समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की थी। अब लीकेज दुरुस्त होने से लोगों ने राहत की उम्मीद जताई है।

रंगोली प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों का सम्मान



सीमा सन्देश # सादुलशहर

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित अंतर-सदनीय रंगोली प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक सोच, कलात्मक प्रतिभा और सामूहिक प्रयासों से भारतीय संस्कृति को रंगों के माध्यम से खूबसूरती से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक रंगोलियां सजाई। प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप हाउस ने प्रथम, छत्रपति शिवाजी हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। विजेता सदनों के विद्यार्थियों को सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन सुखदेव सिंह बराड़, निदेशिका प्रभजोत कौर बराड़ तथा प्रिंसिपल नीरज कुमार यादव ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार की रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की कल्पनाशक्ति, कलात्मक अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना को प्रोत्साहन मिलता है। साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय परंपराओं, त्योहारों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर भी मिलता है। सफल कार्यक्रम पर एडवोकेट बलवंत सिंह बुडानिया, कृष्ण सहारण, प्रवेश गोयल, गुरसेवक सिंह आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

सफाई अभियान चलाने की मांग



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

गुरु नानक जयंती के पर्व को देखते हुए वार्ड नं. 17 स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग की गई है। इस संबंध में पार्षद सुनीता वाल्मीकि व राजस्थान वाल्मीकि महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अमित कल्याणा के नेतृत्व में पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़ व अधिशासी अधिकारी गणपत राम के नाम ज्ञापन राजस्व अधिकारी अंजु सहारण को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि 23 नवंबर को गुरुनानक जयंती का पर्व मनाया जाएगा। यह पर्व सभी धर्मों के लोगों की आस्था व श्रद्धा से जुड़ा है। ऐसे में आरसीपी ग्राउंड क्षेत्र के वार्ड नं. 17 स्थित गुरुद्वारा साहिब के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था करवाना आवश्यक है। इसके अलावा सीआरपी गेट से वंदे मातरम चौक तक वार्ड पार्षदों को साथ लेकर विशेष सफाई अभियान चलाने का आग्रह भी किया गया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि संजय वाल्मीकि, वाल्मीकि समाज के उपाध्यक्ष महेंद्र भाटिया आदि भी उपस्थित रहे।

सादुलशहर: स्टूडेंट्स में वैज्ञानिक सोच विकसित करने पर जोर



सीमा सन्देश # सादुलशहर

राजकीय महिला महाविद्यालय में विज्ञान संकाय अंतर्गत साइंस क्लब का गठन किया गया। प्रभारी डॉ. इरविंदर कौर ने विद्यार्थियों को साइंस क्लब की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि क्लब के माध्यम से पूरे शैक्षणिक सत्र में विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं अकादमिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्लब के अंतर्गत छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी, फेयरवेल पार्टी एवं स्वागत समारोह के साथ-साथ डिबेट, क्विज प्रतियोगिता, साइंस फेयर एवं सेमिनार जैसी शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त मैं भी वैज्ञानिक हूं कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा एवं तार्किक चिंतन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साइंस क्लब की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सेमेस्टर पंचम की छात्रा तनु को अध्यक्ष तथा सेमेस्टर तृतीय की छात्रा प्रियंका को सचिव नियुक्त किया गया। वहीं पूनम एवं फर्फीन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। डॉ. सोनिया अग्रवाल, शुभम कुमार एवं डॉ. स्नेहलता उपस्थित रहे।

सादुलशहर: श्री पीर मंदिर में शुभ सालाना दीवान का शुभारंभ



सीमा सन्देश # सादुलशहर

श्री पीर मंदिर में श्री अखिल भारतीय पीर मंदिर संस्था की ओर से बाबा लखदाता पीर साहिब व बाबा मलेरकोटला वाले पीर साहिब का शुभ सालाना दीवान एवं भंडारा धार्मिक विधि-विधान के साथ हुआ। गद्दीदार बाबा सतपाल गोयल नगराने वाले के सान्निध्य में सुबह सवा छह बजे शाही रोजा स्नान, सवा सात बजे ख्वाजा पीर की कडाई, साढे आठ बजे शाही चद्दर का स्वागत, सवा नौ बजे शाही चद्दर का चढाव किया गया। फूलों से सजे-सजाए वाहन पर में पीर साहिब की तस्वीर सजाई गई। आगे-आगे धार्मिक कलाकारों द्वारा पीर बाबा का गुणगान किया गया। वहीं पटाखे छोडकर खुशी का इजहार किया गया। प्रसाद वितरित किया गया। अनेक श्रद्धालुओं ने पीर साहिब की तस्वीर के समक्ष मत्था टेककर मन्नतें मांगी। इस दौरान संस्था अध्यक्ष नवीन गोयल, पूर्व अध्यक्ष गोपाल सिंगला, सेवादार प्रेम गर्ग, रजत सिंगला, कुलदीप गोयल, प्रवेश गोयल, सुरेंद्र बंसल, रोहित गर्ग मंत्री, सुरेंद्र गोयल, कुलदीप गुप्ता, सोमनाथ गर्ग, सुनील बंसल, विजय गर्ग, राकेश गुप्ता, रिंकू गोयल, प्रेम अग्रवाल आशीष अग्रवाल, अजय सिंगला, नरेश सिंगला सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

सादुलशहर: ईओ नरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में टीम ने किया दुकानों का निरीक्षण

तम्बाकू से बने उत्पादों की अवैध बिक्री को रोकने के लिए पालिका ने 122 दुकानदारों को जारी किए नोटिस

सीमा सन्देश # सादुलशहर



राज्य सरकार के निर्देश पर नगरपालिका प्रशासन द्वारा तंबाकू से बने उत्पादों की बिना स्वीकृति, बिना वैध लाइसेंस के बिक्री करने वाले करीब 122 परचून-किराना एवं अन्य विक्रेताओं को फिर से नोटिस जारी किए गए हैं। यही नहीं नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पालिका टीम ने कुछ किराना की दुकानों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। समझाइश कर तुरंत लाइसेंस बनवाने तथा अवैध तरीके से बिक्री नहीं करने के लिए पाबंद भी किया गया। ईओ नरेंद्र चौधरी ने दुकानदारों को बताया कि राज्य सरकार के नियमों के अनुसार बिना स्वीकृति, बिना लाइसेंस के तंबाकू उत्पाद की बिक्री करने वाले दुकानदारों को पहली बार 500 रूपए एवं दूसरी बार 2000 रूपए तथा उत्पाद जब्त एवं तीसरी बार 5000 रूपए का जुमार्ना तथा मौके पर मिले उत्पादों को जब्त करने की कार्रवाई की जा सकती है। इससे बचने के लिए तुरंत नियमानुसार नगरपालिका से ऑन लाइन अथवा ऑफ लाइन आवेदन पत्र देकर लाइसेंस प्राप्त करें। ईओ नरेंद्र चौधरी ने बताया कि उत्पाद बेचने वाले परचून किराना के व्यापारियों एवं अन्यों को 122 नोटिस जारी कर सात दिनों का समय दिया गया था। इसके बाद अब पुनः नोटिस जारी कर तीन दिन की अवधि में लाइसेंस बनवाने के लिए इन 122 दुकानदारों एवं अन्यों को नोटिस जारी किए गए हैं परंतु फिर भी मात्र 18 दुकानदारों ने ही लाइसेंस जारी करवाने के लिए आवेदन किए हैं। यह बहुत ही गंभीर है। जिला प्रशासन भी इस प्रक्रिया पर मॉनिटरिंग कर रहा है। जिला प्रशासन से जो भी आदेश मिलेगा उसकी तुरंत एवं सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी। टीम में कनिष्ठ लिपिक चेतन शर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक हरप्रीत कौर, राकेश कुमार आदि शामिल थे।

तंबाकू से बने उत्पादों पर सख्ती से रोक की मांग

किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष कौर सिंह सिधू, सामाजिक कार्यकर्ता तरूण होटला, रोहित कुमार, सुशील कुमार आदि ने बताया कि सादुलशहर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले लंबे समय से तंबाकू से बने उत्पादों की बिक्री बडे पैमाने पर बिना रोकटोक के हो रही है। दुखद पहलू यह भी है कि कुछ बडे दुकानदार लालच के वशीभूत होकर नाबालिग को भी तंबाकू के उत्पाद बेचते हैं। बच्चों एवं नाबालिगों में नशे की लत की शुरूआत होती है। यही नहीं स्कूलों, कॉलेजों के आसपास भी तंबाकू से बने उत्पादों की बिक्री की जा रही है। इन पर सख्ती से कार्रवाई कर रोक लगाई जानी चाहिए।

बर्थ-डे सेलिब्रेशन



गोविंदपुरा 18 जीजी। नमन गौड़ सुपौत्र स्व. मदनलाल-मोहिनी देवी के जन्मदिन पर पापा मम्मी कुलदीप-नेहा गौड़ एवं समस्त रिश्तेदारों परिवार जनों की तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं और खूब सारा आशीर्वाद।

सरपंच प्रियंका ने दिया स्वच्छता का सन्देश

कीकरवाली। ग्राम पंचायत कीकरवाली की नवनिर्वाचित सरपंच प्रियंका रानी धर्मपत्नी सौरभ कुमार ने कहा कि सभी ग्रामीणों के सहयोग से पंचायत को विकसित और आदर्श बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान का उल्लेख करते हुए पंचायत को स्वच्छ रखने में जनभागीदारी का आह्वान किया। पूर्व सरपंच मूलाराम घोडेला के भांजे जय श्रीराम के ग्राम पंचायत मोहन मगरिया से सरपंच निर्वाचित होने पर खुशी जताई गई। सरपंच धनराज गेदर, प्रेम कुमार, राजू नोखवाल, रामचंद्र खुडिया व डॉ. राजेंद्र प्रसाद खाति उपस्थित रहे।

सरपंच पुष्पादेवी गोदारा ने काटा फीता, एडीजे रवि प्रकाश सुथार ने की बैठक

मिर्जेवाला में विधिक सेवा केन्द्र का शुभारंभ


सीमा सन्देश # मिर्जेवाला





राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा ग्रामीण, सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़े क्षेत्रों के वंचित वर्गों के बीच कानूनी सेवाओं की बेहतर पहुंच के संबंध में 60 दिवसीय मेगा ड्राईव संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस 60 दिवसीय मेगा ड्राइव के लिए चयनित ग्राम पंचायत, मिर्जेवाला में रवि प्रकाश सुथार (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर द्वारा गुरूवार को ग्राम पंचायत के हितधारकगण यथा सरपंच, उपसरपंच, ग्राम सचिव, पीएलवी एवं अन्य हितधारकगण के साथ मेगाड्राइव अभियान के सुचारू संचालन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एडीजे सुथार ने बताया कि मेगा ड्राइव के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियोजित पीएलवी द्वारा विधिक सहायता, संस्थागत सहायता एवं नालसा की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत क्षेत्र के घर-घर में जाकर पात्र व्यक्तियों की पहचान करने तथा लाभ दिलाने में सहायता प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत कार्यालय में नवसंचालित विधिक सेवा केन्द्र पर पीएलवी द्वारा उपस्थित रहकर भी सेवाएं प्रदान की जायेगी। बैठक के उपरांत एडीजे सुथार द्वारा सरपंच पुष्पा देवी, उपसरपंच शीतल देवी एवं अन्य हितधारक के साथ विधिक सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच पति जसवंत सिंह गोदारा, उपसरपंच पति संजीव सहानी, कमलदीप भुंवाल, ग्राम सचिव कमलेश कुमार स्वामी तथा एलएडीसी चीफ रोहताश यादव व अधिवक्ता अमनदीप चलाना तथा पीएलवी रेणुबाला व सुनिता राजोरिया, कृषि पर्यवेक्षक ममता, डॉ सोमनाथ नागपाल उपस्थित रहे।

अभ्यास के दौरान संपर्क टूटने से सेना का ड्रोन श्रीकरणपुर में आकर गिरा



श्रीकरणपुर। कस्बे के रड़ेवाला बाई पास रोड एवं माई सभांनवति जी के डेरे के मध्य वार्ड संख्या 10 के सामने आज दोपहर लगभग 12-30 बजे एक ड्रोन लड़खड़ाते हुए खाली जगह पर पड़े मलबे में आ गिरा। उस वक्त वार्ड संख्या 10 के पार्षद मोहन लाल कल्याणां ने सबसे पहले ड्रोन को गिरते हुए देखा व उसकी सूचना लोकेशन बताते हुए पार्षद द्वारा तुरंत सीआई सीर कौर को दी गई,जो कि महज 5-7 मिनट में ही मौका पर पहुंची। उन्होंने आकर देखा कि उस ड्रोन के पंख फड़फड़ा रहे थे , जिस पर उन्होंने सबसे पहले तारों को हटाकर कनेक्शन काटकर उन्हें रोका एवं इसके उपरांत प्राथमिक जांच में पाया कि इस पर किसी प्रकार का कोई भी अंक अथवा स्टीकर आदि नहीं है व जुगाड़ कर बनाया गया है। सीआई सीर कौर ने यह भांपते हुए कि कहीं यह ड्रोन हमारी बीएसएफ अथवा सेना का न हो तो उन्होंने बिना किसी प्रकार की देरी किए बीएसएफ एंवसेना को सूचित किया जिसपर मौका पर पुलिस उप अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ज्वाला, बीएसएफ व सेना के अधिकारी पहुंच गए व पड़ताल में स्पष्ट हुआ कि आज भारतीय सेना, सूरतगढ के जवान अभ्यास कर रहे थे, उपरोक्त ड्रोन उन्होंने ने ही उड़ाया था जिसका संपर्क टूट गया व चलते हुए वह इस क्षेत्र में पहुंच गया व बैट्री बैकअप समाप्त हो जाने के कारण वह यहां गिर गया , गनीमत रही कि यह ड्रोन किसी घर परिवार अथवा किसी के ऊपर नहीं गिरकर मलबा में गिर गया, भारतीय सेना के यहां पहुंचे अधिकारी उसे अपने कब्जे में लेकर साथ ले गए।

पिछले दो साल से पेयजल संकट, हर साल हजारों रुपए हो रहा पानी के बिलों का भुगतान

जीएसएस कॉलोनी में 27 अक्टूबर से नहीं पहुंची पानी की एक बूंद, परेशानी

सीमा सन्देश# सूरतगढ़। विद्युत प्रसारण निगम की 220 केवी जीएसएस कॉलोनी में पेयजल संकट से कर्मचारियों व उनके परिवारों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। कॉलोनी में पिछले करीब दो वर्षों से पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। हालात यह हैं कि 27 अक्टूबर से कॉलोनी में पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंची, जबकि प्रसारण निगम की ओर से हर साल हजारों रुपये के पानी के बिलों का भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में कर्मचारियों ने जलदाय विभाग की पेयजल व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। इस संबंध में इंटक के जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन देकर नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि कॉलोनी में लंबे समय से पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो रही है। अब स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि पिछले कई दिनों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बंद है। इसके चलते कर्मचारियों व उनके परिवारों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने सवाल उठाया कि जब कॉलोनी के नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है तो हजारों रुपए के पानी के बिल आखिर किस आधार पर वसूले जा रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से दो वर्षों से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान करवाने व नियमित जलापूर्ति शुरू करवाने की मांग की। इस संबंध में शर्मा ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता से दूरभाष पर बातचीत कर कॉलोनी में पेयजल संकट की गंभीर स्थिति के बारे में बताया। इस पर दोनों अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल कनिष्ठ अभियंता को कॉलोनी में भेजकर पेयजल व्यवस्था करवाई।



बच्चों के मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य पर रहेगा फोकस

'खुशीशाला-खुद की खोज' प्रशिक्षण शुरू

सीमा सन्देश#अनूपगढ़



शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर के तत्वावधान में तीन दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण 'खुशीशाला- खुद की खोज' का शुभारंभ शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, अनूपगढ़ में हुआ। 21 नवंबर तक चलने वाले प्रशिक्षण का उद्घाटन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार जांगिड़ ने किया। उन्होंने शिक्षकों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान और गतिविधियों का विद्यार्थियों के हित में उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ उनके मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रशिक्षण में ब्लॉक के प्रत्येक पीईईओ/यूसीईईओ क्षेत्र से कक्षा 1 से 5 तक पढ़ाने वाले एक शिक्षक को शामिल किया गया है। इसके तहत शिक्षकों को बच्चों की भावनाओं को समझने, आत्म-अन्वेषण, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और सामाजिक व्यवहार से जुड़ी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही विद्यालय में खुशहाल एवं सुरक्षित वातावरण विकसित करने के कौशल भी सिखाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण में स्टेट रिसोर्स ग्रुप सदस्य एवं अध्यापक रामेश्वर लाल सहारण सहयोग कर रहे हैं। डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अजमत रेजा के समन्वय तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के संदर्भ व्यक्ति सुखदेव सिंह और विद्यालय के प्राचार्य हेमंत गोयल के सहयोग से प्रशिक्षण का संचालन किया जा रहा है।

शिक्षा | युवा पीढ़ी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं : शिक्षाविद् भाटिया

पुस्तक मेले में 42000 विद्यार्थियों ने किया अवलोकन

सीमा सन्देश# सूरतगढ़



सूरतगढ़ पीजी महाविद्यालय व सूरतगढ़ बीएड कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय ज्ञान-विज्ञान व पुस्तक मेले के दूसरे दिन विद्यार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के करीब 4200 विद्यार्थियों ने मेले में पहुंचकर विज्ञान मॉडल, आकर्षक कलाकृतियों, चार्ट व विभिन्न नवाचारों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता व वैज्ञानिक सोच से सजी प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़ के मुख्य आतिथ्य व भारत विकास परिषद के संरक्षक डॉ. के.एल. बंसल की अध्यक्षता में हुआ। अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद के शाखा संस्थापक डॉ. घनश्याम शर्मा, अध्यक्ष आसकरण सोनी, रमेश आसवानी, अंकुर लडोईया, पवन मुंजाल, राजेश सोडा, डॉ. हर्ष भारती, प्रेम, पार्षद कृष्ण छींपा, नरेंद्र कालड़ा, कृष्ण गोपाल, रेखा धुवा, नीरू मुंजाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. इंद्र चुघ, बीसीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. शैलेश सिंह, एपेक्स हास्पीटल के प्रबंध निदेशक डॉ. अरविंद बंसल, मानव सेवा समिति के अध्यक्ष पृथ्वीराज जाखड़, टेगौर कालेज के निदेशक डॉ. सचिन जेतली, एडवोकेट अजय जैन, शशि मूंदड़ा, अंकिता मूंदड़ा, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ललित सिडाना, डॉ. कमलजीत सिंह, राठी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. संजीव मदान, चंद्र किशोर, शार्दुल कौशिक, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष पवन ओझा, पूर्व पार्षद अशोक सेतिया, परमजीत सिंह, नंदकिशोर गोयल, इंद्रा भादू, मां दुर्गा चिंतपूर्णी महाकाली मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोहर लाल कवातड़ा, देवचंद दैया, डॉ. सुनील ठकराल, नवीन, पीतांबर दत्त शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भाटिया आश्रम के शिक्षाविद् प्रवीण भाटिया ने कहा कि मेले में प्रदर्शित कलाकृतियां, विज्ञान मॉडल व नवाचार इस बात का प्रमाण हैं कि युवा पीढ़ी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण व नवाचार की क्षमता से भविष्य के भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान: समारोह के दौरान महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में सूरतगढ़ बीएड कॉलेज व पीजी महाविद्यालय के कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा तहसील स्तर पर विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अंत में महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजकुमार गर्ग, सचिव वरुण गर्ग, जयकृष्ण अरोड़ा, प्राचार्य डॉ. नारायण चंद छींपा, डॉ. विवेक शर्मा व डॉ. ममता गर्ग ने अतिथियों का आभार जताते हुए प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष राहुल सहारण, मुकेश कड़वासरा, दिनेश पूनिया, प्रदीप कौशिक आदि भी उपस्थित रहे।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ I, K. EZHILVATHANI Spouse of No.15204504F Rank-BHM(GNR) KARTHIK G have changed my name from K. EZHILVATHANI to EZHILVATHANI S vide affidavit dated-19/11/2026 before Bikaner Court

■ I, THIYANESHWARAN Son of No.JC289045W Rank-SUB (DVRMT) VENKATACHALAM S have changed my name from THIYANESHWARAN to THIYANESHWARAN V vide affidavit dated-19/11/2026 before Bikaner Court

■ I, V KAUSALYA Daughter of No.JC289045W Rank-SUB (DVRMT) VENKATACHALAM S have changed my name from V KAUSALYA to KAUSALYA V vide affidavit dated-19/11/2026 before Bikaner Court

■ I, M PRABAVATHI Spouse of No.JC289045W Rank-SUB (DVRMT) VENKATACHALAM S have changed my name from M PRABAVATHI to PRABAVATHI VENKATACHALAM vide affidavit dated-19/11/2026 before Bikaner Court

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144-32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ग्लोबल न्यूज

चीनी रेनियम पाउडर वाले खुलासे के बीच जानें कैसे करें सोने में मिलावट की जांच?



एक रिपोर्ट में चीन से रेनियम पाउडर मंगवाकर उसे सोने में मिलाकर धांधली करने की बात सामने आई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, सोने की शुद्धता जांचने के लिए पारंपरिक ऐसिड टेस्ट/टचस्टोन टेस्ट पर्याप्त नहीं हो सकता बल्कि विस्तृत एक्स-रे फ्लोरेसेंस एनालिसिस और इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी जैसी आधुनिक तकनीकों से सोने में मिलावट की पहचान कर सकते हैं।

सेफ्टी टेस्ट में चैटजीपीटी, ग्रोक और जेमिनाई फेल, बताने लगे बड़े आतंकी हमलों की प्लानिंग



अमेरिकी सरकार के एक वॉचडॉग के टेस्ट में सामने आया कि चैटजीपीटी, क्लाउड, जेमिनाई और ग्रोक जैसे अकचैटबॉट्स ने बड़े आतंकी हमले करने और बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान पहुंचाने की योजनाएं बताईं। टेस्ट के दौरान 12 घंटे के भीतर ये चैटबॉट्स खतरनाक अनुरोधों को ठुकराने से हमले के निर्देश देने की स्थिति में पहुंच गए।

'सैंडपेपरगेट' विवाद पर नासिर बोले- अपराध नहीं, उसे छिपाना आपको फंसाता है



ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर कैमरन बैनक्रॉफ्ट के 2018 के सैंडपेपरगेट विवाद पर चुप्पी तोड़ने और टीम को गेंद पर सैंडपेपर के इस्तेमाल की जानकारी होने का आरोप लगाने के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा, मुझे लगता है कि इससे पैट कमिंस बेहद मुश्किल स्थिति में आ गए हैं। उन्होंने कहा, अक्सर अपराध नहीं, उसे छिपाना आपको फंसाता है।

भारत में तेल बेचने की रेस: टॉप पर रूस, UAE को पछाड़कर सऊदी अरब बना नंबर-2



भारत को कच्चा तेल बेचने के मामले में अक्टूबर में रूस पहले स्थान पर रहा जबकि सऊदी अरब ने वअए को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया। सऊदी अरब से आयात बढ़कर 7.90 लाख बैरल प्रतिदिन पहुंच गया जबकि UAE से खरीद घटकर 6.12 लाख बैरल रह गई। वहीं, रूस से आयात 18.5 लाख बैरल प्रतिदिन रहा।

आमिर खान ने लीज पर दिए 3 अपार्टमेंट, मिलेगा हर महीना 38 लाख किराया



अभिनेता आमिर खान ने मुंबई के सांताक्रूज (वेस्ट) स्थित 3 लग्जरी अपार्टमेंट 4 साल के लिए लीज पर दिए हैं। सीजन्स एवेन्यूज प्रॉपर्टीज के साथ हुए एग्रीमेंट के तहत उन्हें 38 लाख प्रति महीना किराया मिलेगा। एग्रीमेंट 1 जनवरी 2027 से 31 दिसंबर 2030 तक है, किराए में सालाना 5% बढ़ोतरी होगी।

'खास' लोगों को कर्ज.बांटकर डूब गया इस देश का बैंक, 30 लाख लोग हुए 'कंगाल'



पराग्वे का वठड बैंक नेताओं से जुड़े लोगों और कंपनियों को अंधाधुंध कर्ज. बांटने के कारण डूब गया जिससे 30-लाख से ज्यादा ग्राहकों की जमा पूंजी संकट में पड़ गई। आरोप है कि बैंक ने कमजोर कंपनियों को बिना पर्याप्त मंजूरी के लोन दिए और अपनी खराब वित्तीय स्थिति छिपाई। मामले में तत्कालीन राष्ट्रपति और सेंट्रल बैंक प्रमुख को इस्तीफा देना पड़ा।

इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट करने के बाद भी कर सकेंगे एडिट, मेटा ने शुरू किया नया फीचर



मेटा ने इंस्टाग्राम पर नया फीचर लॉन्च किया है, जिससे यूजर्स स्टोरी पोस्ट करने के बाद 15 मिनट तक कैप्शन और म्यूजिक एडिट कर सकेंगे। स्टोरी डिलीट किए बिना बदलाव होगा और व्यूज, लाइक्स सुरक्षित रहेंगे। एडिट की गई स्टोरी पर 'Edited' लेबल दिखेगा। यह सुविधा धीरे-धीरे सभी यूजर्स तक पहुंचाई जा रही है।

SEPECAT जगुआर (शमशेर) / खराब रनवे से उड़ान

इसके मजबूत लैंडिंग गियर इसे अस्थायी, कच्चे या क्षतिग्रस्त रनवे से भी टेक-ऑफ और लैंडिंग करने में सक्षम बनाते हैं।

भारतीय वायु सेना में 'शमशेर' (Shamsher) के नाम से प्रसिद्ध SEPECAT जगुआर एक द्विन-इंजन ग्राउंड-अटैक लड़ाकू विमान है। इसे ब्रिटेन (BAC) और फ्रांस (Breguet) ने मिलकर विकसित किया था और 1979 में इसे भारतीय वायु सेना के बेड़े में शामिल किया गया।

डीप पेनिट्रेशन स्ट्राइक
यह जमीन या समुद्र की सतह से बेहद कम ऊंचाई पर तेज गति से उड़ान भरते हुए दुश्मन के रडार से बचकर उनकी सीमा के अंदर बंकरों, एयरबेस और सैन्य ठिकानों को सटीक रूप से तबाह करने में माहिर है।



इंजन- दो एडोर इंजन

डीप स्ट्राइक और लो-लेवल फ्लाइंग
रडार से बचते हुए जमीन से बेहद कम ऊंचाई पर दुश्मन की सीमा में गहराई तक घुसकर एयरबेस, बंकर और युद्धपोत तबाह करने में सक्षम।

अधिकतम टेक-ऑफ वजन: 15,700 किलोग्राम

लंबाई- 16.83 मीटर
विंगस्पैन- 8.69 मी.

अधिकतम गति
1,700 किमी/घंटा (Mach 1.6)

मारक रेंज
1,900 किमी (3,500 किमी तक)

अधिकतम ऊंचाई
: 46,000 फीट (14,000 मीटर)

हथियार क्षमता
4,500 किलोग्राम

जामनगर वायु सेना स्टेशन (गुजरात) में वार्षिक संयुक्त मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभ्यास 'सहायता सेतु 2026' के अंतर्गत अपनी क्षमता का प्रदर्शन करता भारतीय वायु सेना का जगुआर विमान।

टेस्ट • पहले दिन स्टंप तक न्यूजीलैंड ने 80 ओवर में पांच विकेट पर बनाएं 243 रन


बुमराह ने दिए झटके; फिर निकोल्स व फिलिप्स ने न्यूजीलैंड टीम को संभाला

वेलिंग्टन (वार्ता)।

बेसिन रिजर्व की हरी-भरी पिच पर पहले दिन शुरूआती झटकों से उबरते हुए न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। एक समय 70 रन पर पांच विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही कीवी टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 82 ओवर में पांच विकेट पर 243 रन बना लिए।

निकोल्स का शतक, फिलिप्स करीब पहुंचे

न्यूजीलैंड की इस शानदार वापसी का श्रेय हेनरी निकोल्स और ग्लेन फिलिप्स के बीच छठे विकेट के लिए हुई 173 रनों की नाबाद साझेदारी को जाता है। धूप निकलने के बाद आसान हुई पिच पर निकोल्स ने संयम के साथ खेलते हुए नाबाद 113 रन बनाए, जो इस मैदान पर उनका पांचवां टेस्ट शतक है। वहीं, आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए फिलिप्स 94 रन बनाकर नाबाद हैं और अपने टेस्ट करियर के 1,000 रन भी पूरे कर चुके हैं।



हेनरी निकोल्स

बुमराह की घातक गेंदबाजी, अन्य गेंदबाज बेअसर

इससे पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 15 मिमी घास वाली पिच पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जसप्रीत बुमराह (3/52) ने पहले ही ओवर में टॉम लैथम को बोल्ड कर भारत को शानदार शुरूआत दिलाई। अंशुल कंबोज ने डेवोन कॉनवे और आकाश दीप ने रचिन रवींद्र को पवेलियन भेजा। बुमराह ने इसके बाद डेरिल मिशेल और टॉम ब्लंडेल को आउट कर स्कोर 70/5 कर दिया।

अनुभव की कमी और छूटे कैच पड़े भारी
हालांकि, बुमराह के स्पेल खत्म होते ही भारत का आक्रमण कमजोर पड़ गया। मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा की गैरमौजूदगी में प्रसिद्ध कृष्णा, कंबोज और आकाश दीप पुरानी गेंद से दबाव बनाने में नाकाम रहे। फील्डिंग में भी चूक देखने को मिली, जब 102 के निजी स्कोर पर निकोल्स का आसान कैच देवदत्त पडिक्कल और ऋषभ पंत के बीच तालमेल की कमी से छूट गया।

जोहानसबर्ग टेस्ट • दूसरी पारी में पांचवें दिन दक्षिण अफ्रीका टीम को 12 रन का टारगेट मिला

द. अफ्रीका ने बांग्लादेश टीम को 9 विकेट से रौंदा



जोहानसबर्ग (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन गुरुवार को बांग्लादेश को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ मेजबान टीम ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

हार्मर और रबाडा की घातक गेंदबाजी : पहली पारी में 157 रनों की निर्णायक बढ़त लेने के बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने बांग्लादेश को दूसरी पारी में 168 रनों पर समेट दिया। चौथे दिन के स्कोर 87/5 से आगे खेलते हुए बांग्लादेश की टीम आज टिक नहीं सकी। स्पिनर साइमन हार्मर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 51 रन देकर छह विकेट झटके, जबकि कगिसो रबाडा ने 48 रन पर तीन विकेट लिए।

आसान लक्ष्य और रबाडा का ऑलराउंड प्रदर्शन : जीत के लिए मिले मात्र 12 रनों के लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीका ने एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी में तौहीद हृदय और लिटन दास ने शतक जड़कर टीम को संभाला था, लेकिन रयान रिकेल्टन और रबाडा की साझेदारी ने मैच दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में मोड़ दिया। मैच में कुल आठ विकेट (5/70 व 3/48) और 72 रनों की पारी खेलने वाले कगिसो रबाडा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

भारत की विजयी शुरूआत, मलेशिया को दी मात; डेब्यू मैच में छाई पूजा साहू

नई दिल्ली। तीन बार की एशियन चैंपियन भारतीय महिला हॉकी टीम ने भोपाल में मलेशिया के खिलाफ मुकाबले में 4-1 से जीत हासिल की। महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में भारत ने अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया है। मलेशियाई टीम ने पहले हाफ में शानदार खेल दिखाया और भारत की नाक में दम कर दिया। सलीमा टेटे की कप्तानी वाली टीम के लिए चिंता उस समय बढ़ गई, जब मलेशिया ने दूसरे क्वार्टर में मुकाबले का पहला गोल दागकर मैच में बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, इसके बाद भारत ने जबरदस्त पलटवार किया और मुकाबले पर शिकंजा कस दिया। पहले हाफ में मलेशियाई टीम ने शानदार खेल दिखाया। टीम इंडिया को पहले क्वार्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन मलेशियाई टीम ने भारत को गोल नहीं करने दिया। नूरमिराह जुल्किफली ने मलेशिया के लिए 20वें मिनट में गोल दागा और अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी।

टेम्बा बावुमा ने पहले 16 टेस्टों में 14 जीत के साथ टेस्ट कप्तानी का बनाया रिकॉर्ड



जोहान्सबर्ग (वार्ता) दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टेस्ट क्रिकेट में एक नया बेंचमार्क बनाया है, वे अपने पहले 16 मैचों में जीत के मामले में इस फॉर्मेट के सबसे सफल कप्तान बन गए हैं, जिसमें उनकी टीम ने यहां बांग्लादेश पर शुरूआती टेस्ट में नौ विकेट से शानदार जीत हासिल की। बावुमा ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान लिंडसे हैसेट को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने कप्तान के तौर पर अपने पहले 16 टेस्ट में 13 जीत दर्ज की थीं। ऑस्ट्रेलिया के बिल वुडफुल, स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग, साथ ही इंग्लैंड के बेन स्टोक्स, 11-11 जीत के साथ लिस्ट में अगले नंबर पर हैं। वांडरर्स में मिली हालिया जीत ने टेस्ट क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के शानदार प्रदर्शन को भी आगे बढ़ाया है। प्रोटियाज ने अब अपने पिछले 18 टेस्ट में से 16 जीते हैं और इस फॉर्मेट में टॉप टीमों में अपनी जगह मजबूत कर ली है।

जोरावर-परमीत ने 69वीं एनएससीसी में जीते यूथ स्कीट स्वर्ण

नई दिल्ली (वार्ता)। पंजाब के जोरावर सिंह बेदी (119 अंक) और परमीत कौर (110 अंक) ने 69वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में क्रमशः यूथ पुरुष व महिला स्कीट के स्वर्ण पदक जीते। सीनियर मास्टर वर्ग में तेलंगाना के गुस्ती नोरिया और सुपर मास्टर में दिल्ली के परमजीत सोढ़ी विजेता बने।

दानिल डुबोव ने जीता चेस टूर्नामेंट

यरुशलम। रूस के ग्रैंडमास्टर दानिल डुबोव ने नौ में से आठ अंक बनाकर यरुशलम ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट जीत लिया। उन्होंने टाईब्रेक में सर्बिया के एलेक्सी सराना को पछाड़कर यरुशलम मास्टर्स में जगह बनाई, जहां भारत के अर्जुन एरिगैसी भी चुनौती पेश करेंगे। यूक्रेन के रुस्लान पोनोमारियोव तीसरे स्थान पर रहे।

मलेशिया ने भारतीयों को दिया बड़ा झटका, खत्म की वीजा-फ्री एंट्री

मलेशिया 1 जनवरी 2027 से भारतीय नागरिकों के लिए वीजा-फ्री एंट्री की सुविधा खत्म करेगा। वहां जाने वाले भारतीयों को यात्रा से पहले वैध वीजा लेना होगा और वीजा के लिए आवेदन 1 दिसंबर 2026 से MyVISA पोर्टल पर किए जा सकेंगे। वीजा आवेदन का नतीजा चाहे जो भी हो प्रोसेसिंग फीस वापस नहीं की जाएगी।

रावलपिंडी मैच • कुसल मेंडिस, सोनल दिनुशा और मिलन ने अर्द्धशतक बनाएं


दूसरा टेस्ट; श्रीलंका टीम मुश्किल में

रावलपिंडी (वार्ता)

कुसल मेंडिस (53), सोनल दिनुशा (54) और मिलन रत्नायके (नाबाद 60) के संघर्षपूर्ण अर्धशतकों से श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में गुरूवार को नौ विकेट पर 309 रन बना लिए हैं और उनके पास 82 रन की बढ़त हो गयी है। पाकिस्तान को अब मैच में जीत की सुगंध आने लगी है। श्रीलंका के 82 रन से आगे होने के साथ स्टंप्स की घोषणा हो चुकी है। मेहमान टीम ने अच्छा खेला, लेकिन यह अभी भी पाकिस्तान को जीत से दूर रखने के लिए काफी नहीं है। उन्होंने पहले सेशन में धनंजय डीसिल्वा और पसिंदू सोरियाबंदारा को खो दिया और ऐसा लग रहा था कि वे बुरी तरह हार जाएंगे, लेकिन कुसल मेंडिस, सोनल दिनुशा और मिलन रत्नायके सभी ने कड़ी टक्कर दी - सभी ने फिफ्टी बनाई, लेकिन पहले दो माइलस्टोन के तुरंत बाद आउट हो गए। मिलन रत्नायके हालांकि डटे रहे और अगर श्रीलंका को इस लीड को 100 से आगे बढ़ाना है तो वह अहम हैं। हालांकि मेहमान टीम आज जिस तरह से लड़ी है, उस पर गर्व कर सकती है, लेकिन वे कुछ आसान आउट होने से भी परेशान होंगे, जिससे वे और भी बड़ी लीड हासिल करने से चूक गए। साकिब खान की गैरमौजूदगी में पाकिस्तान ने कड़ी मेहनत की - आमिर जमाल ने तीन विकेट लिए जबकि मोहम्मद अब्बास ने दो विकेट लिए।



SUCCESS PICTURES



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 20 नवम्बर 2026

सड़कें चलने के लिए होती हैं, गुंडागर्दी के लिए नहीं। इन पर अब फिर से गर्मी चढ़ रही है, लेकिन यूपी में गुंडागर्दी कतई नहीं चलेगी।

– आदित्यनाथ योगी

14 दिसंबर तक मांगी रिपोर्ट; जनहित याचिका वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष सहगल सहित 14 लोगों ने दायर की

गंगनहर में दूषित पानी के प्रवाह पर हाईकोर्ट सख्त: सरकार व केंद्रीय एजेंसियों को नोटिस



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर मुख्यपीठ ने गंगनहर और बीकानेर कैनाल में प्रदूषित तथा औद्योगिक कचरे युक्त पानी के अवैध व मनमाने प्रवाह से जुड़े गंभीर मामले में सख्त रुख अपनाया है। याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) को तथ्यों की सत्यता जांचने और तत्काल प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मामले में संबंधित विभागों व केंद्रीय एजेंसियों को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई 14 दिसंबर तय की गई है।



सीमा सन्देश के 15 मई 2026 के अंक में प्रकाशित समाचार, सीमा सन्देश लगातार अभियान के रूप में दूषित पानी के खिलाफ समाचार प्रकाशित कर रहा है ताकि राज्य व केन्द्र की सरकारें जागें।



20 मई 2026 को सैंकड़ों की संख्या मृत मुर्गियों से भरे थैले आये जिन्हें किसान नेता अमरसिंह बिश्नोई निकालते हुए।

उठाया गया जीवन और आजीविका का मुद्दा

यह जनहित याचिका वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष सहगल सहित श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ क्षेत्रों के 14 याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर की गई है। याचिका में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 और 227 के तहत हस्तक्षेप की मांग करते हुए अनुच्छेद 14 और 21 के तहत नागरिकों के समानता व जीवन के अधिकार के संरक्षण का मुद्दा उठाया गया। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, गंगनहर और बीकानेर कैनाल में प्रदूषित पानी तथा औद्योगिक कचरा प्रवेश करने से पेयजल, सिंचाई के पानी की गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है।

खंडपीठ के स्पष्ट निर्देश : मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति विनीत माथुर और न्यायमूर्ति संदीप शाह की खंडपीठ के समक्ष हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विजय अग्रवाल ने पैरवी की, जबकि राज्य पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश पंवार (सहायक आयुष गहलोत) उपस्थित रहे।

खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान निम्न प्रमुख निर्देश दिए

तथ्यों की जांच व रिपोर्ट: अतिरिक्त महाधिवक्ता को याचिका में प्रस्तुत तथ्यों की सत्यता के संबंध में रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। तत्काल रोकथाम के उपाय: यदि याचिका में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील बनाकर नहर में प्रदूषित औद्योगिक पानी और अन्य खतरनाक कचरे के प्रवेश को रोकने के लिए तत्काल व अत्यावश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। आगामी पेशी पर उठाए गए कदमों की रिपोर्ट दाखिल करनी होगी।

नोटिस जारी: प्रतिवादी संख्या 1 से 5 की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता ने नोटिस स्वीकार किया। वहीं प्रतिवादी संख्या 6 से 8 को नोटिस जारी किए गए हैं, जिनकी वापसी तिथि 14 दिसंबर नियत की गई है।

याचिका में ये बनाए गए हैं पक्षकार

याचिका में राज्य के जल संसाधन विभाग, सिंचाई और केंद्रीय जल आयोग से जुड़े अधिकारियों व संस्थाओं को प्रतिवादी बनाया गया है, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं:

- राज्य सरकार (प्रमुख सचिव, जल संसाधन विभाग, जयपुर)
- अतिरिक्त मुख्य अभियंता (गुणवत्ता नियंत्रण एवं विनियमन), इंदिरा गांधी नहर परियोजना, बीकानेर
- मुख्य अभियंता, जल संसाधन (उत्तर), हनुमानगढ़
- जिला कलक्टर, श्रीगंगानगर
- अधीक्षण अभियंता, सिंचाई वृत्त (गंग कैनाल), श्रीगंगानगर
- अधीक्षण अभियंता, फिरोजपुर सिंचाई वृत्त, फिरोजपुर
- केंद्रीय सिंचाई एवं विद्युत मंडल , चाणक्यपुरी, नई दिल्ली
- केंद्रीय जल आयोग , आर.के. पुरम, नई दिल्ली को नोटिस जारी किया गया है।

क्षेत्रवासियों को राहत की उम्मीद

श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के किसानों व आम नागरिकों के लिए गंगनहर और संबंधित नहर प्रणालियों का पानी खेती और पीने के लिए बेहद अहम है। हाईकोर्ट के ताजा आदेश और तय समयसीमा में रिपोर्ट तलब किए जाने से क्षेत्र के लोगों में स्वच्छ जल और सिंचाई व्यवस्था को लेकर सकारात्मक उम्मीद जगी है। अब सभी की निगाहें 14 दिसंबर को होने वाली अगली सुनवाई और प्रशासन की रिपोर्ट पर टिकी हैं। जनहित याचिका दायर करने वालों में किसान नेता गुरबलपालसिंह संधु, अमरसिंह बिश्नोई साधुवाली शामिल है।

ब्रिटेन में पढ़ाई का सपना होगा साकार, वीजा मास्टर्स इंडिया ने शुरू की विशेष सुविधा

यूके में उच्च शिक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों को मिलेगी एडमिशन और वीजा प्रक्रिया में मदद

VISA MASTERS INDIA

श्रीगंगानगर



विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने और ब्रिटेन की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटियों में पढ़ाई करने का सपना देख रहे विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। श्रीगंगानगर स्थित वीजा मास्टर्स इंडिया संस्थान की ओर से यूके में अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं सहायता सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। संस्थान के अनुसार, विद्यार्थियों को यूके में उच्च शिक्षा के लिए एडमिशन प्रक्रिया, वीजा संबंधी मार्गदर्शन और इंटरव्यू की तैयारी में सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही फास्ट प्रोसेसिंग की सुविधा तथा आइलेट्स/पीटीई के बिना भी उपलब्ध संभावित अध्ययन विकल्पों के संबंध में उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी संस्थान से जानकारी ले सकते हैं।

विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी मिलेगी

संस्थान की ओर से अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी। यूके में पढ़ाई की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को आइलेट्स/पीटीई की मुफ्त कोचिंग देने की सुविधा भी है। आज के दौर में विदेश में पढ़ाई युवाओं के लिए बेहतर शैक्षणिक अवसरों और अंतरराष्ट्रीय अनुभव का माध्यम बन रही है। ऐसे में सही कोर्स का चयन, विश्वविद्यालय में प्रवेश, दस्तावेजों की तैयारी और वीजा प्रक्रिया की जानकारी विद्यार्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वीजा मास्टर्स इंडिया की यह पहल विदेश में शिक्षा प्राप्त करने की योजना बना रहे युवाओं के लिए उपयोगी साबित हो सकती है।

सम्पर्क करें :
वीजा मास्टर्स इंडिया
6 पी-ब्लॉक, शू बैंक के ऊपर, फर्स्ट फ्लोर, राधेश्याम रोड, श्रीगंगानगर
+91 93511-88888

राहुल विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विदेशी मंचों से दिए गए बयानों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत के लोकतंत्र, संवैधानिक संस्थाओं व अर्थव्यवस्था को लेकर विदेशों में झूठे और निराधार दावे कर देश की छवि खराब कर रहे हैं। रिजिजू ने शिकागो विश्वविद्यालय में राहुल गांधी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, नेता प्रतिपक्ष जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को विदेश में भारत के खिलाफ बयान देने से पहले जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

भाखड़ा नहर पर लोहे का पुल टूटा, दो ट्रक फंसे

पटियाला। पंजाब के पटियाला-संगरूर बाईपास पर पसियाना गांव के पास भाखड़ा नहर पर बना लोहे का पुल अचानक ढह गया। हादसा तड़के उस समय हुआ जब पुल से दो ट्रक गुजर रहे थे। पुल का हिस्सा टूटने से दोनों ट्रक फंसे गए और इनमें से एक ट्रक में आग लग गई।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। पुलिस ने भी पहुंचकर स्थिति संभाली और प्रभावित हिस्से पर यातायात को नियंत्रित किया।

ट्रक चालक सुखविंदर सिंह ने बताया कि आगे वाला वाहन गिरने पर उन्होंने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे उनके पैर में चोट आई; उन्होंने यह भी कहा कि पहले पुल में कंपन महसूस होने की बात स्थानीय लोग कह रहे थे। गनीमत रही कि हादसे में किसी जनहानि की सूचना नहीं है।



स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2021-2023 फोन : 2466402/03, मो. 97833-85185, विज्ञापन विभाग : 2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528